डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
बुधवार
07.12.2022
मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 14
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
वर्ष-29 अंक-53 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**
जीवन में एक बात सदैव याद रखियेगा कि गलती उन्हीं से होती है जो प्रयास करते हैं। जो लोग बैठ कर बातें बनाते हैं सिर्फ वही लोग असफल नहीं होते।

## न्यूज गैलरी

### चार जिलाध्यक्ष बदले गये

**गढ़वा।** कांग्रेस ने झारखंड के चार जिला अध्यक्ष को बदल दिया है। इसके तहत गढ़वा, रामगढ़, कोडरमा और साहिबगंज के जिलाध्यक्ष को बदल दिया है। गढ़वा में श्रीकांत तिवारी की जगह अब्दुल्ला हक अंसारी, रामगढ़ में शांतनु मिश्रा की जगह मुन्ना पासवान को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, कोडरमा में नारायण वर्णवाल की जगह भागरीथ पासवान और साहिबगंज में अनिल कुमार ओझा की जगह बरकतुल्ला खान को जिलाध्यक्ष बनाया गया है।

### झारखंड में अगले 24 घंटे में बढ़ेगी ठंड

**रांची।** रांची समेत पूरे राज्य में अब सर्दी सितमगार साबित होनेवाली है। मौसम विभाग के मुताबिक, राजधानी रांची समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में अगले 24 घंटों के दौरान ठंड बढ़ने की संभावना जाहिर की गयी है। रात में सर्द तो बढ़ेगी ही, लेकिन अब दिन के दोपहर में भी आपको सर्द हवाओं के झोंकों से सामना करना पड़ेगा। मौसम को लेकर खबर यह भी है कि राजधानी के अलावे आसपास के इलाकों में ठिठुरन भरी ठंड बढ़ सकती है। इधर, मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा है कि अगले दो से तीन दिनों के बाद ठंड से थोड़ी राहत मिलने की संभावना है, लेकिन राज्य में आनेवाले दिन काफी सर्द होंगे। जिससे राज्य के कई हिस्सों में तापमान और गिरेगा, सुबह में कोहरा और दिन में आसमान साफ रहेगा। बता दें कि बीते दिन रांची का अधिकतम तापमान 24.8 डिग्री, न्यूनतम 12.1 डिग्री, जमशेदपुर का अधिकतम 28.3 डिग्री और न्यूनतम 14.2 डिग्री और डालटनगंज का अधिकतम 27.4 डिग्री और न्यूनतम 9.3 डिग्री रिकॉर्ड दर्ज किया गया है। वहीं, अगले चार से पांच दिनों तक अधिकतम तापमान 24 से 25 डिग्री और न्यूनतम 9 से 11 डिग्री के बीच रहने की संभावना है।

### कोयला आधारित बिजली उत्पादन में 16.28 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में नवम्बर 2021 में कुल कोयला उत्पादन 67.94 मिलियन टन हुआ था। इसकी तुलना में नवम्बर 2022 में कुल उत्पादन बढ़कर 75.87 मिलियन टन हुआ। इस प्रकार कुल कोयला उत्पादन में 11.66 प्रतिशत की वृद्धि दर्जी की गयी। कोयला मंत्रालय के अद्यतन आंकड़ों के हिसाब से नवम्बर 2022 के दौरान कोल इंडिया लिमिटेड ने 12.82 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की, जबकि सिंगारेनी कोलरीज कंपनी लिमिटेड तथा कंपनी के स्वामित्व वाली खानों/अन्य पंजीकृत खानों में कोयला उत्पादन में क्रमशः 7.8 प्रतिशत व 6.87 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कोयला उत्पादन के मद्देनजर सर्वोच्च 37 खानों में से लगभग 24 खानों में 100 प्रतिशत से अधिक का उत्पादन हुआ तथा पांच खानों का उत्पादन 80 से 100 प्रतिशत के मध्य रहा। बिजली उपयोगिता में पिछले वर्ष नवम्बर माह के 60.20 मिलियन टन की तुलना में नवम्बर, 2022 में 62.34 मिलियन टन की वृद्धि देखी गयी। इस तरह इस मद में 3.55 प्रतिशत का इजाफा हुआ। कोयला आधारित बिजली उत्पादन में नवम्बर 2021 की तुलना में नवम्बर 2022 में 16.28 प्रतिशत की वृद्धि हुई। नवम्बर 2021 की तुलना में नवम्बर 2022 में समग्र बिजली उत्पादन 14.63 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गयी।

### जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा को लेकर गृह मंत्रालय की अहम बैठक, ड्रोन घुसपैठ पर भी हुई चर्चा

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान द्वारा सीमा पार से भेजे जा रहे ड्रोन के जरिये ड्रग्स और हथियार की तस्करी समेत जम्मू-कश्मीर के सुरक्षा हालात पर मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्रालय में एक उच्चस्तरीय बैठक हुई। केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला की अध्यक्षता में हो रही इस बैठक में केंद्र शासित प्रदेश के आला अधिकारी सहित सुरक्षा एजेंसियों के बड़े अधिकारी भी शामिल हुए। बैठक हाइब्रिड मोड में की गयी। जानकारी के मुताबिक इस अहम बैठक में जम्मू कश्मीर के मुख्य सचिव अरुण मेहता, पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह, इंटेलिजेंस ब्यूरो और रॉ के आला अधिकारी, अर्धसैनिक बलों के प्रमुख और केंद्रीय गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे। सूत्रों के मुताबिक इस बैठक में जम्मू कश्मीर में विकास परियोजनाओं की समीक्षा के साथ-साथ केंद्र शासित प्रदेश के सुरक्षा हालातों की भी समीक्षा की गयी है।

---

मुख्यमंत्री ने झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड की कार्य प्रगति की अद्यतन समीक्षा की

# राज्य की जनता को बिजली मुहैया कराना मेरी प्राथमिकता : सीएम

## हाईटेंशन उपभोक्ताओं की बिजली बिल की मॉनिटरिंग करें

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड मंत्रालय में

- हर हाल में बिजली कटौती पर लगायें रोक
- जेबीवीएनएल को पीएफसी से 750 करोड़ रुपये ऋण उपलब्ध करायेगी राज्य सरकार
- बिजली बिल कलेक्शन सिस्टम को करें दुरुस्त : हेमंत

मंगलवार को झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के कार्यों की अद्यतन समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव अविनाश कुमार, वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, झारखंड ऊर्जा संचरण निगम के प्रबंध निदेशक केके वर्मा सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य में बिजली कटौती पर हर हाल में रोक लगायी जाये। बिजली कटौती को रोकने के लिए हर जरूरी उपाय करें। राज्य की जनता को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से शेष पृष्ठ 11 पर




मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बिजली बिल वसूली के लिए हाईटेंशन उपभोक्ता के मीटर में कम्युनिकेशन एक्यूपमेंट लगाकर बिजली खपत की निरंतर मॉनिटरिंग करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि उपभोक्ताओं से शत-प्रतिशत बिजली बिल वसूली सुनिश्चित करें। एचटी उपभोक्ताओं पर बिजली बिल बकाया न रहे यह आपकी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने सभी टेलीकॉम टावर पर बिजली बिल का समय पर विपत्रिकरण प्रक्रिया पूरी कर बिजली बिल वसूल करें। मुख्यमंत्री ने स्मार्ट मीटर कार्य को तेज गति से करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाया जाना सुनिश्चित की जाये।

---

# बैंकों के साथ समन्वय स्थापित कर पात्र किसानों को ऋण माफी योजना का लाभ दें : हेमंत




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में मंगलवार को झारखंड कृषि ऋण माफी योजना की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि जेकेआरएमवाई के तहत राज्य में 9 लाख 7 हजार 753 पात्र किसानों का ऋण माफी किया जाना था, परंतु विभिन्न बैंकों द्वारा 9 लाख 7 हजार 753 पात्र किसानों के विरुद्ध मात्र 6 लाख 6 हजार किसानों का डाटा ही अपलोड किया जा सका है। इस पर मुख्यमंत्री ने चिंता व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बैंकों के साथ जल्द बैठक आयोजित कर कृषि ऋण माफी योजना के वंचित पात्र किसानों की ऋण माफी कार्य को गति दी जाये। किसानों के ऋण माफी से संबंधित समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करें।

**पंचायतवार डाटा बनाने का निर्देश :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि अधिकारी अभियान चलाकर पात्र किसानों का पंचायतवार डाटाबेस तैयार करायें ताकि झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के अंतर्गत उन्हें ऋण माफी का लाभ उपलब्ध कराया जा सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वैसे पात्र किसान जिनका ऋण माफी किया जा चुका है उनका डाटा पब्लिक प्लेटफॉर्म पर भी सार्वजनिक करें। बैठक में राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, कृषि सचिव अबूबकर सिद्दीक सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

---

# एसडीएम के पेशकार 30 हजार घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

## पलामू एसीबी की ओर से इस वर्ष एक दर्जन केस ट्रैप पूरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भ्रष्टाचार के खिलाफ मंगलवार को एक बार फिर पलामू एसीबी की टीम ने कार्रवाई की। इस बार एसीबी की ओर से की गई कार्रवाई में मेदनीनगर सदर एसडीएम के पेशकार अशोक कुमार को घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पेशकार 30 हजार रुपये घूस ले रहे थे। इसके साथ ही पलामू एसीबी की ओर से इस वर्ष एक दर्जन ट्रेप केस को पूरा कर दिया है। पेशकार को गिरफ्तार करने के बाद एसीबी कार्यालय लाया गया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाएगा। पलामू एसीबी की टीम ने मंगलवार की पूर्वाहन में सदर एसडीएम कार्यालय में छापामारी की। यहां से पेशकार



अशोक कुमार को घूस की राशि 30 हजार रुपये लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। एसीबी पलामू के पुलिस अधीक्षक ने जानकारी दी है कि जिले के चैनपुर प्रखंड के बोड़ी करसों निवासी मुबारक हुसैन ने 1 दिसंबर को लिखित सूचना दी कि वर्ष 2017 में सदर एसडीएम कोर्ट में जमीन संबंधित मामले में 133 सीआरपीसी का केस जलालुद्दीन अंसारी के द्वारा किया गया था। केस खारिज हो चुका है। इसके बावजूद पेशकार अशोक कुमार उन्हें बुलाकर बोले की आपका केस खारिज हो चुका है। हम लिख देंगे तो काम आपका हो जाएगा। इसके लिये साहब को 25 हजार और उसे 5 हजार बतौर घूस देने होंगे। मुबारक शेष पृष्ठ 11 पर

---

## चतरा में माओवादियों का तांडव

# सड़क निर्माण कार्य में लगे दो जेसीबी को फूंका



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** चतरा जिले के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित कुन्दा थाना क्षेत्र में एक बार फिर प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के माओवादियों ने लंबे समय के बाद अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए तांडव मचाया। थाना क्षेत्र के गारो गांव में पिछले 15 दिनों से चल रहे सड़क निर्माण कार्य मे माओवादी दस्ते ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पिंजनी से गारो गांव तक चल रहे सड़क निर्माण कार्य मे लगे दो जेसीबी को आग के हवाले कर दिया। घटना मंगलवार देर शाम की है। जेसीबी मशीन से सड़क मे मिट्टी से फ्लैक भरने का कार्य चल रहा था। बताया जाता है कि माओवादियों ने घटना को अंजाम देने से पूर्व गांव को घेर अपने कब्जे में कर लिया। इसके बाद सड़क के निर्माण में लगे जेसीबी के पास जाकर चालक के साथ मारपीट कर शेष पृष्ठ 11 पर

---

# पुलिस से लूटी गयी राइफल व भारी मात्रा में कारतूस बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिला की पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। सीआरपीएफ और जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के द्वारा हपाद जंगल से पुलिस से लुटा हुआ एक 303 रायफल, मैगजीन लगा हुआ 303 बोर का एक देशी रायफल, 303 इंच का 64 पीस जिंदा और 12 पीस मिस फायर कारतूस तथा जूता बरामद किया है। इसको लेकर बिशुनपुर थाना परिसर में गुमला अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष चंद्र लाल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर बताया कि गुमला जिले में लगातार नक्सलियों के खिलाफ में छापेमारी अभियान चलायी जा रही है। इसी क्रम में चार दिसम्बर की संध्या में पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि नक्सली संगठन भाकपा माओवादी रविन्द्र गंझू के दस्ता सदस्य इंद्रदेव खेरवार अपने एक रिश्तेदार के श्राद्ध कर्म में शामिल होने हापद गांव पहुंचा है। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक ने तत्काल सीआरपीएफ 158वीं बटालियन ई कंपनी, जोरी पिकेट के सशस्त्र बल, सैट-08 के सशस्त्र बल तथा बिशुनपुर थाना प्रभारी की संयुक्त टीम बनाकर हपाद गांव में एरिया डोमिनेशन तथा सर्च अभियान चलाया गया। छापामारी के दौरान नक्सली इंद्रदेव खरवार जंगल का फायदा उठाकर भागने लगा जिसका पीछा करते हुए छापेमारी टीम जंगल पहुंची और सर्च अभियान चला रही थी। उसी क्रम में माओवादियों के द्वारा छुपाये गये हथियार व गोली तथा अन्य सामान बरामद किया गया है।

---

## ईडी के समक्ष हाजिर नहीं हुआ सूरज, आज चंदन से होनी है पूछताछ

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के न्यायिक हिरासत में रहने के दौरान मोबाइल फोन पर बातचीत के मामले में ईडी के समन के बावजूद सूरज पंडित रांची जोनल कार्यलय में उपस्थित नहीं हुआ। ईडी ने पंकज मिश्रा के सहयोगी सूरज को समन भेज कर छह दिसम्बर को ईडी कार्यालय के समक्ष हाजिर होने को कहा था, लेकिन सूरज नहीं आया। वहीं, इस मामले में आज चंदन यादव से पूछताछ होनी है। पूर्व में ईडी की जांच में यह बात सामने आयी थी कि पंकज मिश्रा ने सूरज, चंदन व सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों के मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए तीन सौ से अधिक फोन कॉल किये। ये फोन कॉल राज्य के कई बड़े अधिकारियों, पुलिस अफसरों व राजनीतिज्ञों को किये गये थे। इस मामले में ही ईडी ने आठ दिसम्बर को साहिबगंज के एसडीपीओ राजेंद्र दूबे को भी तलब किया है। राजेंद्र दूबे से लगातार पंकज मिश्रा ने फोन पर बातचीत की थी।

---

# 24 घंटे में क्लीनचिट देने वाले डीएसपी को ईडी का समन

**मंत्री आलमगीर आलम और पंकज मिश्रा को टोल प्लाजा केस में क्लीनचिट देने का मामला**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम और मुख्यमंत्री के बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को 24 घंटे में क्लीनचिट देन वाले डीएसपी प्रमोद मिश्रा को ईडी ने समन कर दिया है। प्रमोद मिश्रा ने बरहरवा डीएसपी के पद पर पदस्थापना के दौरान महज 24 घंटे में ही हाईप्रोफाइल दोनों आरोपियों को क्लीनचिट दे दी थी। इस मामले में ईडी ने सोमवार को केस के अनुसंधान पदाधिकारी सरफुद्दीन खान से पूछताछ की थी। सरफुद्दीन खान ने ईडी को बताया था कि वह भले ही केस का जांच पदाधिकारी है, लेकिन पंकज मिश्रा व आलमगीर आलम को क्लीनचिट डीएसपी प्रमोद मिश्रा के द्वारा सुपरविजन के आधार पर दी गयी थी। वहीं, सरफुद्दीन ने बताया था कि वह ठीक से लिख नहीं सकता, ऐसे में डीएसपी ने ही उसे सारी चीजें लिखकर दी थीं।

**विवादों से रहा है गहरा नाता :** डीएसपी प्रमोद मिश्रा वर्तमान में पुलिस मुख्यालय में पोस्टिंग के लिए प्रतीक्षारत हैं। डीएसपी में प्रमोशन के पहले भी प्रमोद मिश्रा काफी विवादित रहे हैं। पुलिस में रहते हुए उग्रवादी संगठन पीएलएफआई से संबंधों के आरोप में उन्हें रांची से हटा दिया गया था, तब प्रशासनिक दृष्टिकोण से उनका तबादला तत्कालीन डीजीपी डीके पांडेय ने जंगलवार फेयर स्कूल में कर दिया था। प्रमोशन के बाद पदमा पीटीसी में प्रमोद मिश्रा को तैनात किया गया था, लेकिन पंकज मिश्रा की पैरवी पर बाद में उनकी तैनाती बरहरवा डीएसपी के पद पर की गयी थी। रूपा तिर्की की मौत के बाद आपत्तिजनक ऑडियो वायरल होने के बाद प्रमोद मिश्रा को बरहरवा से हटा दिया गया था।

---

सरकार ग्रामीण महिलाओं को सशक्त आजीविका से जोड़ने के लिए कृतसंकल्पित

# 2019 के बाद पांच गुना अधिक ग्रामीण परिवार आजीविका से जुड़े

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** वर्ष 2012 से 2019 तक झारखंड के 4,46,551 ग्रामीण परिवार को आजीविका से जोड़ा गया। जबकि दिसम्बर 2019 के बाद से अबतक 24,50,924 ग्रामीण परिवारों को सरकार आजीविका से जोड़ने में सफल रही है। इन तीन वर्षों में सखी मंडल के जरिये ये ग्रामीण परिवार लाभान्वित हुए हैं। सरकार का स्थानीय संसाधनों के आधार पर विभिन्न कार्यक्रमों के जरिये ग्रामीण महिलाओं की आजीविका संवर्धन के लिए प्रयास जारी है। सरकार को उम्मीद है कि राज्य को गरीबी के कुचक्र से बाहर निकालने में सखी मंडल की महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगी। सखी मंडल की महिलाओं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त कर राज्य व ग्रामीण इलाकों में खुशहाली एवं समृद्धि लायी जा सकेगी। राज्य सरकार इसके लिए प्रयासरत है।

**कोरोना संक्रमण काल में ही शुरू हुए थे प्रयास :** ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप में सक्षम बनाने के लिए सरकार ने कोरोना शेष पृष्ठ 11 पर

---

# युवा पीढ़ी शौकिया, देखा-देखी में पीने लग रही सिगरेट-शराब

## बीस की उम्र तक लग जा रही लत, इससे 50 प्रतिशत को गंवानी पड़ रही है जान

**- आरएनएम**

**नयी दिल्ली।** ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी व चीन के कई शोध संस्थानों ने मिलकर 5 लाख 12

**इस नशे से 56 तरह की बीमारी होने का होता है खतरा**

हजार से ज्यादा लोगों के स्वास्थ्य पर 11 वर्ष तक निगरानी रखते हुए शोध किया। इनमें से लगभग तीन लाख महिलाएं थीं। इनमें से रोज धूम्रपान करनेवाले 74.3 प्रतिशत पुरुष थे। शोध में पाया गया कि इनमें से ज्यातार किशोरावस्था में शौकिया, देखा-देखी, सोहबत में सिगरेट व शराब पीने लगे। जो 20 की उम्र तक पहुंचते आदत बन गयी। जो नशा के स्तर पर पहुंच गयी। बीबी छोड़ देंगे, लेकिन सिगरेट व दारू नहीं छोड़ेंगे वाली घर तोड़ू नौबत आ गयी। इन आदत के चलते इनमें से लगभग 50 प्रतिशत को कई तरह की बीमारियां हो गयी और मौत हो गयी। इस बारे में शोध टीम में शामिल शोधार्थी लिमिंग ली के अनुसार चीन में दो तिहाई पुरुष 20 साल की उम्र से पहले ही



सिगरेट के आदी हो जाते हैं। धूम्रपान न छोड़ने पर इनमें से आधे लोगों को इस नशा के कारण जान गंवानी पड़ती है। चीन में स्मोकिंग से हर वर्ष 10 लाख लोगों की मौत होती है। इसके अनुसार चीन में सिगरेट पीने से हुए रोगों के चलते हर दिन लगभग तीन हजार लोगों की मौत हो रही है। शोध में आया कि जिन लोगों ने जीवन में कभी सिगरेट नहीं पी, उनके मुकाबले धूम्रपान करनेवालों को कोई भी बीमारी होने का खतरा 10 प्रतिशत ज्यादा होता है। इसमें सबसे ज्यादा रिस्क लैरिंक्स (वॉइस बॉक्स या कंठ) कैंसर शेष पृष्ठ 11 पर

---

# संसद का 17 दिवसीय शीतकालीन सत्र आज से

**- ब्यूरो**

- केंद्र सरकार 16 नये विधेयक पेश करेगी
- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की अध्यक्षता वाला राज्यसभा का पहला सत्र

**नयी दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र सात दिसम्बर को शुरू होने से एक दिन पहले छह दिसम्बर को सरकार ने सर्वदलीय बैठक की, जिसमें सभी दलों के नेता शामिल हुए। 17 कार्य दिवस वाला यह सत्र 29 दिसम्बर तक चलनेवाला है। लेकिन यदि हंगामा ज्यादा हुआ तो, पहले भी सत्रावसान हो सकता है। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी, डीएमके सांसद टीआर बालू, हरसिमरत कौर बादल (एसएडी) और अधीर रंजन चौधरी (कांग्रेस) सहित कई नेता शामिल हुए। इस बैठक के लिए संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने लोक सभा व राज्य सभा में सभी दलों के नेताओं को निमंत्रण भेजा था। बैठक में सरकार ने सभी दलों के नेताओं से शीतकालीन सत्र को बिना बाधा संचालित करने के लिए सहयोग मांगी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के लिए राज्यसभा का यह पहला सत्र होगा जिसका सभापति के तौर पर अध्यक्षता करेंगे। राज्यसभा सचिवालय ने सत्र के एक दिन पहले राज्य सभा सांसदों के लिए एक आचार संहिता जारी की है। केंद्र सरकार शीतकालीन सत्र में 16 नये विधेयक पेश करनेवाली है।

## न्यूज गैलरी

### बकरी शेड व गाय शेड में करोड़ों का घोटाला: संग्राम सिंह



**मेदिनीनगर।** पाटन जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने मंगलवार को अपने मेदिनीनगर आवास पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि पाटन प्रखंड के नौडीहा पंचायत में बकरी शेड और गाय सेड में करोड़ों का घोटाला किया गया है। उन्होंने बताया कि मार्च 2022 मे जनप्रतिनिधि,विचौलिया और मनरेगा से संबंधित कर्मियों द्वारा बकरी शेड और गाय शेड के नाम पर फर्जी पैसे की निकासी की गई है। धरातल पर एक भी काम नजर नहीं आ रहे है, सभी अधूरे पड़े हुए हैं।उन्होंने बताया कि पाटन प्रखंड के नौडीहा पंचायत में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत पशु शेड निर्माण योजना में करोड़ों रुपए की लूट हुई है। यहां 15 योजनाओं के नाम पर 18 लाख 63 हजार 937 रुपये की निकासी कर बंदरबांट कर ली गई। जबकि योजना स्थल पर कोई भी कार्य नहीं हुआ। यह खुलासा डीआरडीए, पलामू की जांच रिपोर्ट में सामने आया है।जांच के बाद लाभुक से राशि वापसी की प्रक्रिया शुरू की गई थी। लाभुकों के साथ मिलकर पंचायत से लेकर प्रखंड कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी किस तरह ग्रामीणों के हक को लूट रहे हैं अगर पलामू जिले की नौडीहा पंचायत में पशु शेड निर्माण योजना की जांच हो जाए तो सही तस्वीर सामने आ जाएगी।

### मुख्यमंत्री के पलामू आगमन पर प्रखंड अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

**नावा बाजार।** मुख्यमंत्री 9 दिसंबर को पलामू जिला के शिवाजी मैदान में आगमन को लेकर नावा बाजार खटट प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र सोनी के अध्यक्षता में मंगलवार को कार्यकताओं के साथ बैठक की।बैठक में राजेंद्र सोनी ने कार्यकर्ताओं को संदेश दिया कि आगामी 9 दिसंबर को मुख्यमंत्री के पलामू आगमन मे नावा बाजार प्रखंड से जेएमएम कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। साथ ही अपने क्षेत्र की गंभीर समस्या को शिष्टमंडल के साथ मुलाकात कर मुख्यमंत्री के समक्ष रखने का प्रयास करें ताकि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो सके । मौके पर उपाध्यक्ष मारकंडेय सिंह ,सत्येंद्र यादव, आजम शाह सेराज अंसारी मोहम्मद यासीन खान ,पंचायत समिति सदस्य देवेंद्र सिंह, मोहम्मद खालिद ,शमशाद आलम , संजय सिंह, राजेन्द्र पासवान उपस्थित थे।

### प्राथमिक शिक्षक शिक्षण में अंबेडकर की पुण्यतिथि मनी

**सतबरवा।** प्राथमिक शिक्षक शिक्षण महाविद्यालय के प्रांगण में मंगलवार को भारत के संविधान निर्माता डॉ बाबा भीमराव अंबेडकर की 66वीं पुण्यतिथि पर सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा के नेतृत्व में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने कहा की डॉ बाबा अंबेडकर की देन है कि सभी जाति के लोग एक साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहे हैं। हम सभी को उनके बताये हुए मार्ग पर चलकर ही भारत देश को नई ऊंचाई प्रदान कर सकते हैं । मौके पर विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, युवा मोर्चा अध्यक्ष पप्पू सिंह, डब्लू उरांव, जिला परिषद पति अजय उरांव, नंदू राम, गुलाब भुइयां, किशोर सिंह चेरो, रवि मेहता, सत्येंद्र प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### बराही धाम में भक्ति जागरण व भंडारे का आयोजन

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के बराही धाम परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती जा रही है। मंगलवार को बराही धाम परिसर में भव्य भंडारा व भक्ति जागरण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस भंडारे का आयोजन शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट व धाम परिसर समिति के सदस्य रजनीश सिंह, हरेंद्र सिंह के सौजन्य से किया गया। वहीं परिसर में भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। भक्ति जागरण में झारखंड के महशूर व्यास राजन सिंह व उनकी टीम के द्वारा एक से बढ़ एक प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर प्रभात सिंह, हरेंद्र सिंह, पिंटू सिंह, मुखिया सुदामा यादव पुष्पराज सिंह, सुनील यादव,अयोध्या सिंह टिकैत, प्रिंस कुमार, हीरा सिंह, विजय सिंह ,जितेंद्र सिंह के अलावा कई लोग मौजूद थे।

### आशी केयर हॉस्पिटल का शुभारंभ

**मेदिनीनगर।** आज आशी केयर हॉस्पिटल का शुभारंभ किया जायेगा। यह जानकारी हॉस्पिटल के निदेशक मनीष तिवारी और उप निदेशक अमितेश पांडेय ने दी।उन्होंने बताया कि स्थानीय रेडमा स्थित पांकी रोड में आशी केयर हॉस्पिटल का शुभारंभ बुधवार को किया जाना है। रांची रोड में 10 सालों से संचालित आसी लाइफ केयर हॉस्पिटल का नया एवं वृहद स्वरूप आशी केयर हॉस्पिटल के रूप में देखने को मिलेगा।

# बीपीओ ने की मनरेगा कर्मियों के साथ बैठक, दिये कई निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को प्रखंड बीपीओ बिष्णु प्रताप मिश्रा ने मनरेगा कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में रोजगार सेवक, कनीय अभियंता, जीआरएस कंप्यूटर आपरेटर आदि उपस्थित थे। बैठक में बीपीओ ने मनरेगा व 15वें वित्त योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में बीपीओ ने मानव दिवस का लक्ष्य के अनुरूप सृजन करने,पोटो हो खेल मैदान में कार्य के अनुरूप भुगतान कर योजना को बंद करने



का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में मनरेगा का कार्य चालू रखने सम्बंधित निर्देश दिया। ताकि स्थानीय मनरेगा मजदूरों को अपने ही क्षेत्र में काम मिल सके। विशेषकर खेल मैदान,चेंजिंग रूम, शौचालय निर्माण व बागवानी प्रमुख रूप से शामिल है। उक्त सभी योजनाओं में मनरेगा मजदूरों को काम मिल सके इसके लिए सभी कर्मियों को धरातल पर गंभीरता से जुटने का भी निर्देश दिया। मौके पर प्रखंड के बड़ा बाबू मोहम्मद शमीम,सहायक अभियंता अमित मेहता, कनीय अभियंता नीरज गुप्ता, शिवनाथ राम, मणिकांत कुमार, लेखा सहायक संजीव कुमार ,रोजगार सेवक उमेश चौधरी, अजय कुमार समीर आलम समेत कई मनरेगा कर्मी मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट का खेला गया फाइनल मैच




नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** पांकी प्रखंड के तेतराई हाई स्कूल के मैदान में सोमवार की संध्या मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूनामेंट का फाइनल मैच खेला गया। जिसमें बालिका वर्ग में उच्च विद्यालय कोनवाई की छात्राओं ने जीत दर्ज की । वहीं बालक वर्ग की प्रतियोगिता में तेतराई की टीम विजई हुई। मैच के उपरांत दोनों टीम के विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पांकी प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद उप प्रमुख अमित चौहान प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन सिंह थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी के द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया गया। फाइनल मैच जीत चुके बालिका एवं बालक वर्ग के दोनों टीमें अब जिला स्तर पर आयोजित फुटबॉल टूनामेंट में हिस्सा लेंगे।मौके पर समापन कार्यक्रम के दौरान पांकी पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद, मुखिया राजेंद्र पांडे, पूर्व मुखिया एजाज खान, हफीजुल अंसारी, रफीक अंसारी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## दो पक्षों में जमकर चली लाठियां, कई घायल

नवीन मेल संवाददाता

**सगालीम।** पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के बनई गांव में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुआ। दोनों पक्षों की ओर से जमकर लाठियां चली। इस घटना में एक पक्ष के तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद एमएमसीएच में इलाज कराया गया। घटना 2 दिसंबर 2022 की हैं। मगर हॉस्पिटल से लौटने के बाद पीड़ित परिजनों ने 5 दिसंबर 2022 को पांकी थाने में एफआईआर के लिए लिखित आवेदन दिया है। पुलिस आवेदन के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है। एक पक्ष के विजय यादव पिता स्वर्गीय श्यामदेव यादव ने पांकी थाना में आवेदन देकर कहा है कि 2 दिसंबर को बड़े भाई बलेश्वर यादव के साथ अपने घर के दरवाजे पर चौकी पर बैठकर बातचीत कर रहे थे। इस दौरान अचानक बनई गांव के बलराम यादव , संदीप यादव , आरती कुमारी , मनोज यादव , भजू यादव , कंचन देवी , करुणा देवी सभी मिलकर गाली गलौज करते हुए अचानक जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में विजय यादव और उनके बड़े भाई बालेश्वर यादव का सर फट गया। साथ ही हाथ में गंभीर चोट लगी है। इसके अलावे विजय यादव के दमाद आदित्य यादव भी गंभीर रूप से जख्मी है। बताया जाता है कि घटना के बाद विजय यादव के दमाद आदित्य यादव बीच-बचाव करने गए थे। लेकिन विपक्षिओ ने आदित्य यादव पर तलवार से हमला कर दिया। जिसे आदित्य यादव के दाहिने हाथ में गंभीर चोट आई है। आसपास के ग्रामीणों ने तीनों को बेहोशी की हालत में इलाज के लिए पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से डॉक्टरों ने तीनों को बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच रेफर कर दिया। वहीं आसपास के ग्रामीण ने बताया कि आरोपी बलराम यादव अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्ति है। वह गांव के अन्य लोगों के साथ भी कई बार मारपीट कर चुका है। जिसे गांव के लोग हमेशा बलराम यादव से डरे सहमे रहते हैं। इधर मारपीट की इस घटना में बलराम यादव और एक अन्य व्यक्ति को भी चोट लगी है। पांकी थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जांच के बाद अग्रसर कार्रवाई की जाएगी।

## उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में भ्रष्टाचार उजागर




नवीन मेल संवाददाता

**सगालीम।** विद्यालय के विकास मद की राशि को विद्यालय के सचिव दिलीप कुमार गुप्ता के द्वारा लूट खसोट करने को लेकर मामला सामने आया है। बता दे कि पांकी प्रखंड के हुरलौंग पंचायत के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गोबरदाहा कला में विद्यालय की मरम्मत और रंग रोगन करने के लिए विभाग ने राशि उपलब्ध कराया था। लेकिन विद्यालय के सचिव द्वारा विद्यालय के बिना मरम्मती के ही रंगारोगन कर दिया। हद तो तब हो गई जब आधा अधूरा रंगा रोगन किया गया है। विद्यालय के बाहर का दीवार का ही सिर्फ रंग रोगन किया गया। विद्यालय के अंदर में कोई रंग रोगन नहीं किया गया है। देखा जाए तो केवल नाम के रंगा रोंगन किया गया है। स्वच्छता की बात की जाए तो न के बराबर है। विद्यालय भवन में बच्चों के बैठने की जगह पर बालू रखा गया है। यूं कहा जाए कि शिक्षक के नजर में बच्चो के भविष्य से ज्यादा बालू का कीमत लगाया गया है। तभी तो शिक्षक बच्चों को बाहर और बालू को क्लास के अंदर रखे है। बता दें कि गोबरदहा विद्यालय में दो भवन है। उसमें केवल एक भवन को ही रंगा रोगन किया गया। वह भी आधा अधूरा ही रंग रोगन किया गया है। अंदर क्लास रूम में स्वच्छता के नाम को शर्मिंदा किया जा रहा है। जब विद्यालय ही स्वच्छ नहीं रहेंगे तो बच्चे क्या सीखेंगे। हमारा देश स्वच्छ रहेगा जो आने वाला समय इन्हीं बच्चों के हाथों में है । यहां के बच्चे स्वच्छता के नाम से कोसों दूर नजर आ रहे हैं। जिस तरह से क्लास रूम के अंदर गंदगी फैला हुआ है, इससे साफ जाहिर होता है कि विद्यालय सचिव सिर्फ पैसे लूटने में लगे हैं। शौचालय की बात की जाए तो शौचालय का कभी प्रयोग ही नहीं होता है। विद्यालय के क्लासरूम में ताले लटके नजर आए। बच्चों को बाहर बरामदे में बैठाकर शिक्षक ऑफिस में अपने मोबाइल पर व्यस्त नजर आए। बच्चे इधर उधर घूमते नजर आए। स्थानीय ग्रामीणों ने विद्यालय की अव्यवस्था के खिलाफ कई बार विभाग के आला अधिकारियों से लिखित शिकायत कर चुके हैं। लेकिन शिक्षा विभाग के सीआरपी से लेकर प्रखंड व जिला के आला अधिकारी शिक्षक पर कार्रवाई करने के बदले पैसा वसूल लेते हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार गुप्ता द्वारा कई बच्चों के जन्मतिथि के साथ छेड़छाड़ किया गया है। सबसे बड़ी बात है कि विद्यालय के सचिव दिलीप कुमार गुप्ता अपने ही बड़े भाई को विद्यालय के अध्यक्ष बनाकर वर्षों पैसा लूटने का काम करते रहा। यही नहीं विद्यालय के रसोईया ही संयोजिका के पद पर कार्यरत है। जब कोई भी लोग विरोध करते हैं तो शिक्षक द्वारा झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर लोगों को डरा देते हैं। शिक्षक की मनमानी इतना ज्यादा है कि उनसे कोई सवाल जवाब भी नहीं कर पाता है। इस संबंध में जब विद्यालय के शिक्षक सह सचिव दिलीप कुमार गुप्ता से पूछा गया कि बिना विद्यालय मरम्मत के केवल बाहर -बाहर वह भी एक ही भवन में रंग रोगन क्यों किया गया है। इस पर उन्होंने कहा कि पूरा करने भर पैसा नहीं है। यह कहकर वे टाल मटोल करने लगे। जब पूछा गया कि विद्यालय के क्लास रूम क्यों बंद है तो उन्होंने बताया कि चाबी नहीं है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर एसडीओ ने राजनीतिक दल के साथ की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह एसडीओ कमलेश्वर नारायण ने मंगलवार को अनुमंडल कार्यालय के सभागार में बैठक की। इसमें मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 को लेकर कई मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के लोग शामिल हुए। बैठक में मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2023 में प्राप्त हो रहे प्रपत्र 6,7,8 का जनरेट कॉपी 9,10,11 के विषय मे जानकारी दिया गया। साथ ही नाम जोड़ने का कार्य, शुद्धिकरण और नया एड्रेस परिवर्तन करने के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा मृत व्यक्ति का मतदाता सूची से नाम हटाने और इलेक्टोरल वेरिफिकेशन किए जाने की जानकारी दी। एसडीओ ने सभी राजनीतिक दल के लोगों से विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य मे जागरूकता लाने की बात कही। बैठक में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ,उरद्वार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता, बसपा नेता अजय कुमार भारती , विरेन्द्र कुमार राम,राजद नेता सुदेश्वर राम,कांग्रेस नेता अवधेश सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

### पुलिस ने चार वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**हरिहरगंज।** पिपरा थाना पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर एनबीडब्ल्यू के चार वारंटियों को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में मेदिनीनगर भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी सूरज चेल ने बताया कि थाना क्षेत्र के सोनवे गांव निवासी कांड संख्या 50/22 के अभियुक्त अखिलेश मेहता ,लक्ष्मण मेहता, रामलगन साव तथा 51/22 के अभियुक्त कलीपुर गांव निवासी दुखन ठाकुर का नाम शामिल है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी सूरज चैल के अलावे एसआई पिनियस मुंडा एवं जिला बल के जवान शामिल थे।

### भीमराव अंबेडकर आधुनिक भारत के शिल्पकार थे: अरविंद

नवीन मेल संवाददाता

**छतरपुर।** नगर पंचायत मुख्यालय स्थित छतरपुर विकास मंच के कार्यालय में भारतरत्न भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के मौके पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बाबा साहब की तस्वीर पर दीप प्रज्ज्वलित कर और माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में युवा और अभिभावक मौजूद रहे। इस मौके पर मंच के अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा कि बाबा साहब आधुनिक भारत के शिल्पकार थे । जिन्होंने हिंदुस्तान की परिधि से बाहर आ कर अपनी विद्वता से हिंदुस्तान का मान बढ़ाया। आज उनके तीन सूत्र शिक्षित बनों, संगठित बनों, संघर्ष करो के सूत्र को अपना कर ही समाज को संगठित और समृद्ध बनाया जा सकता है। इस मौके पर पंचम, दीपक सहित कई लोगों ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज उस महापुरुष के राह पर चल कर ही समाज का कल्याण किया का सकता। इस मौके पर मुख्य रूप से जितेंद्र राम, अमित ठाकुर, रंजन कुमार, हेमंत कुमार,अंकित कुमार, चंदन कुमार, पत्रकार पंचम कुमार, चन्दन कुमार, डीआर मीडिया के निदेशक दीपक कुमार, सुरेंद्र गुप्ता, गुप्ता यादव, रणजीत प्रजापति, अमित गुप्ता, विशाल गुप्ता, रिशु कुमार, पांडेय, मनु कुमार गुप्ता सहित कई लोग शामिल हुए।

## अभाविप ने मनाया परिनिर्वाण व समरसता दिवस

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अभाविप के द्वारा बाबा साहेब डॉ० भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस एवं समरसता दिवस के अवसर पर शहर में अवस्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर इकाई के नगर मंत्री रामा शंकर पासवान ने किया। मौके पर नगर मंत्री रामा शंकर पासवान ने कहा कि बाबासाहेब अम्बेडकर के नाम से लोकप्रिय डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर एक न्यायविद, समाज सुधारक और राजनीतिज्ञ थे। उन्हें भारतीय संविधान के पिता के रूप में भी जाना जाता है। एक प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ और एक प्रख्यात न्यायविद्, अस्पृश्यता और जाति प्रतिबंध जैसी सामाजिक बुराइयों को मिटाने के उनके प्रयास उल्लेखनीय थे। अपने पूरे जीवन में, उन्होंने दलितों और अन्य सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी। संबोधन के क्रम में जिला संयोजक अभय वर्मा ने कहा कि बाबा साहेब बॉम्बे के उच्च न्यायालयों में अपनी वकालत शुरू की। उन्होंने सामाजिक कार्य करने के साथ-साथ लोगों को शिक्षा का महत्व भी समझाया। उन्होंने लोगों को अपने अधिकारों के प्रति लड़ने के लिए और जाति व्यवस्था को समाप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जाति के विनाश पर भी एक पुस्तक लिखी, जिसमें उन्होंने जाति, वर्ग, जाति और लिंग के आधार पर भेदभाव के गंभीर प्रभावो के विषय में चर्चा की। सामाजिक कार्य में उनकी सक्रिय भागीदारी के कारण लोगों ने उन्हें बाबा साहेब के नाम से संबोधित करना शुरू कर दिया। मौके पर नगर सह मंत्री अभिषेक कुमार रवि,राहुल कुमार करो,नितीश दुबे, प्रकाश पांडे, सुमित पाठक,जितेंद्र मेहता आदि दर्जनों कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डाल्टनगंज**
**(E-mail: eercdmedini-jhr@nic.in)**

**शुद्धि-पत्र**

एतद द्वारा सूचित करना है कि इस कार्यालय द्वारा दिनांक-01-12.2022 को विभिन्न समाचार पत्रो के माध्यम से ई-निविदा पत्रांक सं0- **10/RCD/DALTONGANJ/2022-23/1015** आमंत्रित की गई है, जिसका **PR No. 284052 Road(22-23)_D** है, जिसमें **क्रमांक-2** में अंकित **Estimated Cost 2,37,54,000.00** के स्थान पर **2,37,53,081.00** एवं **क्रमांक-3 Bid Security Cost 2,37,600.00** के स्थान पर **4,75,100.00** पढ़ा/समझा जाय।

निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, डाल्टेनगंज

PR284335 (Road)22-23*D

## मिडिल स्कूल में मना महापरिनिर्वाण दिवस

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** राजकीय मध्य विद्यालय हुसैनाबाद के परिसर में संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेड़कर का 66वां महा परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम एचएम यूपी सिंह, शिक्षकगण व छात्र-छात्राओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किये। यूपी सिंह और जीएस चौबे ने विस्तार से उनकी जिंदगी के बारे में बताया कि कैसे वह उस समय के विकृत सामाजिक व राजनीतिक व्यवस्था में शून्य से शिखर पर पहुंचे। शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि माता-पिता के 14 वें संतान थे। नौ भाषा के ज्ञाता थे,32 डिग्रीयां थी। प्रारुप समिति' के अध्यक्ष बनाये गये जिनके अथक परिश्रम से 2 वर्ष 11 महीने 18 दिन में संविधान बनकर तैयार हो गया। शिक्षक जुबैर अंसारी ने कहा कि वे देश के पहले कानून मंत्री थे और संविधान के शिल्पकार समझे जाते थे। विदेशों में जाकर अर्थशास्त्र में पीएचडी हासिल की। शिक्षकों के बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी विचार दिये। वर्ग आठ के विद्यार्थी अमरेश कुमार ने कहा कि उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 में अस्पृश्य समझे जाने वाले महार जाति में हुआ था। समस्त विषमताओं के बावजूद अपने लक्ष्य पर अडिग रहे। वहीं अन्य छात्र-छात्राओं ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर शिक्षकों में कन्हैया प्रसाद, जुबैर अंसारी,जीएस चौबे, राजेश कुमार सिन्हा, कम्प्यूटर शिक्षक प्रमोद कुमार मेहता, शिक्षिकाओं में पुष्पा कुमारी ,आशा कुमारी, पूनम कुमारी उपस्थित थी।

## नेत्र रोग विशेषज्ञों ने की जांच, मोतियाबिंद के 18 मरीज मिले

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** हैदरनगर स्थित निकाह भवन में मंगलवार को एनएमसीएच जमुहार के नेत्र रोग विशेषज्ञों की टीम ने शिविर लगाकर 50 लोगों की नेत्र जांच की। जिसमे 18 लोगों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया। मोतियाबिंद के सभी 18 मरीजों का एनएमसीएच जमुहार,सासाराम में ऑपरेशन कर निशुल्क लेंस प्रत्यारोपण किया जायेगा। उन्हें संस्था वाहन भी उपलब्ध कराएगा। शिविर में मौजूद नेत्र रोग विशेषज्ञ डा तान्या ने बताया कि



एनएमसीएच प्रत्येक वर्ष मोतियाबिंद के मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन और लेंस प्रत्यारोपण करता है। उन्होंने बताया कि हैदरनगर के बाद जपला में 9 दिसंबर को शिविर का आयोजन कर मोतियाबिंद के मरीजों को चिन्हित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जिन मरीजों के पास पीएम आयुष्मान कार्ड है। उन्हे विशेष सुविधा दी जायेगी। शिविर में डा प्रिंस कुमार, सहायक ललन सिंह, सोनू पाल,महेंद्र कुमार उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा**

पत्रांक ................/ लोहरदगा, दिनांक ............/

**आवश्यक सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक – 780 दिनांक 24.11.2022 निविदा संख्या **WRD/MID/ LOHARDAGA/F2-10/2022-23**, जो दैनिक समाचार पत्रों में **PR.No.- 283567, Lohardaga (22-23)_D** द्वारा प्रकाशित है, को अपरिहार्य कारणो से अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 284337 Lohardaga(22-23).D

**OFFICE OF DEPUTY COMMISSIONER, CHATRA**

Ref No:-311 Date:-03.12.2022

Tender for Selection of Agency for Rate Contract for Supply, Installation and Training of Boating Facility at Bhedi Farm dam, Chatra.

| Sl.No. | INFORMATION/SUBJECT | DETAIL |
|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. |
| 01 | NAME OF WORK | Selection of Agency for Rate Contract for Supply, Installation and Training of Boating Facility at Bhedi Farm dam, Chatra. |
| 02 | DATE OF PUBLICATION OF BID | 03-12-2022 |
| 03 | EARNEST MONEY TO BE DEPOSITED | Rs. 1,40,000.00(One Lakh Forty Thousand only) |
| 04 | LAST DATE & TIME FOR BID SUBMISSION | 26-12-2022, 2:00 pm |
| 05 | BID SUBMISSION PLACE | District Sport office, chatra. |
| 06 | DATE AND TIME FOR BID OPENING | 26-12-2022, 3:30 pm |
| 07 | BID OPENING PLACE | Collectorate, Chatra. |
| 08 | NAME AND OFFICE FOR INVITIONG TENDER | District Sport office, chatra. |
| 09 | HELPLINE NO. AND EMAIL ADDRESS | sport.chatra@gmail.com |

NOTE:- FOR FURTHER DETAIL PLEASE VISIT https://chatra.nic.in

PR 284299 (Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs) 22-23 (D)

Deputy Commissioner, Chatra.

# उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को समाहरणालय स्तिथ अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन पत्र अग्रसारित करते हुए 15 दिनों के भीतर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में हैदरनगर के ग्राम सिंघना से आयी संध्या देवी ने जीवित कार्ड धारी को मृत बता कर कार्ड डिलीट करने के संबंध में शिकायत की। उन्होंने अपने राशन डीलर अशोक राम पर गलत ढंग से कार्ड डिलीट किये जाने की बात कही। इसी तरह चैनपुर के बोड़ी ग्राम के लोगों ने उपायुक्त के समक्ष फुदनीनगर प्राथमिक विद्यालय माह में सिर्फ दो दिन ही खोलने की शिकायत की। इसी तरह पांकी की सहायक शिक्षिका ने अपना स्थानांतरण के संबंध में उपायुक्त से अनुरोध किया। इसी तरह आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी,अवृद्धा पेंशन, अविकलांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास व म्यूटेशन से जुड़े आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर 15 दिनों के भीतर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक संपन्न



पलामू जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में पूर्व से किये जा रहे कार्यों के प्रगति की समीक्षा की गयी। साथ ही इस बात पर विस्तार से चर्चा की गयी कि जिले के किन इलाकों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की संभावनाएं हैं। जनप्रतिनिधियों द्वारा जो स्थल बताया गया उस पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में मेदिनीनगर शहर के शाहपुर किला को विकसित करने को लेकर पर्यटन विभाग को प्रस्ताव भेजने पर सहमति बनाया गया। बैठक में तय किया गया कि मलय डैम में विभिन्न तरह के वॉटर एक्टिविटीज प्रारंभ किया जायेगा, जिसमें मोटरबोटिंग भी शामिल है। इन कार्यों को विस्थापित लोग व स्थानीय समिति के माध्यम से संचालित किया जायेगा। इसी तरह भीम चूल्हा पर्यटन स्थल के रख-रखाव की देख-रेख करने हेतु संचालन समिति के गठन करने पर भी निर्णय लिया गया। साथ ही जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन परिषद के गठन हेतु भी निर्णय लिया गया। इसके अलावे विभिन्न प्रखंडों से विभिन्न जनप्रतिनिधियों की ओर से आये आवेदनों पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने कहा कि जिले पर्यटन के विकास की असीम संभावना है। बैठक में उपायुक्त के अलावा प्रशिक्षु आईएएस,अपर समाहर्ता, विश्रामपुर व हुसैनाबाद के विधायक प्रतिनिधि, चतरा संसद के प्रतिनिधि, वन प्रमंडल पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, भवन निर्माण के प्रतिनिधि, व अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### हनुमान मंदिर के पुजारी का निधन



**मेदिनीनगर।** स्थानीय रेड्मा चौक के पास स्थित हनुमान मंदिर के पुजारी नारद शुक्ला का निधन हो गया ।उनका आयु 90 वर्ष था। उनका शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया। उनके बड़े पुत्र संत नारायणाचार्य स्वामी ने मुखाग्नि दिए ।उनका दाह संस्कार जीएलए कालेज के पास टेड़वा नदी में किया गया ।उनका दो पुत्र और तीन पुत्री है ।इनका पैतृक आवास कांके कला पाटन में है लेकिन अभी बारालोटा जनकपुरी में रहते थे।

### चोरों का आतंक सदर अस्पताल से अपाची बाइक की चोरी

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल से मंगलवार को दोपहर एक अपाची बाइक जेएच 03 वाई 1037 की चोरी हो गयी। जानकारी के अनुसार पाटन थाना क्षेत्र के सिक्की कला गांव निवासी सुनील कुमार अपना पेट का इलाज कराने के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचा था। सदर अस्पताल सुनील अपना वाहन पार्किंग में लगाया था। पार्किंग में बाइक लगाने के दौरान वह पार्किंग काटने वाले से 10 रुपये का टिकट भी लिया था। इसके बाद भी पार्किंग काटने वाला के द्वारा बाइक की जिम्मेवारी नहीं ली जा रही है। वही इस घटना की जानकारी मिलने पर टाइगर मोबाइल के जवान शिवा कुमार सदर अस्पताल पहुंचकर बाइक चोरी होने से संबंधित घटना की जानकारी ली। और भुक्तभोगी को शहर थाना में जाकर बाइक चोरी होने से संबंधित आवेदन देने को कहा।

### मुख्यमंत्री के पलामू आगमन पर नावा बाजार में जेएमएम कार्यकर्ताओं ने की बैठक

**मेदिनीनगर।** झारखंड के मुख्यमंत्री का 9 दिसंबर को पलामू में आगमन को लेकर नावा बाजार जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र सोनी की अध्यक्षता में मंगलवार को कार्यकताओं के साथ बैठक की। बैठक में राजेंद्र सोनी ने कार्यकर्ताओं को संदेश दिया कि आगामी 9 दिसंबर को मुख्यमंत्री के पलामू आगमन में नावा बाजार प्रखंड से जेएमएम कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनायें। साथ ही अपने क्षेत्र की गंभीर समस्या को शिष्टमंडल के साथ मुलाकात कर मुख्यमंत्री के समक्ष रखने का प्रयास करें। ताकि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो सके। मौके पर उपाध्यक्ष मारकंडेय सिंह ,सत्येंद्र यादव, आजम शाह सेराज अंसारी मोहम्मद यासीन खान ,पंचायत समिति सदस्य देवेंद्र सिंह, मोहम्मद खालिद ,शमशाद आलम , संजय सिंह, राजेन्द्र पासवान उपस्थित थे।

### कांग्रेस ने मनायी बाबा साहेब की पुण्यतिथि

**मेदिनीनगर।** मंगलवार को पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जयेश रंजन पाठक के नेतृत्व में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि मनाई गई। सर्वप्रथम कांग्रेसजनों ने बाबा के प्रतिमा पर फूल माला देकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया ।मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि उन्हें दिल से सम्मान और आदर देने का एकमात्र तरीका यह है कि हम उनके बताये गये मार्गो और सिद्धांतो का पालन करे। उन्होंने भारत में फैले जाति, वर्ग और लिंग-भेद पर विचार किया तथा लोगों को अपने रंग, जाति और धर्म के भेदभाव के बावजूद स्वतंत्र रूप से जीवन जीने के लिए प्रेरित किया ।उन्होंने सभी को मिलकर प्रतिज्ञा करने की अपील किया कि सदैव उनके सिद्धांतों का पालन करेंगे। मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण तिवारी, विनोद तिवारी ,शमीम अहमद राइन, ईश्वरी प्रसाद सिंह, तालकेश्वर पासवान , भिकारी राम, अजय साहू , राजेंद्र अग्रवाल ,नफीस खान, राजेश चौरसिया ,जितेंद्र कमलापुरी, साकेत सिंह, मुकेश सिंह दयाशंकर तिवारी ,शंकर पांडे, देवांग शुक्ला ,खुर्शीद आलम ,हर्ष साहनी, अनील सिंह, सौरव पाण्डे, उपस्थित थे।

### वार्ड आयुक्त ने निजी खर्च से करवाया पानी स्टैंड का निर्माण

**मेदिनीनगर।** वार्ड संख्या 27 के वार्ड आयुक्त कमर यास्मीन ने अपने वार्ड में स्थानीय लोगों के लिए अपने निजी खर्च से सप्लाई पानी के लिए पानी स्टैंड का निर्माण करवाया। इसके साथ ही गौसिया मदरसा के पास बड़ा नाला के सफाई भी कराई गई ।इस कार्य के निरीक्षण में भी वार्ड आयुक्त ने भूमिका निभाई ।वही दर्जी पट्टी के पास हमीदिया स्कूल में सप्लाई पानी के लिए पानी स्टैंड निजी खर्च से बनवाया गया। उन्होंने बताया कि गोसिया मदरसा के पास सफाई कार्य निरंतर किया जा रहा है। वही बड़ा नाला की सफाई के उपरांत निगम से जेसीबी लगाकर गंदगी को हटाया गया है ।वही स्थानीय लोगों को सप्लाई पानी भरने में परेशानी होती थी,जिसे देखते हुए उन्होंने पानी स्टैंड बनाने का निर्णय लिया ताकि लोगो को पानी भरने में सहूलियत हो।

### धनंजय त्रिपाठी ने किया कब्बड्डी टूर्नामेंट का शुभारंभ

**मेदिनीनगर।** स्थानीय जीएलए कॉलेज के परिसर में मंगलवार को धनंजय त्रिपाठी ने जिला स्तरीय कब्बड्डी टूर्नामेंट का शुभारंभ किया ।मौके पर उन्होंने कहा कि कबड्डी का खेल शरीर को मजबूत और स्वस्थ बनाता है। लगातार कबड्डी कबड्डी बोलने से आपके फेफड़े अधिक मजबूत और स्वस्थ हो जाते हैं। इससे इंटरनल ऑर्गेन बेहतर तरीके से काम करने लगते हैं। दिल का स्?वास्?थ्?य भी इससे बेहतर होता है।

## पलामू में दो दिनों तक प्रवास करेंगे सीएम, तैयारी में जुटा प्रशासन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पहली बार दो दिनों तक पलामू में प्रवास करेंगे। सीएम बनने के बाद हेमंत सोरेन पहली बार पलामू में मौजूद रहेंगे। सीएम आठ दिसंबर को गढ़वा में, जबकि नौ दिसंबर को पलामू में खतियान जोहार यात्रा में भाग लेंगे। गढ़वा के टाउन हॉल और पलामू के शिवाजी मैदान से खतियान जोहार यात्रा निकाली जायेगी। वहीं सीएम रात्रि प्रवास पलामू में करेंगे। सीएम के आगमन को लेकर जेएमएम ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। पूरे शहर को होर्डिंग और बैनर से सजाया जा रहा है। जेएमएम के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार सिन्हा ने बताया कि सीएम के आगमन को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। सीएम खतियान जोहार यात्रा में भाग लेने पलामू पहुंच रहे हैं। यात्रा में विभिन्न दलों के कई बड़े नेता पार्टी में भी शामिल होंगे। खतियान जोहार यात्रा में सीएम के साथ-साथ कैबिनेट के कई मंत्री भी भाग लेंगे। पलामू में हजारों की संख्या में लोग सीएम की जोहार यात्रा में शामिल होंगे। गढ़वा में खतियान जोहार यात्रा में भाग लेने के बाद मुख्यमंत्री गुरुवार को पलामू में विभागीय समीक्षा भी करेंगे। इस दौरान मुख्य सचिव और डीजीपी भी मौजूद रहेंगे। सीएम की विभागीय समीक्षा में कई विभागों के सचिव के साथ-साथ पलामू जिला प्रशासन की पूरी टीम मौजूद रहेगी। कार्यक्रम स्थल पर चाक-चौबंद रहेगी। सीएम के आगमन को लेकर पलामू जिला प्रशासन ने भी तैयारियां शुरू कर दी है। सुरक्षा को लेकर समीक्षा की जा रही है। पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि सीएम के आगमन को लेकर बड़ी संख्या में जवानों को तैनात किया जा रहा है।

## बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि मनाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ० भीमराव अम्बेडकर की 65वी पुन्यतिथि मनाई। कार्य क्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। सर्व प्रथम कल्याण छात्रावास में स्थापित डॉ० भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्य क्रम की शुरूआत की गई। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि बाबा साहेब डॉ० भीमराव अम्बेडकर मानव नहीं महामानव थे। जिनका निधन 06 दिसम्बर 1956 को हुआ था। उन्होने संविधान लिख कर दलितों का हक अधिकार दिया। बाबा साहेब के कारण ही देश में दलितों का मान-सम्मान मिल रहा है। बाबा साहेब राष्ट्र के नव निर्माण में दिया गया योगदान अतुल्य है। उन्होने देश को एक नई दिशा दिये। बाबा साहेब का दिया गया मूल मंत्र शिक्षित बनों संगठित हो और संघर्ष करों का नारा दिये थे। उन्होंने कहा की बाबा साहेब के सिद्धांत एवं आर्दशों को अपनाने से ही देश एवं समाज का विकास होगा। शिवनरायण साव ने बाबा साहेब अम्बेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा की बाबा साहेब दलितों के मसीहा थे। उनका आदर्श हम सबों के लिए अनुकरणीय है। इस अवसर पर प्रभात कुमार, नन्हक सिंह, प्रवीण कुमार, अमरजीत रवि, यसवंत कुमार, अरविन्द कुमार, घनश्याम पासवान, राजेन्द्र पाल, बबन कुमार, राम नरेश महतो एवं दिपक कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे। प्रदीप राम ने धन्यवाद ज्ञापित किये।

## जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में कैंब्रिज पब्लिक स्कूल बना चैंपियन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जीएलए कॉलेज के मैदान में पलामू जिला कबड्डी एसोसिएशन डालटनगंज के तत्वाधान में जिला स्तरीय अंतर विद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सबसे अधिक अंक के साथ कैंब्रिज पब्लिक स्कूल की टीम चैंपियन बनी, जबकि दूसरे स्थान पर ओरिएंट पब्लिक स्कूल की टीम रही। तीसरा स्थान ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल को प्राप्त हुआ, जबकि चौथे स्थान पर ब्राइट स्टार रेजिडेंशियल स्कूल बैरिया रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी धनंजय त्रिपाठी, आशीष भारद्वाज आदि लोगों ने कबड्डी के कोर्ट में नारियल फोड़कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की एवं सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मौके पर अतिथि धनंजय त्रिपाठी ने कहा कि खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में भी बच्चे अपना भविष्य बना सकते हैं जरूरत है लगन के साथ मेहनत करने की। मौके पर आशीष भारद्वाज ने कहा कि जल्द ही पलामू में प्रतिभाओं को निखारने के लिए कबड्डी जैसे जमीन से जुड़ी हुई खेलों को बढ़ावा दिया जाएगा एवं अधिक से अधिक खिलाड़ियों को ऐसे प्लेटफार्म पर लाकर उन्हें उचित अवसर प्रदान किया जाएगा।

### सदर अस्पताल में नवजात बच्चे की मौत

## परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का लगाया आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल आईसीयू वार्ड में मंगलवार को सुबह एक बच्चे की मौत के बाद परिजन हल्ला हंगामा करने लगे। परिजनों का आरोप था कि चिकित्सकों की लापरवाही के वजह से बच्चे की जान चली गई है। वही हल्ला हंगामा की खबर सुनकर शहर थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर हल्ला हंगामा कर रहे परिजनों को शांत कराया। जानकारी के अनुसार पलामू जिले के लालगढ़ बिहार निवाशी असरफी चौधरी की पुत्री का प्रशव पीड़ा था। वह अपना प्रसव कराने सदर अस्पताल पहुंची थी। जहाँ चिकित्सको के द्वारा बड़ा ऑपरेशन से बच्चा सही सलामत जन्म लिया। इसके बाद बच्चे को चिकित्सकों के सलाह पर आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया। आईसीयू वार्ड में इलाज के दौरान मंगलवार की सुबह बच्चे की मौत हो गई। बच्चे की मौत होने के बाद परिजन हल्ला हंगामा करने लगे और इसके बाद चिकित्सकों पर मामला दर्ज कराने शहर थाना पहुंचे। मामला दर्ज भी हुआ परंतु परेशानी के कारण परिजन मामले को फिर से वापस ले लिए। वहीं बच्चे के मौत के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। थाना परिसर में थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा के द्वारा परिजनों का आवेदन लेकर चिकित्सकों पर एफआईआर की तैयारी हो चुकी थी परंतु मृतक के परिजनों ने बच्चे का पोस्टमार्टम और ज्यादा तामझाम होने की वजह से मामला को वापस ले लिया। वहीं घटना के जानकारी मिलने पर डॉक्टर आरके रंजन भी थाना पहुंचे वहां उन्होंने परिजनों को आर्थिक मदद देने की बात कही। इसकी जानकारी अस्पताल अधीक्षक को भी दी गई उन्होंने भी मरीज के परिजनों को आर्थिक सहयोग देने का आश्वासन दिया।




# स्कूल का जर्जर भवन बच्चो के लिए बना खतरा, शिक्षिका बोलीं कोई नहीं सुनता



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ करने के लिए झारखंड सरकार के द्वारा कई तरह की योजनाएं चलाई जा रही हैं, ताकि बच्चों का उज्जवल भविष्य संवर सके। वही शहर के हमीदगंज में संचालित स्कूल की तस्वीर निराश करने वाली है। यहां तीन कमरे के एक भवन में दो-दो स्कूल चलाए जा रहे हैं। इसमें राजकीयकृत बालक मध्य विद्यालय और राजकीय बालिका प्राथमिक विद्यालय शामिल है। दोनों स्कूलों में एक-एक प्रधानाध्यापिका हैं। इनके अलावा और कोई शिक्षक यहां पर पढ़ाने वाला नहीं है। स्कूल भवन इतना जर्जर है कि बच्चे कक्षा से बाहर बरामदे में दरी पर बैठकर पढ़ाई करते हैं। राजकीयकृत बालक मध्य विद्यालय, हमीदगंज में पहली कक्षा में 7, दूसरी में 21, तीसरी में 15, चौथी में 14, पांचवीं में 19, छठी में 20, सातवीं में 23 और आठवीं में 12 बच्चों का नामांकन है। उचित जगह और शिक्षक के अभाव में सभी बच्चे एक साथ पढ़ाई करते हैं। वहीं, राजकीय बालिका प्राथमिक विद्यालय, हमीदगंज में पहली कक्षा में 7, दूसरी में 11, तीसरी में 14, चौथी में 6 और पांचवीं में 3 बच्चों का नामांकन हैं। इस विद्यालय का भवन 1972 में ही बनाया गया था। देखरेख के आभाव में भवन इतना जर्जर हो चुका है कि छत की सरिया बाहर निकल आयी है। आए दिन इसका मलवा गिरता रहता है। फर्श भी टूट रहा है। बैंच और डेस्क सालों से टूटे पड़े हैं। विद्यालय में एक भी शौचालय नहीं है। जिससे चारों तरफ गंदगी का अंबार है। राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका नोसाबा खातून व राजकीय बालीका प्राथमिक विद्यालय प्रधानाध्यापिका नीलम कुमारी ने बताया कि विद्यालय में संसाधन का अभाव है। इस संबंध में कई बार विभाग को पत्र लिखा गया है, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। भवन इतना जर्जर है कि हमेशा खतरा बना रहता है। सबसे ज्यादा दिक्कत शौचालय की है। जिससे छात्र व छात्राओं के साथ-साथ हमें भी परेशानियों का समाना करना पड़ता। वहीं, पलामू जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि विद्यालय का निरीक्षण कर उचित कदम उठाया जायेगा।

## न्यूज गैलरी

### यात्री बस की चपेट में आने से युवक की मौत

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के रंका मोड़ के समीप श्रीराम यात्री बस की चपेट में आने से मेराल थाना क्षेत्र के कुंभी गांव निवासी स्वर्गीय सुरेश राम का पुत्र आदित्य कुमार चंद्रवंशी की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि आदित्य आर के पब्लिक स्कूल में स्कूल बस चलाता था। वह मंगलवार को अपने घर से आर के पब्लिक स्कूल जा रहा था। उसी दौरान रंका मोड़ पर अपने मामा मदन राम के साथ टैंपू से उतरा और वह पैदल आर के पब्लिक जा ही रहा था। उसी दौरान श्रीराम नामक यात्री बस उसे टक्कर मार दिया। घटना में आदित्य का घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि आदित्य का तीन बच्चे हैं। उनका भरण पोषण की मुख्य जिम्मेदारी आदित्य पर ही था। आदित्य पिछले कुछ वर्षों से आर के पब्लिक स्कूल का बस चलाता था। घटना की सूचना मिलने पर आर के पब्लिक के निदेशक सह भाजपा नेता अलखनाथ पांडे सदर अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी लिया। उन्होंने कहा कि यह काफी दुख की घड़ी है। आदित्य पिछले कुछ वर्षों से मेरे यहां बस चलाता था और वह काफी मिलनसार था। ऐसे स्टाफ के असामयिक मृत्यु से काफी दुख होता है।

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**गढ़वा।** गढ़वा रोड डालटेनगंज रेलवे मार्ग पर गढ़वा रोड स्टेशन के समीप चलती ट्रेन से गिरने से एक युवक की मौत हो गई। युवक का पहचान पलामू जिले के लालगढ़ बिहार निवासी सुरेश राम का पुत्र उदय राम के रूप में हुई है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि उदय डाला ओबरा में एक कंपनी के माध्यम से मजदूरी करता था। वह अपने घर से डाला ओबरा जा रहा था। उसी दौरान गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन के समीप गोमो चोपन सवारी गाड़ी से गिर गया। गंभीर स्थिति में रेलवे पुलिस उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया जा रहा था कि रास्ते में उसकी मौत हो गई। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### पूर्व अपराधी विकास दुबे के सहयोगी सहित एक दर्जन लोग हिरासत में

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के टंडवा से पूर्व अपराधी विकास दुबे सहित उनके एक दर्जन से अधिक सहयोगियों को पुलिस ने मंगलवार हिरासत में लिया है। पुलिस सभी से करीब 4 घंटे तक हिरासत में लेकर पूछताछ करती रही। खबर लिखे जाने तक सभी से पूछताछ की जा रही थी। उक्त मामले में थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत ने बताया कि अभी पूछताछ की जा रही है। एक मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। वहीं एसपी अंजनी कुमार झा ने बताया कि रंगदारी मांगने का शिकायत मिला था। शिकायत के आधार पर उनके ठिकाने पर छापेमारी की गई। वहां से उनको सहयोग के साथ हिरासत में लिया गया है। पूछताछ की जा रही है।

### मुखिया ने किया विद्यालय का निरीक्षण, कर्रवाई का दिया चेतावनी

**रमना (गढ़वा)।** सिलीदाग पंचायत के मुखिया अनीता देवी द्वारा ग्राम मंगरा स्थित प्राथमिक उत्क्रमित विद्यालय औचक निरीक्षण किया। जहां विद्यालय प्रबंधन कई त्रुटियां पायी गयी। निरिक्षण के क्रम में कई अनियमितता पायी गयी। मध्यान भोजन की गुणवता, शौचालय की साफ सफाई और शिक्षा व्यवस्था। मुख्य शिक्षक अशोक खलको एवं सहायक अध्यापक सिकंदर उरांव को मुखिया अनीता देवी द्वारा निर्देश दिया गया। वहीं अपनी कार्यशैली में सुधार लाएं अगली बार अगर ऐसी शिकायत मिली तो विभागीय कार्रवाई के लिए बाध्य होंगे। बच्चों के भविष्य सवारने के लिए विद्यालय है न कि बिगाड़ने के लिए। इस मौके पर दीपक पासी, अंजली देवी, विश्वनाथ बियार, राकेश चंद्रवंशी, वीरेंद्र राम और ग्रामीण मौजूद थे।

## सीएम हेमंत सोरेन के आगमन को लेकर

# डीसी व एसपी ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सीएम हेमंत सोरेन के आयोजित कार्यक्रम को देखते हुए डीसी रमेश घोलप और एसपी अंजनी कुमार झा ने गोविंद हाई स्कूल स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विधि व्यवस्था से संबंधित जानकारी ली। कार्यक्रम के दौरान आने वाली भीड़ पर भी समीक्षा की और अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कार्यक्रम में किसी तरह की कोताही ना हो।



उस का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने सीएम के काफिले में शामिल वाहनों सुरक्षित स्थानों पर लगाने और यातायात में किसी तरह का व्यवधान न हो। इसको लेकर भी अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिया। साथ ही कार्यक्रम को लेकर बने मंच की व्यवस्था का भी जायजा लिया। सामुदायिक भवन के पास बन रहे प्रतिमा असल का भी निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि सीएम के कार्यक्रम को लेकर विधि व्यवस्था के मद्देनजर अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया हूं। कार्यक्रम के दौरान यातायात नियमित रूप से संचालित हो। उसके लिए भी वाहनों को निर्धारित करने पर भी चर्चा की गई है। उसके बाद भी सीने कल्याणपुर स्थित हेलीपैड पहुंचकर तैयारी का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने हेलीपैड पर विधि व्यवस्था की जानकारी अधिकारियों से लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हेलीपैड पर सीएम के आगमन के बाद धूल नहीं उड़े। उसे देखते हुए पानी का छिड़काव करने का निर्देश नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को दिया। मौके पर एसपी अंजनी कुमार झा, एसडीओ राज महेश्वरम, सीओ मयंक भूषण एसडीपीओ अवध कुमार यादव, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, पीएचडी विभाग के कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार सिंह, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री के आगमन की सारी तैयारी पूरी : धीरज

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** खतियानी जोहार यात्रा का गढ़वा में जबरदस्त आगाज होगा। इस यात्रा का शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आठ दिसंबर को गढ़वा जिला से करेंगे। इसके लिए जिला मुख्यालय स्थित गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित कार्यक्रम की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे यह जानकारी दी। जानकारी देते हुए श्री दुबे ने बताया कि गुरूवार को खतियानी जोहार यात्रा का शुभारंभ सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं महागठबंधन घटक दल द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 1932 का खतियान, ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण पारित होने एवं आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार की सफलता को देखते हुए आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को राज्य में आमजनों ने काफी सराहा है। साथ ही जमीन रजिस्ट्री के बाद म्यूटेशन की प्रक्रिया स्वतः प्रारंभ हो जाना राज्य की जनता के लिए बहुत ही सराहनीय कदम है। राज्य में आज कई योजनायें मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना, सुमो मोटो म्युटेशन प्रणाली प्रक्रिया का राज्यव्यापी शुभारंभ, सावित्री वाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, केसीसी, राशन कार्ड, बिरसा आवास, सोना-सोबरन, फुलो-झानो आदी कई योजनाओं का लाभ जनता को मिल रहा है। श्री दुबे ने कहा कि कार्यक्रम की सारी तैयारी पूरी कर ली है। इसके लिए विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले पार्टी कार्यकर्ता एवं समर्थक को वाहन पार्किंग के लिए दो स्थान तय किया गया है। इनमें नवादा मोड़, कचहरी की ओर से आने वाली गाड़ियां मंगल भवन के समीप वन विभाग के मैदान (दुर्गा मंदिर प्रांगण) में पार्किंग की जाएगी। जबकि टंडवा की ओर से आने वाली गाड़ियां दानरों नदी के किनारे छठ घाट पर पार्किंग की जाएगी। रेहला रोड एवं मझिआंव की ओर से आने वाली गाड़ियां भी सोनपुरवा मिनी बाईपास होते हुए दानरों नदी छठ घाट पर पार्किंग की जाएगी।

### वन कर्मियों ने 20 पीस साल वृक्ष का बोटा को किया जब्त

**चिनीया।** वन कर्मियों ने मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे गुप्त सूचना के आधार पर तथा रंका पश्चिमी वन क्षेत्र पदाधिकारी गोपाल चंद्रा के निर्देश पर रंका पश्चिमी प्रक्षेत्र के बाराडीह सुरक्षित वन से अवैध रूप से काटे गये साल वृक्ष का 20 पिस बना बनाया हुआ 7/3 का बोटा को जब्त किया है। इसकी जानकारी देते हुए वनरक्षी प्रेम चंद दास ने बताया कि हम लोगों को यह गुप्त सूचना मिली थी कि लकड़ी तस्कर अवैध रूप से जंगलों में अवस्थित साल वृक्ष की कटाई कर उसका तस्करी कर रहे हैं। जिसके आलोक में हम लोगों ने वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए। एक टीम गठित कर छापेमारी अभियान चलाकर रंका पश्चिमी प्रक्षेत्र के बाराडीह के जंगलों के सटे खेतों से साल वृक्ष का बना बनाया हुआ 20 पिस बोटा को जब्त किया गया है। वहीं अज्ञात लकड़ी तस्कर की भी शिनाख्त के लिए हम लोगों के द्वारा जांच पड़ताल की जा रही है। फिलहाल जब्त किए गए सभी साल वृक्ष के बोटा को चिनिया बन परिसर लाया गया है। वहीं छापेमारी अभियान में वनरक्षी प्रेमचंद दास, उमेश कुमार सिंह, राधेश्याम प्रसाद, रंजीत सिंह, विजय सिंह का नाम शामिल है।

## दो दिन से मध्यान भोजन बंद, ग्रामीणों ने किया हंगामा

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय लकड़ी में दो दिन से मध्यान भोजन है बंद। वहीं शिक्षक 2 बजे ही विद्यालय बंद कर नदारत। ग्रामीणों ने किया हंगामा। ग्रामीण सावित्री देवी, चंदा देवी, चिंता देवी, शोभा देवी, माया देवी, लालती देवी, सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय में बच्चों को कभी मध्यान भोजन मिलता है तो कभी नहीं मिलता है। बीते दो दिन से बच्चों को मध्यान भोजन नहीं मिल रहा है। विद्यालय भी 2 बजे ही बंद कर दिया जाता है। रशोईया सुनैना देवी एवं मीना कुंवर के द्वारा बच्चों के साथ मध्यान भोजन देने में उच्च-नीच जाती कहते हुए भेद भाव किया जाता है। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रम्भा देवी ने बताया कि प्रभारी प्रधानाध्यापक बनवारी राम के द्वारा विद्यालय में मनमानी किया जाता है। मेरे बिना सहमति के पैसा का निकासी कर अनुचित कार्य करते हैं। पैसा भी मेरे बिना साइन के निकासी करते हैं। मेरे द्वारा लाए गए सामग्री का राशि नहीं देते हैं। बीते दो दिन से गैस नहीं होने के वजह से मध्यान भोजन नहीं बन रहा है। जब हम प्रभारी प्रधानाध्यापक बनवारी राम से कुछ कहते हैं तो अश्लील भाषा का प्रयोग करते हुए, गली गलौज करते हैं। इसकी शिकायत हम 29 नवम्बर को ही बीआरसी में कर चुके हैं। वहीं सहायक शिक्षक धर्मदेव राउत ने कहा कि मध्यान भोजन बंद था। जिसके वजह से हम 2 बजे छूटी कर घर चले गए। प्रभारी प्रधानाध्यापक बनवारी राम से जानकारी लेने के लिए जब फोन लगाया गया तो मोबाइल स्विच ऑफ था।

**क्या कहते है बीपीओ :** इस संबंध में शिक्षा विभाग के बीपीओ रविन्द्र मेहता से पूछे जाने पर कहा कि हमको जानकारी नहीं था कि विद्यालय में मध्यान भोजन बंद है। और समय से पहले विद्यालय को बंद कर दिया जा रहा है। जांच कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारी को लिखेंगे।

### बिजली के चपेट में आने से छात्र घायल

**गढ़वा।** केतार थाना क्षेत्र के कोंसडीहरा गांव में मंगलवार की सुबह आठवीं कक्षा की छात्र विवेक कुमार उम्र (13 वर्ष) बिजली की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार कधवन गांव निवासी जयराम चौधरी का पुत्र विवेक ट्यूशन पढ़ने गुरुड़ गांव जा रहा था। इसी क्रम में कोसडीहरा गांव के समीप आहर में शौच करने गया और ग्यारह हजार वोल्ट की चपेट में आने से उसका पैर जख्मी हो गया। साथी छात्रों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। आनन फानन में परिजनों ने विवेक को इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा में भर्ती कराया गया। डाक्टर ने प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया है। बताते चले कि विगत एक साल पूर्व भी जंगली सूअर मारने के लिए अरहर के खेत में नंगा तार लगया था जिससे एक बालक बुरी तरह जल गया था। जिसको लेकर बालक का दोनों हाथ डॉक्टरों ने काट कर अलग कर दिया था। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया की जंगली पशुओं का शिकार करने के लिए अज्ञात लोगों द्वारा ग्यारह हजार वोल्ट का नंगा तार बिछाया गया था। घटनास्थल से पुलिस ने एक पैशन प्रो बाइक, दो कम्बल, बिजली का तार सहित अन्य समाग्री बरामद किया है। इसमें संलिप्त लोगों के बारे में पुलिस तहकिकात में जुट गई है।

### गोवंश हत्या के प्राथमिक अभियुक्त गिरफ्तार

**चिनिया (गढ़वा)।** थाना क्षेत्र के रानीचेरी गांव निवासी इमामुद्दीन अंसारी उर्फ इमामुद्दीन मंसूरी को चिनिया पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है। इसकी जानकारी देते हुए चिनिया थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने बताया कि चिनिया थाना कांड संख्या 51 /2022 धारा 290 /295 भादवी एवं 12 झारखंड गोवंश पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम 2005 के पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 के अप्राथमिकी अभियुक्त था। जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बताते चलें कि लगभग दो माह पूर्व थाना क्षेत्र के सेमराटाड़ में गोकशी का मामला आया था। जिसमे पूर्व में भी समिम अंसारी नामक एक व्यक्ति को जेल भेजा जा चुका है। वहीं उसी केस के गोवंश के प्राथमिक अभियुक्त इमामुद्दीन अंसारी उर्फ इमामुद्दीन मंसूरी को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया गया है।

### प्रमुख व जिप सदस्य ने निर्माणाधीन एसएफसीआई गोदाम का जांच किया

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** प्रखंड प्रमुख शोभा देवी व जिप सदस्य रंजनी शर्मा ने मंगलवार को प्रखंड परिसर में निर्माणाधीन एसएफसीआई गोदाम के निर्माण कार्य का जांच किया। जांच के दौरान प्रखंड के जेई प्रेमचंद गुप्ता भी मौजूद थे। जाँच के क्रम ने प्रमुख एवं जिप सदस्य ने निर्माणाधीन गोदाम की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए कहा कि संवेदक द्वारा मानक के अनुरूप कार्य नहीं कराया जा रहा है। गोदाम निर्माण में दो नम्बर के ईंट और बालू का उपयोग किया जा रहा है। गोदाम के नींव की ढलाई मानक के अनुसार नहीं किया गया है। मौके पर मौजूद जेई प्रेमचंद गुप्ता ने प्रमुख और जिप सदस्य को अवगत कराते हुए कहा कि गोदाम की नींव की ढलाई मानक के अनुसार ही की गई है। गोदाम के दिवार की जोड़ाई में दो नम्बर ईंट प्रयोग नहीं की जा रही है। ईंट की गुणवत्ता अच्छी है। जेई ने प्रमुख और जिप सदस्य को बताया कि एसएफसीआई गोदाम का निर्माण गुणवत्तापूर्ण और प्राक्कलन के अनुसार ही संवेदक द्वारा कराई जा रही है।

### आंगनबाड़ी केंद्र का शिलान्यास

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** प्रखण्ड क्षेत्र के चपरी पंचायत के लालकी माटी दामर में मुख्य प्रखण्ड प्रमुख शोभा देवी, सीओ रामा शंकर श्रीवास्तव, जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, बीस सूत्री अध्यक्ष इंद्रदेव बैठा मुखिया शैलेश चौबे, बीपीओ दयानंद प्रजापति ने संयुक्त रूप से आंगनबाड़ी केंद्र का शिलान्यास किया। मौके पर प्रखण्ड प्रमुख ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बन जाने से टोला के छोटे- छोटे बच्चों के पढ़ने के साथ अच्छी तरह से पोषित हो। इस लिए आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण किया जा रहा है। चपरी पंचायत के मुखिया शैलेश चौबे ने कहां यहां आंगनबाड़ी भवन नहीं रहने के कारण पांच वर्ष के छोटे बच्चों को नियमित पोषाहार और नर्सरी की पढ़ाई सुव्यवस्थित ढंग से नहीं हो पाती थी। इस मौके पर रोजगार सेवक विष्णु कांत उरांव, तहमिद अंसारी, सेविका माया कनौजिया, जितेंद्र चौबे, दिनेश पासवान, सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### अवैध बालू के साथ तीन ट्रेक्टर सहित चार गिरफ्तार

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** थाना पुलिस ने मंगलवार की सुबह अवैध रूप से बालू पर रोक के बावजूद बालू माफियाओं के द्वारा अवैध बालू के कारोबार पर नकेल कसते हुए। तीन ट्रेक्टर एवं चार लोंगो को गिरफ्तार करते हुए। भवनाथपुर थाना कांड संख्या 193 / 22 दिनांक 06/12/2022 धारा 379/ 414 /34 भा०द०वी ० 21 टट(उ्फ़)एक्ट 1957, 4/54खटटउअ १४ी 2017 के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए चार लोगों को जेल भेज दिया है। जिसमे अभियुक्त चालक सुशील कुमार उम्र 20 वर्ष पिता संजय बियार ग्राम मुकुंदपुर, सुदीप कुमार उम्र 19 वर्ष पिता सुखाड़ी साह, अजय कुमार उम्र 18 वर्ष, पिता मखन साह, मालिक इंद्रदेव कुमार गुप्ता उम्र 30 वर्ष पिता मुखलाल साह तीनों ग्राम ताली सभी थाना केतार निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया है।

## ट्रॉमा सेंटर में विशेष दिव्यांग शिविर का आयोजन

**श्री बंशीधर नगर।** जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निर्देशक के निर्देशन का अनुमंडल मुख्यालय स्थित ट्रॉमा सेंटर में विशेष दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जिप अध्यक्ष शांति देवी, सिविल सर्जन डॉ अनिल सिंह, उपाधीक्षक सुचित्रा कुमारी, मजिस्ट्रेट अजय तिर्की, बिससूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, बीडीओ श्रवण राम, सीओ अरुण मुंडा, जिपस बाला रानी प्रमुख उर्मिला देवी संयुक्त रूप दिप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में दिव्यांग अपने परिजनों के साथ सुबह से ही पहुंचने लगे थे। उनके बैठने के लिये पंडाल की व्यवस्था की गई थी। शिविर में पहुंचे लोगों के आवेदन को सही पूर्वक भरने, ब्लड ग्रुप जांचने सहित आवेदन फार्म वितरण को लेकर अलग अलग टीम बनाकर स्टॉल लगाए गए थे। उक्त कैंप में उपाधीक्षक सदर अस्पताल गढ़वा डॉ अवधेश सिंह मनोचिकित्सक पदाधिकारी सदर अस्पताल पलामू डॉ आशीष कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजय, डॉ जियाउल हक, डॉक्टर राजेश कुमार सिंह द्वारा के जांचोपरांत दिव्यांग लाभुकों को प्रमाणपत्र देने का कार्य किया गया।आयोजित कैम्प में कुल 270 मरीजों का जांच किया गया। जिसमे मानसिक विकार अंतर्गत 22, नेत्र विकार के 20, अस्थि विकार 58, ईएनटी के 07, आदि के 04 एवं अन्य श्रेणी के 159 मरीजों का जांच किया गया। सभी आवेदनों का निष्पादन 3 दिनों के अंदर करते हुए विशिष्ट दिव्यांगता प्रमाण पत्र देने का काम किया जाएगा एवं 1 सप्ताह के अंदर पेंशन से आच्छादित किया जाएगा। इस निमित जिला प्रशासन द्वारा दिव्यांगजनों को विभिन्न प्रखंडों से शिविर तक लाने हेतु विशेष वाहन की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई थी।जब कि कोइन्दी ग्राम निवासी 11 वर्षीय शोएब रजा दिव्यांग का प्रमाण पत्र बनने के बाद पेंशन भी स्वीकृत किया गया।मौके पर बीडीओ श्रवण राम,बिससूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, जिपस बाला रानी,प्रमुख उर्मिला देवी,डीएस डॉ सुचित्रा देवी,डॉ संजय कुमार, डॉ जियाउल हक,डॉ पीयूष प्रमोद,डीएस अवधेश सिंह, डॉ राजेश कुमार सहित भारी संख्या में दिव्यांग व उनके परिजन मौजूद थे।


**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**DRINKING WATER & SANITATION DIVISION, MEDININAGAR**

**E-Procurement Notice**
**(1th Call)**

**Short E-Tender Notice Reference no. DWSD/SVS/CLUSTER/MED-23/2022-23**
**Dated : 06-12-2022**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Department | Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand, Ranchi |
| 2 | Date of publication of Tender on Web site | 03.01.2023 / 12.30 P.M. |
| 3 | Date of Pre-bid Meeting | 10.01.2023 / 12.30 P.M. Office of the Engineer-In-Chief, D.W.S.D, Nepal House, Ranchi |
| 4 | Last date / Time for receipt of Bid | 20.01.2023 / 05.00 P.M. |
| 5 | Last date / Time for receipt of EMD Cost & BOQ Cost. (in Hard Copy) | 21.01.2023 / 05.00 P.M. 1. Office of the Regional Chief Engineer, Ranchi Zone Ranchi, D.W.S.D, Doranda, Ranchi 2. Office of the Superintending Engineer, DW&S Circle, Medininagar 3. Office of the Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 6 | Date & time of Opening of Tender | 24.01.2023 / 04.00 P.M. |
| 7 | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 8 | Name & Address of Tender Opening officer | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 9 | Contact No. of Procurement office | 9835068475 |
| 10 | Help No. of e-Procurement Cell | 0651-2490920 |
| 11 | Detailed survey, designing and drawing, construction of 17969 nos. FHTC in different block of Palamau District comprising of suitable R.C.C/Frame Structure ESR, Distribution Line, Source (as required) & 5 years Operation and Maintenance all complete job "On Turnkey Basis" under DW&S Division, Medininagar for the year 2022-23. | |

| SL. No. | Group No. | Name of Block | No. of Panchayat | No. of Village | No. of Scheme | Estimated Cost (In Lakh) | Earnest Money (In Lakh) | Cost of BOQ (In Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | SVS/CLUSTER-56 | Nawa Bazar | 1 | 7 | 56 | 544.68018 | 5.45 | 10000.00 | 9 Months |
| 2 | SVS/CLUSTER-57 | Nawa Bazar | 2 | 5 | 55 | 572.87742 | 5.73 | 10000.00 | 9 Months |
| 3 | SVS/CLUSTER-61 | Bishrampur | 2 | 5 | 71 | 711.12351 | 7.12 | 10000.00 | 9 Months |
| 4 | SVS/CLUSTER-62 | Bishrampur | 2 | 8 | 69 | 700.11796 | 7.01 | 10000.00 | 9 Months |
| 5 | SVS/CLUSTER-68 | Untari Road | 2 | 4 | 59 | 581.58064 | 5.82 | 10000.00 | 9 Months |
| 6 | SVS/CLUSTER-69 | Untari Road | 3 | 6 | 64 | 664.48962 | 6.65 | 10000.00 | 9 Months |
| 7 | SVS/CLUSTER-81 | Bishrampur | 2 | 12 | 72 | 721.65013 | 7.22 | 10000.00 | 9 Months |
| 8 | SVS/CLUSTER-82 | Bishrampur | 3 | 8 | 83 | 817.54116 | 8.18 | 10000.00 | 9 Months |
| 9 | SVS/CLUSTER-85 | Untari Road | 3 | 13 | 89 | 946.77957 | 9.47 | 10000.00 | 9 Months |

- **Estimated Cost & EMD Cost may vary.**
- **Further details can be seen on website** http://jharkhandtenders.gov.in

**SAVE WATER FOR COMING GENERATIONS**

**Executive Engineer**
**DW&S Division,Medininagar**

PR 284385 Drinking Water and Sanitation(22-23).D



**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA**

**VERY SHORT TENDER e-Procurement Notice**
**Tender Reference No. DWSD/UWSS/O&M/CH/36/2022-23 (2nd Call)**
**Date : 06.12.2022**

| Sl. No. | Particular | Details | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Outsourcing for O&M of Chatra Urban Water Supply Scheme including Cost of Labour Operation, Maintenance of Civil Work, Maintenance of Pipe Line, Maintenance of Mechanical and Electrical Components & Supply of required chemical Under D.W.&S. Division, Chatra on "TurnKey Basis" for the Year 2022-23 & 2023-24 | | | |
| | Group No. | Estimate Cost | Earnest Money | Cost of BOQ(Rs.) | Time of Completion |
| | UWSS/O&M/CH/01 | 24,96,537/- | 50,000/- | 5,000/- | One Year |
| 2 | Date of Tender Uploading in Website | 08.12.2022 at 5:00 PM | | | |
| 3 | Last Date / Time for Submission of Tender Documents | 14.12.2022 upto 5:00 PM | | | |
| 4 | Last Date & Time of Receiving EMD/Cost of BOQ (Hard Copy) | 15.12.2022 upto 3:00 PM In the Office of - Executive Engineer, D.W.&S. Division, Chatra and Superintending Engineer, D.W&S. Circle, Hazaribagh. | | | |
| 5 | Date of Opening Tender | 15.12.2022 at 5:00 PM | | | |
| 6 | Name & Address of Opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA (Jharkhand) | | | |
| 7 | Name & Address of Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA (Jharkhand) | | | |
| 8 | Contact No. of Procurement Office | +91-7544099310, +91-9931972161 or 06541-253273 | | | |
| 9 | Helpline No. of e-Procurement Cell | 0651-2480345 | | | |

- Estimated Cost & EMD Cost may be changed.
- Further details can be seen on & official website http://jharkhand tenders.gov.in.

**Executive Engineer**
**D.W.&S. Division, CHATRA**

PR284331 (Drinking Water and Sanitation)22-23*D



**कार्यालय : जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, लातेहार**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

मनिका विधान सभा क्षेत्र के विधायक निधि से कुल 100 विद्यालयों के छात्र/छात्राओं की बौद्धिक विकास एवं पुस्तकालय विकास के लिए अनुशंसित पुस्तकों के क्रय/आपूर्ति हेतु प्रतिष्ठित पुस्तक प्रकाशको/आपूर्तिकर्त्ता/पुस्तक विक्रेताओं से सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है –

| | | | |
|---|---|---|---|
| I. | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | :- | दिनांक– 21.12.2022 को अपराह्न 12:00 बजे तक |
| II. | निविदा जमा करने का स्थान | :- | जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, लातेहार। |
| III. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :- | दिनांक– 21.12.2022 को अपराह्न 1:00 से |
| IV. | निविदा खोलने का स्थान | :- | उप विकास आयुक्त, लातेहार के कार्यालय वैश्म। |

नोटः– निविदा संबंधित विस्तृत सूचना/ नियम शर्तें एवं अनुशंसित विद्यालयों/पुस्तकों की सूची www.latehar.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त
लातेहार

PR 284295 Rural Development (22-23)_D

## न्यूज गैलरी

### डॉ. भीम राव अंबेडकर हमेशा शिक्षा की शक्ति में विश्वास रखते थे : उत्तम

**लातेहार।** मनिका प्रखंड के अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई के नगर सह मंत्री अमित कुमार के नेतृत्व में मनिका स्थित अंबेडकर चौक के समीप डॉ. भीम राव अंबेडकर की पुण्यतिथि सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाई गई एवं विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उक्त मौके पर उपस्थित निवर्तमान नगर मंत्री उत्तम कुमार ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भारतीय संविधान के निमार्ता एक 'विश्व मानव' थे, जिन्होंने अपना जीवन देश की सेवा में समर्पित कर दिया। उनकी पुण्यतिथि पर, डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर को नमन करता हूं। उन्होंने यह भी कहा कि डॉ. अंबेडकर हमेशा शिक्षा की शक्ति में विश्वास करते थे। वही नगर सह मंत्री अमित कुमार ने कहा कि आज हम बाबासाहेब की पुण्यतिथी को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में माना रहे है। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि बाबा साहेब ने सही अर्थों में देश में सामाजिक सुधारों की नींव रखी, लोगों को देश में सामाजिक समरसता को मजबूत करने का संकल्प लेना चाहिए जो कि सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### नेतरहाट आवासीय विद्यालय में स्काउट शिविर का आयोजन



**महुआडांड़।** नेतरहाट स्थित नेतरहाट आवासीय विद्यालय में द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए स्काउट एवं गाइड प्रथम सोपान का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का मंगलवार को शुभारंभ किया गया। ज्ञातव्य हो कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्रों के लिए स्काउट एक अनिवार्य शिक्षकेतर क्रियाकलाप है। तृतीय वर्ष के बाद छात्र एनसीसी के तीनो विगो में सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं साथ ही साथ नेतरहाट आवासीय विद्यालय में शिक्षक प्रभारी के नेतृत्व में एक समाज सेवा मंडल भी कार्यरत है। इन विभिन्न गतिविधियों के द्वारा छात्रों में सेवा भावना भाईचारा सौहार्द जैसी भावनाओं को का विकास होता है। शिविर के उद्घाटन अवसर पर नेतरहाट आवासीय विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार सिंह, स्काउट प्रभारी प्रसाद पासवान, रवि प्रकाश सिंह, ओम प्रकाश, शिशुपाल महतो एवं गाइड कप्तान राधा कुमारी एवं निशी हेमरोम उपस्थित थे। शिविर उद्घाटन कार्यक्रम में सर्वप्रथम ध्वजारोहण कर ध्वज गीत गाया गया। प्रशिक्षु स्काउट छात्रों ने स्काउट ध्वज को सलामी दी। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ संतोष कुमार सिंह का एवं सभी उपस्थित माननीय का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर के किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए रवि प्रकाश सिंह ने स्काउट के द्वारा चरित्र उत्थान एवं माननीय मूल्यों के विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। श्री पासवान ने छात्रों को राजस्थान में होने वाले जंबूरी के बारे में जानकारी दी। इस शिविर में 9 छात्रों का चयन कर राजस्थान भेजने की बात कही गई।

### रेलवे क्लब में खेले जा रहे फुटबॉल टूर्नामेंट में चुंगरू और हरातु की टीम विजेता



**बरवाडीह।** ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट में रेलवे क्लब में मंगलवार को खेले गए मैच में चुंगरु व हरातू की टीम विजेता रही। मंगलवार के टूर्नामेंट के पहला मैच चुंगरू बनाम केड बीच खेला गया। जिसमें चुंगरू 4-2 विजेता रहा जबकी हरातू की टीम कुचला को 2-1से पराजित किया। जबकि बालिका वर्ग में बरवाडीह टीम को कुचिला के टीम के नहीं पहुंचने के कारण वॉक ओवर में विजेता घोषित किया गया जबकि रविवार को टूर्नामेंट की शुरूआत में पांच मैच खेले गए। जिसमें जिसमें केचकि ने बरवाडीह को 1-0 से पराजित किया। वही खुरा की टीम बरवाडीह से, मोरवाई की टीम लात से, उकामड़ की टीम छिपादोहर की टीम सेविजयी रहा जबकि बालिका वर्ग में मोरवाई की टीम छिपादोहर की टीम से 2-0 विजयी रहा। पांच दिनों तक चलने वाली फुटबॉल टूर्नामेंट में बालक वर्ग में 15 बालिका वर्ग में 5 टीमों ने हिस्सा लिया। मैच के सफल आयोजन में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, रंजीत कुमार राजू, रविंद्र नाथ चौधरी, रेलवे क्लब पूर्व उप मुखिया काजमी अनवर, सुबोध पाल, कोमल टोप्पो रेलवे क्लब कमेटी के अशफाक अहमद मुन्ना, प्रेम कुमार अधूरा, समेत रेलवे क्लब के सभी सदस्य सक्रिय थे। जबकि मौके पर चुंगरू पंचायत के मुखिया बलदेव परहिया, लाल मन उरांव समेत काफी संख्या में दर्शक और खिलाड़ी मौजूद थे।

### स्व. गोविंद महतो के पहले पुण्यतिथि पर पूर्व विधायक ने किया 100 असहायों के बीच कंबल का वितरण



**चंदवा।** रोल गांव स्थित जस्टिस एलपीएन शाहदेव उत्क्रमित उच्च विद्यालय में मंगलवार को करीब एक सौ असहायों के बीच कंबल का वितरण किया गया। उक्त वितरण कार्यक्रम इसी विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक रहे स्व० गोविंद महतो की पहली पुण्यतिथि पर किया गया। इस कंबल वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे पूर्व विधायक प्रकाश राम ने कहा कि असहायों की सेवा,मदद करना ही सच्ची मानवता है। इस भौतिक युग जहां लोग अपने माता-पिता की सेवा करने से कतरा रहे है ऐसे में पुण्यतिथि के दिन सेवा करना एक अच्छे संस्कार के परिचायक है। उन्होंने लोगों से राष्ट्र सेवा में लगे लोगों को ग्राम गौरव कार्यक्रम के तहत सम्मान देने की भी बात कही। वही राजकुमार पाठक ने स्व० गोविंद महतो के परिजनों के प्रति आभार जताया। स्व० महतो ने अपने 33 वर्ष के शिक्षक सेवा में 22 वर्ष बतौर प्रधानाध्यापक इसी विद्यालय में सेवा दी थी। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य चंद्रमणि राम ने किया वहीं धन्यवाद ज्ञापन आशीष सिंह ने किया। इससे पूर्व स्कूली बच्चों के द्वारा अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। तत्पश्चात सभी लोगों ने स्वर्गीय गोविंद प्रजापति के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर पंसस अनिरुद्ध कुजूर,बलकु मुंडा,हरिवंश प्रजापति, बैजू मुंडा, बालकिसुन गंझू समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

---

सामुदायिक पुलिसिंग के तहत अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र में शिविर का हुआ आयोजन

# ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए पदाधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** झारखंड-छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित अति नक्सल प्रभावित बूढ़ा पहाड़ के तिसिया एवं नवाटोली

- विकास योजनाओं का लाभ प्रदान करने एवं समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन

गांव में 5 दिसम्बर को सामुदायिक पुलिसिंग के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पुलिस उपमहानिरीक्षक पलामू राजकुमार लकड़ा, डीआईजी सीआरपीएफ ए. नेगी, उपायुक्त भोर सिंह यादव एवं पुलिस अधीक्षक लातेहार अंजनी अंजन, कमांडेंट 218 मोहम्मद खालिद खान शिविर में शामिल हुय। पदाधिकारियों ने शिविर में आये ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं से अवगत हुये। तिसिया में आयोजित शिविर में ग्रामीणों ने पीसीसी पथ निर्माण, पेयजल एवं सिंचाई के लिए कूप निर्माण एवं चापाकल का अधिष्ठापन, विद्यालय भवन जर्जर होने के कारण नये भवन का निर्माण, विद्यालय में शिक्षक की कमी को दूर करने हेतु घंटी आधारित शिक्षक की नियुक्ति करने की मांग रखा। जिस पर उपायुक्त लातेहार ने ग्रामीणों की समस्याओं का जल्द समाधान करने एवं ग्रामीणों को विकास योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेतु आश्वस्त किया। नवाटोली में आयोजित शिविर में भी ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न मांगो को रखा। उपायुक्त लातेहार ने उनकी समस्याओं के समाधान हेतु उन्हें आश्वासन दिया। तिसिया एवं नवाटोली में आयोजित शिविर में पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को कंबल, धोती साड़ी, चप्पल, शादी विवाह एवं अन्य कार्यक्रम हेतु किचन बर्तन सेट, बच्चों को पठन-पाठन सामग्री, फ्रॉक, शर्ट पैंट, खेलकूद की सामग्री फुटबॉल वॉलीबॉल इत्यादि प्रदान किया। शिविर में पुलिस एवं सीआरपीएफ के पदाधिकारी एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।



### सांसद-विधायक प्रतिनिधि ने गरीबों के बीच बांटे कंबल

**सिमरिया।** बढ़ते ठंढ को देखते हुए विधायक प्रतिनिधि सह मुखिया सुधीर सिंह, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र सिंह और उप मुखिया जीवन कुमार ने बनहे पंचायत भवन में वृद्ध गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया। इस कार्यक्रम में लगभग साढ़े तीन सौ वृद्ध लाभान्वित हुए। मुखिया सुधीर सिंह ने बताया कि प्रखंड प्रसाशन की ओर से उन्हें 150 कंबल गरीबों के बीच वितरण करने के लिए उपलब्ध कराया गया था। मगर जरूरतमंदों की संख्या दोगुने से भी ज्यादा थी। बढ़ते ठंड के कारण कोई तकलीफ में ना रहे इसलिए उन्होंने खुद के पैसे लगाकर लगभग साढ़े तीन सौ वृद्ध असहाय लोगों को कंबल मुहैया कराया। उन्होंने कहा कि वे अब गांवों में जाकर जरूरतमंदों से मिलेंगे। और उन्हें कंबल मुहैया कराएंगे।

### धनगड्डा घाटी में मिला अधेड़ का शव

**टंडवा।** टंडवा-सिमरिया मुख्य पथ पर स्थित धनगड्डा घाटी में अहले सुबह एक अधेड़ का शव देखे जाने से इलाके में सनसनी मच गयी। जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने टंडवा थाना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही टंडवा थाना की टीम घटनास्थल में पहुंच कर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना में मृत अधेड़ की पहचान चतरा शहर के बिंड मुहल्ला निवासी 50 वर्षीय प्रमोद भगत के रूप मे की गई।

# एलसीएब्लू ने शेरशाह जूनियर को 142 रन से हराया

- अजय कुमार साहू को मिला मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** सीनियर जिला क्रिकेट लीग का छठा मैच एल सी ए ब्लू ताथा शेरशाह जूनियर के बीच खेला गया।

- अजय कुमार साहू ने लिए पांच विकेट
- वार्ड पार्षद सह अधिवक्ता संतोष रंजन ने दिया पुरस्कार

जिसमे एल सी ए ब्लू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित ओवरों में सभी विकेट खोकर 229 रन बनाए। जिसमे शुभम कुमार 68, अनिकेत पाठक ने 52 रन का योगदान दिया। शेरशाह जूनियर की ओर से प्रशांत कुमार 3, आर्यन तिवारी ने 2 विकेट चटकाए। लक्ष्य कि पीछा करने उतरी शेरशाह जूनियर ने 18 वे ओवरों मे ही 87 रन बनाकर पूरी टीम ढेर हो गई। जिसमे ऋतिक राज ने 20 रन का योगदान दिया। एल सी ए ब्लू की ओर से अजय कुमार साहू 5, मो तौफीक ने 2 विकेट चटकाए। मैच के अंपायर रामकुमार साहनी तथा अंकित गौरव थे जबकि स्कोरिंग लवकुश कुमार ने किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार वार्ड पार्षद सह अधिवक्ता संतोष रंजन के द्वारा एल सी ए ब्लू के अजय कुमार साहू को दिया गया। मौके पर संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार, श्रवण महली, अंकित गौरव, प्रतीक आनंद, प्रथम सऊंडिक, बंकु समेत सैकड़ों दर्शक ताथा खिलाड़ी उपस्थित थे।

### नेतरहाट में हुआ क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू



**नेतरहाट।** नेतरहाट आवासीय विद्यालय में अंतर आश्रम वर्गीय क्रिकेट प्रतियोगिता सोमवार पांच दिसंबर से ओवल मैदान पर शुरू हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य संतोष कुमार सिंह ने किया। पहला मैच प्रथम आश्रम वर्ग और षष्ठ आश्रम वर्ग में खेला गया जिसमे पिछले वर्ष के विजेता टीम प्रथम आश्रम वर्ग ने अति रोमांचक मुकाबले में 2 विकेट से जीत हासिल की। षष्ठ आश्रम वर्ग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 170 रन बनाया। वही प्रथम आश्रम वर्ग की ओर से गौरव कुमार ने 11 छक्कों के साथ 73 रन बनाया। वह मैन ऑफ द मैच चुने गए। मैच में अनुशासन प्रभारी डॉक्टर प्रसाद पासवान की प्रमुख भूमिका रही। उद्घोषक का कार्य श्री मुकेश कुमार और रवि प्रसाद गुप्ता ने किया। वार्षिक परीक्षा के बाद मैच का आनंद सभी शिक्षकों और छात्रों ने ओवल मैदान पर उठाया।

हाथियों के झुंड ने केकराही में मचाया उत्पात

# मुखिया, पंसस समेत वन कर्मियों ने लिया नुकसान का जायजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मालहन पंचायत के केकराही गांव में सोमवार देर रात जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया है। हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाते हुए विदेशी गंझु के घर की दीवार को तोड़ दिया और घर में रखे अनाज को चट कर गए हाथियों ने सीताराम गंझू के खेत में लगे ईख की फसल को भी नुकसान पहुंचाया है ग्रामीणों की माने तो 12 से 13 की संख्या में हाथियों का झुंड देर रात गांव में आ धमका और विदेशी गंझू के घर में तोड़ फोड़ करने लगे। हाथियों ने कई घन्टे तक गांव में उत्पात मचाते रहे। हाथियों के भय से लोग सारी रात रतजगा करने को मजबूर हैं। हाथियों के झुंड की वजह से ग्रामीणों के बीच भय का माहौल बना हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही मालहन मुखिया जतरु कुमार मुंडा, पंसस लाछो देवी समेत वन कर्मियों ने केकराही गांव पहुंच कर हाथियों द्वारा पहुंचाये गए नुकसान का जायजा लिया। मौके पर मौजूद मुखिया श्री मुंडा ने कहा कि पीड़ित परिवार को वन विभाग के अधिकारियों से मिलकर मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जायेगा। केकराही में एक व्यक्ति की मौतमिली जानकारी के अनुसार सोमवार रात ही गांव के जगशर गंझु की मौत हो गई कुछ लोगों का कहना था कि जगशर की मौत हाथी के भय की वजह से हुई है इस संबंध रेंजर राकेश कुमार से पूछे जाने पर बताया गया कि वन कर्मियों की टीम ने केकराही गांव का दौरा किया जिसमें पाया गया है कि उक्त व्यक्ति की मौत का हाथियों से कोई संबन्ध नही है व्यक्ति की मौत अन्य किसी कारण से हुई है।



### पतसुगिया डैम से पुलिस ने शव किया बरामद

**हंटरगंज।** हंटरगंज पुलिस ने पतसुगीया डैम से सोमवार को एक शव बरामद किया। मृतक की पहचान डोभी थाना क्षेत्र के काढ़ी जाम गांव निवासी कमल यादव के 35 वर्षीय पुत्र राजकुमार यादव के रूप में किया गया है। उसकी मौत हो जाने से घरवालों का रो-रो कर बुरा हाल है । वहीं घर वालों का आरोप है कि उसकी हत्या कर उसके शव को डैम में फेंका दीया गया है । घटना की जानकारी पाते ही थाना प्रभारी सनोज चौधरी एवं एसआई निरंजन कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घटना से संबंधित उनके परिजनों से पूछताछ किया। वहीं शव को कब्जे में कर थाना ले आया गया है। परिजनों के द्वारा बताया गया कि वह अपने घर से 2 तारीख को अपने मंझलें भाई धनंजय यादव का पुत्र पैदा हुआ था उसे देखने उसके ससुराल पतसुगीया गांव आया था और देर शाम घर जाने को मोटरसाइकिल से निकले थे और घर नहीं पहुंचे।

आदिम जनजाति बहुल गांव में बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर प्रखंड कार्यालय का किया घेरा

# सरकारी सुविधाओं को जिला प्रशासन ग्रामीणों तक पहुंचाने में हो रही है : कन्हाई सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड के आदिम जनजाति बहुल गांव में रहने वाले ग्रामीणों की मूलभूत जन समस्याओं को लेकर आदिम जनजाति संघर्ष समिति के बैनर तले मंगलवार को प्रखंड कार्यालय के घेराव किया गया। जिसका नेतृत्व प्रखंड के पूर्वी

- शिक्षा की लचर व्यवस्था में हो रहा सुधार

क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह ने किया। पुराना प्रखंड कार्यालय परिसर से प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण इलाकों से आदिम जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों के परिवार के लोगों ने जुलूस निकालकर प्रखंड प्रशासन और जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखने का आरोप लगाया। नगर भ्रमण के बाद प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंचे आदिम जनजाति परिवार के लोगों ने जमकर नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों के प्रति प्रखंड प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराने का प्रयास किया। जहा इस दौरान आदिम जनजाति परिवारों के विरोध प्रदर्शन को देख प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय मौके पर पहुंची और उन्होंने उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास किया। वह इस दौरान आदिम जाति संघर्ष समिति के तत्वधान में जिले के उपायुक्त के नाम मांग पत्र सौंपने का काम किया गया। जिसके तहत आदिम जनजाति बहुल गांव में रहने वाले ग्रामीणों के पेयजल की समस्या, बिजली की समस्या के साथ-साथ पेंशन की राशि में बढ़ोतरी समेत से पेंशन की भुगतानसमय पर करने की मांग, आवास की मांग समेत एक दर्जन मांगों पर मांग पत्र के माध्यम से ध्यान आकर्षित कराने का काम किया गया। जिसका बीडीओ ने त्वरित कार्रवाई का आश्वाशन दिया। मौके पर कन्हाई सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन सरकार की सभी मूलभूत सुविधाओं को आदिम जनजाति परिवारों तक पहुंचाने में पूरी तरह से विफल है जिसका परिणाम है कि आदिम जनजाति परिवार के लोगों को अपने हक अधिकार के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है और अपनी मांगों को लेकर इस तरह के आंदोलन करने पड़ रहे हैं। कार्यक्रम में आदिम जनजाति बहुल क्षेत्रों में शिक्षा की लचर व्यवस्था कि और भी प्रखंड विकास पदाधिकारी का ध्यान आकर्षित कराया गया जिस पर बीडीओ ने लोगों को आश्वस्त किया कि वह नियमित रूप से आदिम जनजाति बहुल क्षेत्रों का भ्रमण कर शिक्षा व्यवस्था सुधार लाने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में कार्यक्रम में आदिम जनजाति परिवारों की कई लोगों ने भी अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं को बारी-बारी से रखा जिसका निदान करने का आश्वासन प्रखंड विकास पदाधिकारी ने दी। इस दौरान मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता जेम्स हेरेंज, धीरज कुमार, नीरज कुमार, मकल देव सिंह, सावित्री देवी, प्रतिमा देवी, बबीता देवी, सिकन्दर परहिया, सुरेंद्र कोरवा, महेश कोरवा, राजेश परहिया, सन्तोष परहिया, समेत काफी संख्या में कोरवा, परहिया समाज से जुड़े ग्रामीण मौजूद थे।




---

# चतरा जिला पुलिस मेंस एसोशिएशन का चुनाव हुआ संपन्न

**चतरा।** चतरा जिला पुलिस मेंस एसोसिएशन का चुनाव सोमवार की देर रात शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। चुनाव को लेकर कुल 5 केंद्र बनाए गए थे जहां विभिन्न केंद्रों पर कुल 925 मतदाताओं के स्थान पर कुल 835 मतदाताओं ने मतदान किया। गौरतलब है कि कुल 7 विभिन्न पदों के लिए 21 उम्मीदवार अपने भाग्य आजमा रहे थे। देर रात तक चले मतों की गिनती के बाद राहुल कुमार यादव को अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित घोषित किया गया। राहुल दूसरी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने हैं। राहुल को कुल 423 मत प्राप्त हुए। वही उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी रवि राम को कुल 86 वोटों से शिकस्त दी। इस मौके पर सभी विजयी प्रत्याशियों ने आज इटखोरी के माँ भद्रकाली मंदिर पहुंच कर माता का आशीर्वाद लिया। दूसरी ओर नवनिर्वाचित अध्यक्ष राहुल कुमार यादव ने इस अवसर पर कहा कि लोगों के विशवास व स्नेह ने मुझे यहां तक ला खड़ा किया और अपनी जीत का श्रेय एसोसिएशन के सदस्यों को देते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज
(E-mail: eercdmedini-jhr@nic.in)

शुद्धि-पत्र

एतद द्वारा सूचित करना है कि इस कार्यालय द्वारा दिनांक-01-12.2022 को विभिन्न समाचार पत्रो के माध्यम से ई-निविदा पत्रांक सं0- 07/RCD/DALTONGANJ/ 2022-23/1016 आमंत्रित की गई है, जिसका PR No. 284049 (Road) 22-23(D) है, जिसमें क्रमांक-2 में अंकित Estimated Cost 1,34,07,700.00 के स्थान पर 1,34,08,136.00 एवं क्रमांक-3 Bid Security Cost 1,35,000.00 के स्थान पर 2,68,200.00 पढ़ा/समझा जाय।

निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, डाल्टेनगंज।

PR 284340 Road(22-23)D



झारखण्ड सरकार,
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

41वीं औपबंधिक सूची जिला-लोहरदगा

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या-1938, दिनांक-20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :-लोहरदगा थाना काण्ड संख्या-102/92 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी विजय भगत द्वारा इस काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित (60-70) अज्ञात की संख्या पर दी गयीअनुशंसा सूची में नाम के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0-376<br>2. नाम-फिरोज शाह, पिता-स्व0 मकबुल शाह<br>3. ग्राम-मेन रोड़ थाना चौक लोहरदगा, पोस्ट-लोहरदगा, थाना-लोहरदगा, प्रखण्ड-लोहरदगा<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-45 वर्ष, पहचान चिन्ह-बांया कान कटा हुआ | कंडिका-2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0-377<br>2. नाम-पियूष कुमार, पिता-श्री लाल मोहन प्रसाद<br>3. ग्राम-महात्मा गांधी पथ, मेनका सिनेमा हॉल, पोस्ट-लोहरदगा, थाना-लोहरदगा, प्रखण्ड-लोहरदगा<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-45 वर्ष, पहचान चिन्ह-गाल में बायी तरफ तिल का निषान | कंडिका-2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0-171<br>2. आवेदक का नाम-परवेज आलम अंसारी , पिता-स्व0 इस्माइल अंसारी<br>3. ग्राम-राहत नगर, मस्जिद रोड ,पोस्ट-लोहरदगा , थाना-लोहरदगा ,प्रखण्ड-लोहरदगा<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-57 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नही | कंडिका-2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0-169<br>2. आवेदक का नाम-ओम प्रकाश सिंह , पिता-स्व0 बुधन सिंह<br>3. ग्राम-बुधन सिंह लेन , पोस्ट-लोहरदगा , थाना-लोहरदगा , प्रखण्ड-लोहरदगा<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-65 वर्ष , पहचान चिन्ह-माथे पर तिल का निशान | कंडिका-2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0-168<br>2. आवेदक का नाम-संजय कुमार वर्मन, पिता का नाम-स्व0 शिवनारायण प्रसाद<br>3. ग्राम-थाना रोड, पोस्ट-लोहरदगा, थाना-लोहरदगा, प्रखण्ड-लोहरदगा<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-58 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने नाक में मस्सा। | कंडिका-2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0-145<br>2. आवेदक का नाम- मो0 अख्तर अंसारी, पिता का नाम-स्व0 मुरतकिम अंसारी<br>3. ग्राम-इस्लाम नगर, पोस्ट-लोहरदगा, थाना-लोहरदगा, प्रखण्ड-लोहरदगा<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-53 वर्ष, पहचान चिन्ह- अंकित नही। | कंडिका-2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0-338<br>2. आवेदक का नाम-रउफ अंसारी, पिता का नाम-स्व0 रमजान अंसारी<br>3. ग्राम- थाना टोली, पोस्ट-लोहरदगा, थाना-लोहरदगा, प्रखण्ड-लोहरदगा<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-49 वर्ष, पहचान चिन्ह-बाएं आंख में तिल। | कंडिका-2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0-56<br>2. आवेदक का नाम-गुलाम मुज्तबा, पिता का नाम-स्व0 इमामुद्दीन खलीफा<br>3. ग्राम- थाना टोली, पोस्ट-लोहरदगा, थाना-लोहरदगा, प्रखण्ड-लोहरदगा<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-49 वर्ष, पहचान चिन्ह- अंकित नही। | कंडिका-2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0-149<br>2. आवेदक का नाम-राजमोहन राम, पिता का नाम-श्री वानेश्वर राम<br>3. ग्राम- कैरो, पोस्ट-कैरो, थाना-कैरो, प्रखण्ड-लोहरदगा<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-53 वर्ष, पहचान चिन्ह- बांये गाल में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0-109<br>2. आवेदक का नाम- मो0 आरिफ खान, पिता का नाम- स्व0 वाहिदुज्जमा खान<br>3. ग्राम-लापुर, पोस्ट-ककरगढ़, थाना-कुडू, प्रखण्ड-लोहरदगा<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-59 वर्ष, पहचान चिन्ह-बांये पैर में घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0-397<br>2. आवेदक का नाम-शाहीद अहमद, पिता का नाम-स्व0 सैयद सेराज अहमद<br>3. ग्राम-पावरगंज, पोस्ट- लोहरदगा, थाना- लोहरदगा, प्रखण्ड-लोहरदगा<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-61 वर्ष, पहचान चिन्ह- दांये आंख के नीचे मासा। | कंडिका-2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0-201<br>2. आवेदक का नाम- गुलाम मुस्तफा, पिता का नाम-मो0 अजीमउद्दीन<br>3. ग्राम-राहत नगर, पोस्ट-लोहरदगा, थाना-लोहरदगा, प्रखण्ड-लोहरदगा<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-54 वर्ष, पहचान चिन्ह-बांये हाथ में कटे का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0-146<br>2. आवेदक का नाम-मो0 फारूक कुरैशी, पिता का नाम-मो0 महमूद आलम कुरैशी<br>3. ग्राम-तैगी नगर कुरैशी मुहल्ला, पोस्ट-लोहरदगा, थाना-लोहरदगा, प्रखण्ड-लोहरदगा<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-50 वर्ष, पहचान चिन्ह- बांये आंख के नीचे मासा | कंडिका-2(ix) |

नोट :- 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची FIR में अज्ञात व्यक्तियों की संख्या के आधार पर औपबंधिक रूप से प्रकाशित की गई है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।
4. इस सूची के शेष आवेदकों को अगले चरण में प्रकाशित किया जायेगा।

(कार्तिक सोनार)
उपरोक्त का टंकण एवं मिलान मेरे द्वारा किया गया है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 284327 Home(22-23)#D

## न्यूज गैलरी

### बीस सूत्री की बैठक 17 दिसम्बर को, बीडीओ ने दी जानकारी

किस्को/लोहरदगा। किस्को प्रखंड बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति की बैठक आगामी 17 दिसंबर को प्रखंड मुख्यालय के सभाकक्ष में योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि किस्को प्रखंड क्षेत्र में सरकार की ओर से जनहित में उतारी गई विकास योजनाओं को पूरी पारदर्शिता के साथ क्रियान्वयन हेतु आगामी 17 दिसंबर को रखी गई है। बीडीओ ने जानकारी देते हुए कहा कि समीक्षा बैठक में सभी विभागीय पदाधिकारी एवं किस्को प्रखंड बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों को उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने हेतु आह्वान किया गया है।

### शरीर व आत्मा को नियंत्रित करने में योग सहायक होता है : निर्भय भारती



कुडू/लोहरदगा । गांधी मेमोरियल प्लस टू उच्च विद्यालय माराडिह में बुधवार को योग शिविर आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय के कक्षा नवम के ब्यूटी एंड वेलनेस की छात्राओं को पतंजलि योग समिति के प्रशिक्षक निर्भय भारती द्वारा योगाभ्यास कराया गया। साथ ही योग के बारे विस्तार से जानकारी दी गई। मौके पर योग प्रशिक्षक निर्भय भारती ने कहा कि शरीर व आत्मा को नियंत्रित करने में योग सहायक होता है। इसके नियमित अभ्यास से तनाव और बीमारी दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि योग दिल को स्वस्थ रखने में भी सहायक होता है। साथ ही शरीर व नसों में रक्त प्रवाह को बढ़ाता है। प्रति दिन आधे घंटे का योगाभ्यास शारीरिक, मानसिक और आध्यत्मिक स्वास्थ्य के बीच संतुलन को बनाए रखने के साथ साथ आपके जीवन में बदलाव ला सकता है। इस दौरान विद्यार्थियों में योग पुस्तिका का भी वितरण किया गया ।मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्रधाध्यापक रमेश कुमार साहु, विद्यालय समिति के अध्यक्ष सत्यजीत भारती, व्यावसायिक प्रशिक्षक डॉली वर्मा आदि मौजूद थे।

### लापरवाही के कारण हजारों लीटर पानी हो रहा है बर्बाद

बानो। बानो ऊपर चौक स्थित पानी टंकी में पानी भरने के क्रम में प्रतिदिन हजारों लीटर पानी बह जाता है मिली जानकारी के अनुसार घर घर पानी सप्लाई के लिये ऊपर चौक स्थित पानी टँकी में देवनदी से मशीन द्वारा पानी फिल्टर हाउस से पानी टँकी में भरा जाता है। पानी टँकी में पानी सप्लाई में लगे कर्मचारियों के लापरवाही के कारण प्रतिदिन हजारों लीटर पानी बह जाता है ।मिली जानकारी के अनुसार कार्य देख रहे कर्मी द्वारा पम्म खोल कर छोड़ दिया जाता है जिससे घण्टो पानी बहता रहता है।

### महिला हिंसा के विरुद्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



सिमडेगा। सिमडेगा सदर प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध अभियान के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जेएसएलपीएस सिमडेगा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर के प्रतिनिधि अंशु कुमार सिंह एवं प्रियंका कुमारी ने वन स्टॉप सेंटर द्वारा महिला हिंसा से पीड़ित महिलाओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं को विस्तार से बताया। इसके अलावा महिला हिंसा के प्रकार, कारण और रोकथाम विषय पर भी जानकारी दिया गया। दूसरे क्रम में डालसा के अधिवक्ता प्रभात कुमार ने लोक न्यायालय द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे सेवाओं पर चर्चा करते हुए पोस एवं पोक्सो कानून के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कोलेबिरा, बानो, ठेठईटांगर एवं पाकरटांड प्रखंड में कार्यरत क्लस्टर कोऑर्डिनेटर्स एवं जेंडर सीआरपी ने भाग लिया, जो कि पंचायत स्तर पर महिला क्लस्टर संगठन एवं ग्राम संगठन के साथ मिलकर क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। उक्त जानकारी अभय कुमार, जेएसएलपीएस द्वारा दी गई।

---

कांग्रेस ने निकाली आठ किमी तक भारत जोड़ा पद यात्रा

# देश के स्वतंत्र संस्था पर केंद्र सरकार कब्जा कर संस्था का कर रही है दुरुपयोग : राजेश ठाकुर





**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की के नेतृत्व में भारत जोडो पैदल यात्रा निकाली गई। पैदल यात्रा खूंटी टोली चौक से शुरू हुई। जो एनएच से जिला मुख्यालय होते हुए टुकुपानी स्कूल मैदान पहुंचे। भारत जोड़ा पैदल यात्रा लगभग 8 किमी तक गई। पदयात्रा में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, भारत जोडो अभियान के प्रदेश संजोजक सह पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, कला संस्कृति फिल्म विभाग के प्रदेश अध्यक्ष भानु प्रताप,पूर्व राज्य सभा सांसद प्रदीप बलमुचु, सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाडी सहित हजारो कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आम जनता शामिल हुए। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने भारत जोड़ने की बात इस लिए कर रहे है क्योंकि आज देश की स्वतंत्र संस्था पर केंद्र सरकार ने अपना कब्जा कर दुरुपयोग करने की कोशिश कर रही है। सांसद तक को बोलने नही दिया जा रहा है। अगर कोई सांसद संसद में देश की बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई पर चर्चा, कॉपी किताब पर लगाने वाला टैक्स की चर्चा करना चाहे तो माईक बन्द कर दिया जाता है। देश की 90 प्रतिशत मीडिया पर केंद्र सरकार का दबाव है। यही कारण है कि मीडिया भी खुल कर अपनी बात नही लिख पा रहे है। ऐसे में भारत की जनता को इस ताना साही सरकार के खिलाफ हमे जन आंदोलन के लिए भारत जोडो अभियान के माध्यम से हम सीधे आपके संपर्क में आ कर आप से अपनी बात रखने का कार्य कर रहे है।

#### भाजपा सरकार देश में भय का माहौल बना रही है: सुबोधकांत

पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि आज देश मे भाजपा सरकार द्वारा भय का माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। कल तक हम एक दूसरे के साथ रह कर हर पर्व त्योहार मनाया करते थे। परंतु आज हम एक दूसरे को शक की निगाह से देख रहे है। इसी कारण कांग्रेस आज देश जोड़ने की बात हम करते है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश को एकजुट करने एवं लोगों को एक साथ लाने के लिए पदयात्रा कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसके तहत पुरे देश में कांग्रेस के नेता, कार्यकर्ता सहित आम जन पदयात्रा कर रहे हैं।

## सेन्हा में कांग्रेसियों ने प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी का पुतला दहन किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के द्वारा 24 राज्यो में 25 जिलाध्यक्ष की सूची जारी की है जिसमे एक भी जिलाध्यक्ष के पद पर अल्पसंख्यक समुदाय को जगह नही मिली है। इस बात से नाराज होकर सेन्हा प्रखंड के काँग्रेसियों ने विशुनपुर विधान सभा यूथ अध्यक्ष इमरान आजाद के नेतृत्व में सेन्हा प्रखंड अन्तर्गत छोटी मस्जिद के समीप झारखण्ड प्रदेश काँग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर व प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय का पुतला दहन किया। पुतला दहन से पहले कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने राजेश ठाकुर मुदार्बाद, अविनाश पाण्डेय होश में आओ का नारा लगाया। मौके पर इमरान आजाद ने कहा कि राज्य नेतृत्व के हित में अल्पसंख्यक समुदाय को राज्य के नेता अनदेखा करते हुए काँग्रेस पार्टी में अल्पसंख्यक मुक्त झारखण्ड बनाना चाहते हैं। जिस तरह से व्यक्तिगत स्वार्थ हित में निर्णय लेते हुए जिला अध्यक्ष का चुनाव किया गया वैसे में अल्पसंख्यक समुदाय का संगठन के कार्यकर्ता आहत हैं। एक तरफ राहुल गांधी नफरत छोड़ो भारत जोड़ो नारा के साथ कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम कर रहे हैं। तो दूसरे तरफ प्रदेश नेतृत्व में काँग्रेस को कमजोर करने के उद्देश्य से जातिगत स्वार्थ हित में कार्य कर रहे हैं।

## अगले साल तक पूरे गुमला जिले को टीबी मुक्त कर दिया जायेगा : उपायुक्त

◆बसिया ने हमेशा इस तरह के तमाम अवसरों पर पूरे जिले को दिशा देने का काम किया है और आम लोगों के द्वारा टीबी मरीजों को अपने खर्च पर पोषाहार उपलब्ध कराने की यह पहल इसका एक अनुकरणीय उदाहरण है।






**नवीन मेल संवाददाता**

**बसिया।** अगले साल तक पूरे गुमला जिले को टीबी मुक्त कर लिया जाएगा। इसके लिए जन भागीदारी को मुख्य आधार बनाते हुए बसिया से इसकी शुरूआत कर दी गई है। इस आशय का संकल्प लेते हुए जिले के उपायुक्त सुशांत गौरव ने मंगलवार को बसिया में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ किया। इसके लिए प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित तत्संबंधी कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों ने जिस उत्साह के साथ टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार किट उपलब्ध कराने की पहल की है वह बहुत ही उत्साह वर्धक है। इसकी विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि बसिया ने हमेशा इस तरह के तमाम अवसरों पर पूरे जिले को दिशा देने का काम किया है और आम लोगों के द्वारा टीबी मरीजों को अपने खर्च पर पोषाहार उपलब्ध कराने की यह पहल इसका एक अनुकरणीय उदाहरण है। इस कार्यक्रम का पूरे जिले में विस्तार करने की घोषणा करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी कार्यक्रम की सफलता के लिए जनभागीदारी एक आवश्यक शर्त है और इस उत्साह के बल पर यह दावा किया जा सकता है कि एक वर्ष में न केवल पूरे जिले को टीबी मुक्त कर लिया जाएगा बल्कि जनभागीदारी व सामान्य प्रशासन के बीच के रिश्ते की इस पहल से जिले को एक नई मुकाम पर पहुंचाने का दावा किया जा सकेगा। ज्ञातव्य है आज बसिया में प्रखंड के सभी टीबी मरीजों को जनसहयोग से पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर यहां उपायुक्त के द्वारा सभी छियालीस टीबी मरीजों को पोषण किट व कंबल का वितरण करते हुए किट उपलब्ध करनेवाले समाज के विभिन्न वर्ग के गणमान्य नागरिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने का काम किया गया। कार्यक्रम में बसिया के अनुमंडल पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर, अंचलाधिकारी रविन्द्र पांडे, प्रखंड विकास पदाधिकारी रविन्द्र कुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में आम ग्रामीणों की उपस्थिति दर्ज की गई।

## सिमडेगा के बड़काडुइल में नाबालिग की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**बानो।** बानो थाना क्षेत्र की बड़काडुइल पंचायत स्थित बिंगोड़ा डोंगीझरी नाला के समीप केउन्दटांड़ मेड़ के समीप पुलिस ने नाबालिग लड़की का शव बरामद किया है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल,सिमडेगा भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि एक नाबालिग लड़की की हत्या कर शव को फेंक दिया गया था। जिसकी जानकारी ग्रामीणों को हुई। ग्रामीणों ने सूचना थाना को दी ।सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में किया ।हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने बताया कि लड़की के चेहरे पर कई जगह जख्म के निशान हैं ।मामले की छानबीन की जा रही है ।लड़की की पहचान जिलानी लोमगा के रूप में हुई ।

## मतदाता सूची में डीलर नाम जोड़ने में दिखाएं गंभीरता : शंकर प्रसाद



**किस्को/लोहरदगा।** किस्को प्रखंड मुख्यालय के सभाकक्ष के विगत शनिवार को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी शंकर प्रसाद की अध्यक्षता में किस्को और पेशरार प्रखंड क्षेत्र के सभी डीलरों के साथ बैठक कर क्षेत्र में संचालित सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को अपने कार्यों के प्रति इमानदारी बलतने और कार्डधारकों के साथ बेहतर तालमेल बनाकर राशन वितरण करने का निर्देश दिया गया। इधर बैठक में उपस्थित सभी डीलरों को निर्देश देते हुए एमओ शंकर प्रसाद ने कहा कि किस्को और पेशरार क्षेत्र के डीलर मतदाता सूची में नाम जोड़ने में अग्रणी भूमिका निभाने का विशेष कार्य करें ताकि छूटे हुए मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो सके। उन्होंने डीलरों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी दुकानदार अपने कार्यों के प्रति गंभीरता दिखाएं और जनता को उन्हें उनका हक अधिकार देने में अहम भूमिका निभाएं। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष सामुल अंसारी, पंचायती राज पदाधिकारी महेश कुमार चौहान, पंचायत सचिव विवेक कुमार, डीलर शेख सादिक, नौशाद अहमद, जयवंत कुजूर, भरत प्रसाद, लतीफ अंसारी, सुदर्शन प्रसाद, नबीऊल हसन, ज्ञान प्रसाद, अवधेश साहु, सीमा देवी, कुलेश्वर साहु सहित अन्य जन वितरण प्रणाली दुकानदार मौजूद थे।

## झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मुसलमानों को ठगा : हाजी शकील



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 4 दिसंबर को अपने 24 जिला के अध्यक्षों घोषणा की जिसमें कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश में 24 जिलों में एक भी मुसलमानों को जिला का अध्यक्ष नहीं बनाया। यह कांग्रेस का असल चेहरा को बेनकाब करता है यह कहना है हाजी शकील अहमद का जो कांग्रेस के वरिष्ठ नेता है। उन्होंने कहा कि 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा ने यह पहली बार साबित किया कि इस देश में मुसलमानों के समर्थन के बिना भी पूर्ण बहुमत की सरकार बन सकती है। इसके बाद से लगातार क्षेत्रीय और केंद्रीय पार्टी पार्टियों हिंदुत्व के एजेंडा पर काम कर हिंदू वोटर्स को लुभाने की कोशिश में लगी हुई है। हर राजनीतिक पार्टी मुसलमानों के मुद्दे पर खामोशी रहा जती है । देश के बड़ी आबादी वोटर्स को अपने करीब करने के प्रयासरत है। झारखंड जहां मुसलमानों की जनसंख्या 18 % से अधिक है और लगभग 50 लाख से अधिक मुसलमान रहते हैं जिसका प्रभाव 20 से अधिक विधानसभा के सीटों पर पड़ता है यह सारे वोटर्स आज तक झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के परंपरागत वोटर है। यह सरकार बनाने में मुख्य भूमिका निभाते हैं झारखंड के बावजूद मौजूदा गठबंधन की सरकार मुसलमानों के मतों से ही सत्ता पर आई है पर 2019 में सरकार बनने के बाद अब तक केवल मुसलमानों के अहम मुद्दे जैसे शिक्षा, रोजगार, आरक्षण और सुरक्षा पर सरकार चुप्पी साधी हुई है। मॉब लिंचिंग कानून भी अब तक पारित नहीं हो पाया है। चुनाव से पहले मुसलमानों को भाजपा और हिंदुत्व का डर दिखाकर पूछ लेना और सत्ता आने के बाद फिर मुसलमानों को मुद्दों पर खामोश हो जाना यही अब यासत रह गई है।

## नियोजनालय विभाग से संबंधित उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा ने नियोजनालय विभाग की समीक्षा बैठक की। उपायुक्त ने नियोजन कार्यालय अंतर्गत संचालित योजनाओं व कार्यों की विस्तुत समीक्षा की। उन्होंने जिले में रोजगार मेला आयोजन कराने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्देश दिया। अल्बर्ट एक्का स्टेडियम, सिमडेगा में माह फरवरी 2023 में रोजगार मेला आयोजन कराने की दिशा में आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही रोजगार मेला को सफल बनाने को लेकर कार्य योजना तैयार कर अभी से ही जिले एवं प्रखण्ड में व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। तथा अधिक से अधिक बेरोजगार युवक-युवती को रोजगार से जोड़ने हेतु महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक में जिला नियोजन पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा उपस्थित थे।


## सेन्हा थाना पुलिस ने किया अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना पुलिस ने अवैध बालू लदा एक बिना नम्बर के ट्रैक्टर को जब्त किया है। अंचलाधिकारी विजय कुमार ने बताया कि बालू के अवैध खनन एवं परिवहन को लेकर गुप्त सूचना मिली थी की मेढो कोयल नदी से अवैध बालू दोहन हो रही है इसकी सूचना मिलने पर पुलिस कारवाई के दौरान ट्रैक्टर चालक बालू लोडेड ट्रैक्टर को लेकर भागने लगा तभी पुलिस पीछा कर सेन्हा बरवाटोली पथ पर धर दबोचा और थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। पु0आ0नि0 संतोष कुमार ने बताया कि सीओ विजय कुमार के नेतृत्व में लगातार बालु परिवहन एवं खनन को लेकर करवाई किया जा रहा है। बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर का पकड़े गए ट्रैक्टर पर अग्रतर कारवाई हेतु जिला सहायक खनन पदाधिकारी एवं परिवहन पदाधिकारी लोहरदगा को अवगत कराया गया है। संबंधित विभाग के निर्देशानुसार नियम संगत कारवाई किया जाएगा।

# अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ कुरडेग पुलिस ने की कार्रवाई जावा महुआ किया नष्ट





**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** पुलिस अधिक्षक सिमडेगा के आदेशानुसार सिमडेगा पुलिस के द्वारा अबैध देशी शराब के खिलाफ अभियान चलाकर इस धंधे को पुरी तरह नष्ट किया जा रहा है इसी के तहत कुरडेग थाना प्रभारी मुन्ना रमानी के नेतृत्व में मंगलवार को कुरडेग थाना क्षेत्र के कदमटोली और खालीजोर गाँव में गुप्त सुचना के आधार पर अवैध देशी शराब के कारोबारियों के खिलाफ बड़ी कार्यवाई की गई ।थाना प्रभारी मुन्ना रमानी को गुप्त सुचना मिली कि थाना क्षेत्र के कदमटोली और खालीजोर गाँव में अबैध देशी शराब बनाई एवं बेची जा रही है सुचना के आलोक में पुलिस टीम ने छापेमारी कर मौके से अर्द्ध निर्मीत शराब , जावा महुआ , शराब को जहरीला बनाने के लिए उसमें प्रयुक्त नौसादर , युरिया , नमक , गुड़ और शराब बनाने के उपकरण को पुरी तरह से नष्ट कर दिया वहीं अबैध कारोबारियों को गाँव में पुलिस आने की भनक लग गई जिससे वे मौके से भागने में सफल रहे ।थाना प्रभारी मुन्ना रमानी ने बताया कि पुलिस की ओर से लगातार यह कार्यवाई की जा रही है इसी क्रम में बीती रात मिली गुप्त सुचना के आधार पर इस तरह के सामग्री को नष्ट किया गया है उन्होने कहा कि पुलिस अधिक्षक महोदय के आदेश पर लगातार इस तरह की छापेमारी अभियान जारी रहेगी और अबैध धंधेबाजों के खिलाफ लगातार पुलिस की सख्ती जारी रहेगी। छापेमारी टीम में मुख्य रूप से थाना प्रभारी मुन्ना रमानी , एसआई अजीत प्रकाश, जेएसआई शंकर सिंह एवं थाना के सशस्त्र बल उपस्थित रहे ।

## ठेठईटांगर प्रखंड कार्यालय में कृषि विभाग द्वारा सरसों बीज का किया वितरण

**ठेठईटांगर।** ठेठाईटांगर प्रखंड में कृषि विभाग के तरफ से सरसों का बीज का वितरण किया गया जिसमें 53 लाभुकों को बीच विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू द्वारा बीज का वितरण किया गया मौके पर उन्होंने कहा सरकार भरपूर फसल खुशहाली के लिए किसान बंधुओं का ध्यान रख रहा है और उन्हें जब भी जरूरत पड़ता है ऐसे बीज 90% अनुदान 100% अनुदान में दे रहा है ताकि किसानों को खेती करने में कोई असुविधा ना हो। झारखंड के किसानों को समय पर धान की खेती करने के लिए उन्नत किस्म के बीज मिल सके इसके लिए राज्य सरकार द्वारा किसानों को अनुदानित दर पर बीज दिया जा रहा है. कृषि विभाग द्वारा चलायी जा रही इस योजना का लाभ किसानों को सही तरीके से मिल सके इसके लिए ब्लॉक चेन तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है. साथ ही सरसों फसल की बुआई के पहले बीज उपचार करना आवश्यक होता है।

अभाविप लोहरदगा नगर इकाई के द्वारा मनाया गया सामाजिक समरसता दिवस

# डॉ. भीमराव अंबेडकर हमेशा शिक्षा की शक्ति में विश्वास रखते थे : अभाविप



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लोहरदगा नगर इकाई में विभाग संयोजक अंकित कुमार के नेतृत्व में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाई गई एवं विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मौके पर उपस्थित विद्या विकास उच्च विद्यालय एवं बाल विकास विद्यालय नवाडी पाड़ा के प्राचार्य रामविलास सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान के निमार्ता एक 'विश्व मानव' थे, जिन्होंने अपना जीवन देश की सेवा में समर्पित कर दिया। उनकी पुण्यतिथि पर, मैं डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर को नमन करता हूं। उन्होंने यह भी कहा कि डॉ. अंबेडकर हमेशा शिक्षा की शक्ति में विश्वास करते थे। वही प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आदित्य साहू ने कहा कि बाबा साहेब ने सही अर्थों में देश में सामाजिक सुधारों की नींव रखी, लोगों को देश में सामाजिक समरसता को मजबूत करने का संकल्प लेना चाहिए जो कि सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर पूर्व नगर उपाध्यक्ष जान्ह्वी कंचन गोयल ने कहा की बचपन से लेकर उन्होंने जो जाति विशेष के साथ छुआछूत और भेदभाव वाली स्थिति को देखा है उसे देखते हुए अंबेडकर जी काफी रोषित और क्षुब्ध हुए और उन्होंने इस परंपरा को हटाने का संकल्प लिया तथा समाज को एक सूत्र में बांधने का निर्णय लेकर हमारे संविधान निर्माता के रूप में अवतरित हुए। आज हमारे देश को एक ऐसा संविधान दिए जो सब उनके लिए समानता का अधिकार लिए हुए है। बचपन से संविधान निर्मार्ता बनने तक के सफर का इन्होंने जानकारी दी।

## न्यूज गैलरी

### सोना 473 रुपये टूटा, चांदी में 1,241 रुपये की गिरावट



**नयी दिल्ली।** विदेशी बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच मंगलवार को दिल्ली सराफा बाजार में सोना 473 रुपये टूटकर 53,898 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 54,371 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोने की तरह चांदी भी 1,241 रुपये के नुकसान से 65,878 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना नुकसान के साथ 1,770.75 डॉलर प्रति औंस पर था। चांदी भी नुकसान के साथ 22.38 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, उम्मीद से बेहतर अमेरिका के सेवा क्षेत्र के आंकड़ों से फेडरल रिजर्व पर ब्याज दरों को ऊंचा रखने का दबाव बढ़ा है। इससे पीली धातु में गिरावट आई।

### केनरा बैंक ने एटीएम से कैश निकालने के नियम में किया बदलाव

नई दिल्ली। सरकारी बैंक केनरा बैंक ने एटीएम से कैश निकालने, पीओएस और ई कॉमर्स लेनदेन के नियम में बदलाव किया है। केनरा बैंक ने एटीएम से कैश निकालने की सीमा बढ़ा दी है। अब केनरा बैंक के खाताधारक अपने डेबिट कार्ड से पहले के मुकाबले अधिक कैश निकाल सकेंगे। केनरा बैंक की ओर से ट्वीट, वेबसाइट कर इसकी जानकारी दी गई है। वहीं ग्राहकों को ईमेल, एसएमएस और बैंक की आधिकारिक वेबसाइट पर इस नए नियम के बारे में जानकारी दी गई है। बैंक ने इन बदलावों को तत्काल प्रभाव से लागू करने का फैसला किया है। केनरा बैंक की वेबसाइट पर मौजूद जानकारी के मुताबिक अब बैंक के खाताधारकों को उनके डेबिट कार्ड के वेरिएंट के मुताबिक उसके ट्रांजेक्शन की सीमा को बढ़ाने का फैसला किया है। बैंक के नए नियम के मुताबिक क्लासिक डेबिट कार्ड से ट्रांजैक्शन की लिमिट को 40 हजार रूपए से बढ़ाकर 75 हजार रूपए कर दिए हैं यानी अब आप केनरा बैंक के क्लासिक डेबिट कार्ड से रोजाना 75 हजार रुपए निकाल सकेंगे। इसके अलावा बैंक ने डेबिट कार्ड धारकों के लिए डेली पीओएस कैप को 1 लाख रुपए से बढ़ाकर 2 लाख रुपए कर दिया है। इसके अलावा बैंक ने प्लेटिनम या बिजनेस कार्ड धारकों के लिए ट्रांजैक्शन की सीमा 50 हजार रुपए से बढ़ाकर 1 लाख रुपए प्रति दिन कर दिया है। वहीं पीओएस से लेनदेन की सीमा को 2 लाख से बढ़ाकर 5 लाख कर दिया है। बैंक ने कहा है कि उन्होंने आरबीआई की गाइडलाइंस को ध्यान में रखते हुए कार्ड ट्रांजैक्शन की सेफ्टी में बढ़ोतरी की है, ताकि किसी भी तरह से स्कैम को रोका जा सकें। बैंक ने डेबिट कार्ड के एनएफसी (कॉन्टैक्सलेस) की रोजाना लिमिट में कोई बदलाव नहीं किया है।

### ओरिगो कमोडिटीज ने किसानों को कर्ज देने के लिये विवृतिसे हाथ मिलाया

नयी दिल्ली। कृषि प्रौद्योगिकी कंपनी ओरिगो कमोडिटीज ने वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी विवृति कैपिटल के साथ गठजोड़ किया है। इसके साथ कंपनी किसानों, कृषि कारोबारियों और किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को बिना कोई गारंटी लिये दो करोड़ रुपये तक का कर्ज देगी। ओरिगो कमोडिटीज ने मंगलवार को बयान में कहा कि कंपनी ने डिजिटल मंच का उपयोग करते हुए मार्च, 2023 तक कम–से–कम 100 करोड़ रुपये का कर्ज वितरित करने का लक्ष्य रखा है। वर्ष 2011 में गठित गुरुग्राम की कंपनी ओरिगो कृषि–वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी है। कंपनी का जिंस आपूर्ति व्यवस्था, फसल कटाई बाद प्रबंधन, कारोबार और वित्त उपलब्ध कराने के कार्यों से जुड़ी है। ओरिगो कमोडिटीज की महाप्रबंधक (कॉरपोरेट रणनीति) सान्या अग्रवाल ने कहा, ह्यह्यहमने किसानों, व्यापारियों, किसान उत्पादक संगठनों को बिना कोई गारंटी लिये कर्ज की सुविधा उपलब्ध कराने के लिये विवृति कैपिटल के साथ गठजोड़ किया है। हम किसानों और कारोबारियों को उनकी कृषि उपज के खरीदार खोजने में मदद करेंगे। अग्रवाल ने कहा कि कंपनी आपूर्तिकताओं के कर्ज को लेकर जोखिम का आकलन करेगी।

# एनडीपीएस मामलों को निष्कर्ष तक पहुंचाने का सीतारमण का आह्वान



> वित्त मंत्री ने भारत में तस्करी रिपोर्ट 2021-22 को भी जारी किया जिसमें सोने की तस्करी, मादक औषधियों (नारकोटिक्स ड्रग्स) और (साइकोट्रोपिक पदार्थों, वन्यजीवों, वाणिज्यिक धोखाधड़ी और अंतर्राष्ट्रीय प्रवर्तन संचालन और सहयोग जैसे रुझानों का विश्लेषण किया गया है।

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राजस्व खुफिया निदेशालय के अधिकारियों से एनडीपीएस मामलों में मुख्य संचालकों और अपराधियों/वित्तपोषकों को पकड़ने और उन्हें उनके तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाने का आह्वान किया। श्रीमती सीतारमण ने आज यहां केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के तत्वावधान में काम करने वाली शीर्ष तस्करी विरोधी खुफिया जांच एजेंसी, राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के 65वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण समारोह में यह आह्वान किया। इस अवसर पर वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के साथ ही राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा, केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अध्यक्ष विवेक जौहरी, डीआरआई के महानिदेशक मोहन कुमार सिंह के साथ बोर्ड के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। इसमें सीबीआईसी के पूर्व अध्यक्षों और सदस्यों, डीआरआई के पूर्व महानिदेशकों सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया। इस कार्यक्रम में लगभग 400 प्रतिभागियों ने भाग लिया और डीआरआई, सीबीआईसी, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और भारत सरकार के अन्यअधिकारियों के सैकड़ों उपस्थित लोगों की भागीदारी के साथ एक डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया। वित्त मंत्री ने भारत में तस्करी रिपोर्ट 2021-22 को भी जारी किया जिसमें सोने की तस्करी, मादक औषधियों (नारकोटिक्स ड्रग्स) और (साइकोट्रोपिक पदार्थों, वन्यजीवों, वाणिज्यिक धोखाधड़ी और अंतर्राष्ट्रीय प्रवर्तन संचालन और सहयोग जैसे रुझानों का विश्लेषण किया गया है। श्रीमती सीतारमण ने राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) और उसके अधिकारियों को उनके प्रदर्शन और सराहनीय सेवा के लिए बधाई दी। वित्त मंत्री ने डीआरआई और उसके अधिकारियों की पेशेवर उत्कृष्टता की सराहना की और कहा कि डीआरआई ने बेहतर लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रत्येक वर्ष अपने प्रदर्शन के स्तर में सुधार किया है। वित्त मंत्री ने कहा कि डीआरआई के अनुकरणीय प्रदर्शन ने अन्य प्रवर्तन एजेंसियों के लिए मानदंड को और ऊंचा कर दिया है। वित्त मंत्री ने कहा कि वह भारत में विशेष रूप से दवाओं और सोने की तस्करी का पता लगाने की बारीकी से निगरानी कर रही हैं। श्रीमती सीतारमण ने डीआरआई की सराहना करते हुए कहा कि निदेशालय ने देश के 14 स्थलों में आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान 44,000 किलोग्राम से अधिक मादक दवाओं को नष्ट कर दिया और कहा कि यह डीआरआई के प्रदर्शन और शमता ताकत का एक असाधारण प्रदर्शन है। वित्त मंत्री ने आगे कहा कि अब उद्देश्य इन मामलों में मुख्य संचालकों और अपराधियों / वित्तपोषकों को गिरफ्तार करके औषधि और एनडीपीएस अधिनियम मामलों को उनके तार्किक निष्कर्ष पर पहुंचाना होना चाहिए। वित्त मंत्री ने सोने और एनडीपीएस की तस्करी के खतरे का मुकाबला करने के लिए तस्करों से आगे रहने के लिए प्रौद्योगिकी अपनाने, निश्चित तरीके से काम करने, डेटा विश्लेषण और उनकी कार्यप्रणाली को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, डालटनगंज**
**(E-mail: eercdmedini-jhr@nic.in)**

**शुद्धि–पत्र**

एतद द्वारा सूचित करना है कि इस कार्यालय द्वारा दिनांक–01-12.2022 को विभिन्न समाचार पत्रो के माध्यम से ई–निविदा पत्रांक सं0– **09/RCD/DALTONGANJ/2022-23/1014** आमंत्रित की गई है, जिसका **PR No. 284055 Road(22-23):D** है, जिसमें क्रमांक–2 में अंकित **Estimated Cost 1,12,18,000.00** के स्थान पर **1,12,18,118.00** एवं क्रमांक–3 **Bid Security Cost 1,12,200.00** के स्थान पर **2,24,400.00** पढ़ा/समझा जाय।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, डाल्टेनगंज

PR 284336 Road(22-23).D


# जिंदल स्टेनलेस की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना के लिए रिन्यू पावर के साथ भागीदारी

> ◆रिन्यू पावर इसके साथ बिजनेस-टू-बिजनेस (बी2बी) दायरे में अपना चौबीसों घंटे (राउंड द क्लॉक-आरटीसी) आपूर्ति का समाधान लेकर आ रही है, जिसकी शुरूआत इसने यूटिलिटी कंपनियों के लिए पिछले साल की थी।



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** स्टेनलेस स्टील विनिमार्ता जिंदल स्टेनलेस ने आज ओड़िशा के जाजपुर में स्थित अपने संयंत्र के लिए एक यूटिलिटी-स्केल की निजी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना हेतु नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी रिन्यू पावर के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किये। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस परियोजना के तहत सालाना 70 करोड़ यूनिट बिजली का उत्पादन पवन तथा सौर ऊर्जा प्रौद्योगिकी के मिश्रण के जरिये किया जाएगा। उच्च क्षमता उपयोग कारक वाले इस नवोन्मेषी पवन-सौर ऊर्जा के मिश्रित समाधान से अनुबंधित क्षमता की प्रति यूनिट ऊर्जा का उल्लेखनीय रूप से अधिक मात्र में उत्पादन होने की उम्मीद है। रिन्यू पावर इसके साथ बिजनेस-टू-बिजनेस (बी2बी) दायरे में अपना चौबीसों घंटे (राउंड द क्लॉक-आरटीसी) आपूर्ति का समाधान लेकर आ रही है, जिसकी शुरूआत इसने यूटिलिटी कंपनियों के लिए पिछले साल की थी। इसके अलावा, नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की इस सबसे बड़ी कंपनी के साथ भागीदारी से जिंदल स्टेनलेस के लिए अपेक्षित निष्पादन संबंधी निश्चितता भी आएगी जो इस स्तर की परियोजना के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने इस गठजोड़ के बारे में कहा, भारत के कार्बन उत्सर्जन को शून्य पर लाने के लक्ष्य के अनुरूप, जिंदल स्टेनलेस केवल ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों के जरिये ही भावी वृद्धि की योजना को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और यह कदम हमारे संकल्प को और अधिक मजबूत बनाता है। उम्मीद है कि रिन्यू पावर के साथ हमारी परियोजना वाणिज्यिक परिचालन मई 2024 तक शुरू होगी और इससे सालाना 6.5 लाख टन से अधिक कार्बन उत्सर्जन कमी में मदद मिलेगी।

### मारुति ने सीट बेल्ट की गड़बड़ी को ठीक करने के लिए 9,125 वाहन वापस मंगाए

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने आगे की सीट बेल्ट में संभावित गड़बड़ी को ठीक करने के लिए सियाज, ब्रेजा, एर्टिगा, एक्सएल 6 और ग्रैंड विटारा की 9,125 इकाइयां बाजार से वापस मंगाई हैं। मारुति ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि इन प्रभावित वाहनों का विनिर्माण दो से 28 नवंबर, 2022 के दौरान हुआ है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज**
**(E-mail: eercdmedini-jhr@nic.in)**

**शुद्धि–पत्र**

एतद द्वारा सूचित करना है कि इस कार्यालय द्वारा दिनांक–01-12.2022 को विभिन्न समाचार पत्रो के माध्यम से ई–निविदा पत्रांक सं0– **06/RCD/DALTONGANJ/2022-23/1013** आमंत्रित की गई है, जिसका **PR No. 284059 Road(22-23)D** है, जिसमें क्रमांक–2 में अंकित **Estimated Cost 1,95,91,000.00** के स्थान पर **1,96,22,133.00** एवं क्रमांक–3 **Bid Security Cost 1,96,000.00** के स्थान पर **3,92,500.00** पढ़ा/समझा जाय।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, डाल्टेनगंज।

PR 284342 Road(22-23)D


### सीएनजी के जीएसटी में आने तक उत्पाद शुल्क घटाए सरकार: पारिख समिति

**नयी दिल्ली।** किरीट पारिख समिति ने सीएनजी को जीएसटी के दायरे में लाए जाने तक इस पर लगाए जाने वाले केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कटौती करने का सुझाव केंद्र सरकार को दिया है। प्राकृतिक गैस की कीमत समीक्षा के लिए गठित पारिख समिति ने पिछले हफ्ते पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय को सौंपी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि संपीडित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के दायरे में लाया जाना चाहिए। समिति ने रिपोर्ट में कहा है, हमारा मत है कि इस मसले पर राज्यों के बीच सहमति बनाने की जरूरत है। इस मकसद को हासिल करने के लिए राज्यों को राजस्व में किसी भी तरह की क्षति के एवज में पांच साल तक मुआवजे का प्रावधान किया जा सकता है। सहमति बनाने की प्रक्रिया अब शुरू की जानी चाहिए। प्राकृतिक गैस के साथ कच्चे तेल, पेट्रोल, डीजल एवं विमान ईंधन एटीएफ को जुलाई, 2017 में जीएसटी व्यवस्था लागू होने के समय से ही इस एकीकृत कर प्रणाली से बाहर रखा गया है। हालांकि, सीएनजी पर पहले से लागू केंद्रीय उत्पाद शुल्क, राज्य वैट कर और केंद्रीय बिक्री कर अब भी बरकरार हैं। केंद्र सरकार सीएनजी पर 14 प्रतिशत की दर से उत्पाद शुल्क वसूलती है जबकि राज्यों में इस पर 24.5 प्रतिशत तक मूल्यवर्द्धित कर (वैट) लगा हुआ है।

### श्रीराम फाइनेंस कारोबार का दायरा बढ़ाएगी




**मुंबई।** सरकारी पूंजीगत व्यय में भारी वृद्धि और व बाजार में सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) की बढ़ती भूमिका तथा उनकी वित्तीय आवश्यकताओं से उत्पन्न अवसरों को देखते हुए देश के एक प्रमुख गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी ) समूह श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड (एसएफएल) ने सोमवार को घोषणा की कि वह विभिन्न क्षेत्रों में अपने ऋण कारोबार का विस्तार करेगा। अपनी इसी योजना के तहत समूह एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम) क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करने और अगले तीन-चार वर्षों में अपने गैर-वाणिज्यिक वाहन खंड को बड़े पैमाने पर विकसित करने की योजना बना रहा है। कंपनी के कार्यकारी उपाध्यक्ष उमेश रेवांकर ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, ह्लएसएफएल आगे आने वाले समय के लिए स्व-रोजगार और लघु इकाइयों पर ध्यान केंद्रित करने की रणनीति पर विशेष ध्यान दे रही है। हम इन दो क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना चाहेंगे। समूह के विविध व्यावसायिक खंडों को दिए गए कर्ज में लघु एवं मझोले उद्यम क्षेत्र को दिए जाने वाले कर्ज का हिस्सा इस समय 11.5 प्रतिशत है। श्रीराम फाइनेंस के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी वाईएस चक्रवर्ती ने कहा, हमारे ऋण कारोबार में इस समय कुल वाहन वित्त (वाणिज्यिक और यात्री वाहन) कहा हिस्सा वर्तमान में 77.5 प्रतिशत है। हमारा लक्ष्य है कि अगले 3-4 वर्षों में वाहन और गैर-वाहन ऋण कारोबार के बीच अनुपात 66:40 तक हो जाए। श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस कंपनी और श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस के विलय से बनी एनबीएफसी इस समय 1.71 लाख करोड़ रुपये की सम्पत्ति का प्रबंध कर रही है।


**झारखण्ड सरकार**
**जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू।**

**प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु भारत सरकार के मास्यिकी पशुपालन एवं गव्य विकास विभाग के द्वारा "प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना" की शुरूआत की गई है।

यह योजना का मुख्य उददेश्य मछली उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि, गुणवत्ता, तकनीकी आधारभूत संरचना का विकास एवं मूल्य श्रृंखला का अधुनिकीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, मजबूत मत्स्य पालन प्रबंधन ढांचा की स्थापना एवं मछुआरों का कल्याण है।

इस योजना में स्वीकृत इकाई लागत के अन्तर्गत लाभुकों को अनुदान देय है। महिलाओं, अनुसूचित जाति तथा अनु0जा0 के लाभुकों को 60 प्रतिशत अनुदान सरकार द्वारा दिया जायेगा तथा बाकी राशि लाभुकों को स्वंय वहन करनी होगी। अन्य कोटि के लाभुकों को सरकारी अनुदान 40 प्रतिशत देय है।

इस योजना के अन्तर्गत लाभ लेने वाले इच्छुक व्यक्ति जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू में दिनांक 30/12/2022 तक आवेदन जमा कर सकते है।

| क्र0 | योजना का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अ0ज0जा0/अ0जा0 एवं महिला के लिए सरकार द्वारा (केन्द्र एवं राज्य सरकार) अनुदानित (लाख में) | सामान्य के लिए सरकार द्वारा (केन्द्र एवं राज्य सरकार अनुदानित) (लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कार्प हैचरी की स्थापना। | 25.00 | 15.00 | 10.00 |
| 2 | नये रियरिंग तालाब का निर्माण (नर्सरी/बीज रियरिंग तालाब) | 7.00 | 4.20 | 2.80 |
| 3 | बड़े आर0ए0एस0 इकाई की स्थापना (कम से कम 90 घनमीटर प्रति क्षमता वाले 08 टैंक एवं 40 टन/कार्प मछली उत्पादन क्षमता) | 50.00 | 30.00 | 20.00 |
| 4 | 04मी0 व्यास एवं 1.5मी0 ऊँचाई के 50 टैंक वाले बड़े बायोफ्लॉक की स्थापना। | 50.00 | 30.00 | 20.00 |
| 5 | जलाशयों में अंगुलिकाओं का संचयन @1000 अंगुलिकाएँ प्रति हे0 (3.00 लाख रू0 प्रति एक लाख अंगुलिकाओं हेतु) | Rs. @03/ Fingerling | Rs. @1.80/ Fingerling | Rs. @1.20/ Fingerling |
| 6 | मध्यम आर0ए0एस0 इकाई की स्थापना (कम से कम 30 घनमीटर प्रति क्षमता वाले 06 टैंक एवं 10 टन/कार्प मछली उत्पादन क्षमता) | 25.00 | 15.00 | 10.00 |
| 7 | 04मी0 व्यास एवं 01मी0 ऊँचाई के 25 टैंक वाले मध्यम बायोफ्लॉक की स्थापना। | 25.00 | 15.00 | 10.00 |
| 8 | छोटे आकार के आर0ए0एस0 इकाई की स्थापना (100 घनमीटर क्षमता का 01 टैंक) | 7.50 | 4.50 | 3.00 |
| 9 | 04मी0 व्यास एवं 1.5मी0 ऊँचाई के 7 टैंक वाले छोटे बायोफ्लॉक की स्थापना | 7.50 | 4.50 | 3.00 |
| 10 | कम से कम 10 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/आईस प्लांट निर्माण | 40.00 | 24.00 | 16.00 |
| 11 | कम से कम 20 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/आईस प्लांट निर्माण | 80.00 | 48.00 | 32.00 |
| 12 | कम से कम 30 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/आईस प्लांट निर्माण | 120.00 | 72.00 | 48.00 |
| 13 | कम से कम 50 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/आईस प्लांट निर्माण | 150.00 | 90.00 | 60.00 |
| 14 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) आईस प्लांट का आधुनिकीकरण | 50.00 | 30.00 | 20.00 |
| 15 | रेफ्रिजेरेटेड वाहन | 25.00 | 15.00 | 10.00 |
| 16 | इनसुलेटेड वाहन | 20.00 | 12.00 | 8.00 |
| 17 | आईस बॉक्स के साथ मोटरसाईकिल | 0.75 | 0.45 | 0.30 |
| 18 | आईस बॉक्स के साथ साईकिल | 0.10 | 0.06 | 0.04 |
| 19 | मछली बिक्री के लिए आईस बॉक्स के साथ तीन पहिया वाहन (ई–रिक्शा भी) | 3.00 | 1.80 | 1.20 |
| 20 | जिंदा मछली बिक्री केन्द्र | 20.00 | 12.00 | 8.00 |
| 21 | लघु फिश फीड मिल (प्रतिदिन 02टन उत्पादन क्षमता) | 30.00 | 18.00 | 12.00 |
| 22 | मध्यम फिश फीड मिल (प्रतिदिन 08 टन उत्पादन क्षमता) | 100.00 | 60.00 | 40.00 |
| 23 | वृहत फिश फीड मिल (प्रतिदिन 08 टन उत्पादन क्षमता) | 200.00 | 120.00 | 80.00 |
| 24 | फिश फीड फ्लांट (प्रतिदिन कम से कम 100 टन उत्पादन क्षमता) | 650.00 | 390.00 | 260.00 |
| 25 | खुदरा मछली बाजार का निर्माण (सजावटी/रंगीन/अलंकार) | 100.00 | 60.00 | 40.00 |
| 26 | फिश कियोस्क का निर्माण (सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछली एवं एक्वेरियम सहित) | 10.00 | 6.00 | 4.00 |
| 27 | मछली मूल्य सवंर्धित उत्पाद इकाई (फिश वैल्यू एडेड इन्टरप्राईजेज) | 50.00 | 30.00 | 20.00 |
| 28 | परम्परागत मछुआरों के लिए नाव एवं जाल | 5.00 | 3.00 | 2.00 |

**आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज :–**

1. संलग्न किये गये आवश्यक दस्तावेज भू–स्वामित्व प्रमाण पत्र(L.P.C), जाति प्रमाण–पत्र ( ST/SCहेतु), मत्स्य विभाग द्वारा प्रशिक्षित हो तो प्रशिक्षण प्रमाण पत्र एवं विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (D.P.R) स्वंय के खर्च से बनवा कर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना उरोक्त दस्तावेज के आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा एवं बिना कारण बताए आवेदनों को रद् समझा जाएगा।
2. एक आवेदक एक ही योजना हेतु आवेदन कर सकते है। योजनओं का दोहरीकरण नहीं किया जाएगा।
3. अंशदान लगाकर कर कार्य करने से संबंधित शपथ–पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
4. यह प्रारम्भिक चरण है इस योजना अन्तर्गत योजना के इच्छित कार्य एवं लक्ष्य निर्धारण की कार्रवाई की जा रही है। योजना के प्रशासनिक अनुमोदन के पश्चात ही कार्य रूप दिया जायेगा।
5. योजनाओं के क्रियान्वयन में नियम एवं शर्ते भी लागू है जिसकी जानकारी कार्यदिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से विस्तृत रूप में प्राप्त की जा सकती है।

(मो0 कमरूज्जमाँ)
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू।

PR 284382 (Fish) 22-23 (D)


# आरबीआई का डिजिटल रुपया भारत को बना सकता है इकोनॉमिक सुपर पॉवर, अमेरिकी डॉलर की बादशाहत होगी खत्म




### यूपीआई, एनएफटी के होने पर डिजिटल रुपये की क्या जरूरत

इस सवाल के जवाब में शुभम कहते हैं, ह्लयूपीआई की सफलता को कोई भी नजरअंदाज नहीं कर सकता है। भारत की इस पेमेंट सर्विस के आगे दुनिया भर के अलग–अलग देशों की पेमेंट सर्विस कमजोर दिखती है। लेकिन इसके बावजूद जिस तरह से जी–20 के 16 देश डिजिटल करेंसी पर काम कर रहे हैं उनके मुकाबले भारत बहुत पीछे नहीं रह सकता था। दूसरी तरफ चीन के कई शहरों में डिजिटल करेंसी का पायलट प्रोजेक्ट सफलता पूर्वक संचालित हो रहा है, ऐसे में भारत अपने पड़ोसी को इस क्षेत्र में खुला मैदान नहीं देना चाहता है। रूस और यूक्रेन युद्ध की वजह से दुनिया भर के देश यह समझ गए हैं कि वैश्विक स्तर पर व्यापार के लिए डॉलर पर निर्भर नहीं रहा जा सकता है। खासकर अमेरिका ने जिस तरह से रूस के फॉरेक्स रिजर्व को सील किया, उसके बाद से कई देशों के मन में यह संशय खड़ा हो गया है।

**नई दिल्ल (एजेंसी)।** डिजिटल रुपया, डिजिटल रुपया, डिजिटल रुपया... बीते एक महीने से इन दो शब्दों की खूब चर्चा हो रही है। इसकी बड़ी वजह रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की तरफ से पहले होलसेल और अब रिटेल सेक्शन की डिजिटल करेंसी का ट्रायल शुरू करना है। डिजिटल करेंसी का जब से ट्रायल शुरू हुआ है तब से कई सवाल भी खूब चर्चा में हैं। जैसे क्रिप्टोकरेंसी क्या है? अगर यूपीआई पेमेंट का अच्छा रिस्पॉस है तो फिर डिजिटल करेंसी की जरूरत क्या है? आइए एक-एक करके इन सवालों के जवाब ढूढते हैं। प्रोटॉन इंटरनेट एलएलपी के फाउंडर और क्रिप्टोकरेंसी के लेन-देन को करीब से देख रहे शुभम उपाध्याय बताते हैं, आरबीआई का डिजिटल रुपया और क्रिप्टोकरेंसी दोनों काफी अलग-अलग हैं। क्रिप्टोकरेंसी को रेगुलेट करने वाला कोई नहीं है। लेकिन डिजिटल रुपये के हर एक लेन-देन पर आरबीआई की नजर रहेगी। जहां क्रिप्टोकरेंसी की माइनिंग की जा सकती है, वहीं डिजिटल रुपये को आरबीआई जारी करेगा फिर बैंकों के जरिए यह आम-आदमी तक पहुंचेगा। इसलिए डिजिटल रुपये को क्रिप्टोकरेंसी कहना सही नहीं होगा।

### माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ नडेला से मिले भारत के राजदूत संधू

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारत के राजदूत तरनजीत सिंह संधू ने सोमवार को सिएटल में माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सत्य नडेला से मुलाकात की। इस बैठक के दौरान सॉफ्टवेयर क्षेत्र की दिग्गज कंपनी के भारत में शिक्षा, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा और उद्यमिता के क्षेत्रों में कामकाज पर विचार-विमर्श किया गया। अक्टूबर में नडेला (55) को सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्य दूत डॉ. टी वी नागेंद्र प्रसाद ने प्रतिष्ठित पद्म भूषण सम्मान से सम्मानित किया था। माइक्रोसॉफ्ट के मुख्यालय में नडेला के साथ बैठक के बाद संधू ने ट्वीट किया, भारत में माइक्रोसॉफ्ट के कौशल, शिक्षा, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा और उद्यमिता के क्षेत्रों में कार्यों पर चर्चा हुई। माइक्रोसॉफ्ट महामारी पर वैश्विक कार्यबल की संस्थापक सदस्य है। महामारी के दौरान इसने संकट के समय काफी काम किया है।

सम्पादक की कलम से...

## भ्रम और वास्तविकता

हिन्दू धर्म के अनुयायियों में गीता के प्रति अटूट श्रद्धा है, क्योंकि वह स्वयं भगवान के मुख से निकली हुई वाणी है। दूसरी ओर गीता के उपदेशों के प्रति अनभिज्ञता भी उतनी ही अधिक है। अनभिज्ञता की स्थिति तो इतनी विकट है कि सोशल मीडिया पर गीता के नाम पर कुछ भी उद्धरित किया जा रहा है और कहीं से भी किसी प्रकार के प्रतिवाद की आवाज सुनायी नहीं दे रही। गीता को ऐसे प्रचारित किया जा रहा है जैसे यह भी बाजार में मिलने वाली मोटिवेशनल किताबों जैसी ही है पर इतनी कठिन है कि समझ में नहीं आती। इन भ्रमों का निराकरण, गीता को समझने की पहली सीढ़ी हो सकता है। प्राचीन काल से ही एक भ्रम यह रहा है कि महाभारत घर में रखने से घर में लड़ाई-झगड़ा होता है और गीता उसका ही एक भाग है इसलिए गीता के लिए भी यह बात सही है। ऐसे भ्रम उन पोंगापंथियों ने फैलाये हैं जिनका निहित स्वार्थ ही आम लोगों को बेबकूफ बनाए रखकर अपना उल्लू सीधा करना था। भला वे क्यों चाहेंगे कि आम लोग जीवन जीने और चेतना को उन्नयन करने की कला सीख सकें? महाभारत केवल कथा नहीं है। उन कथाओं में धर्म और संस्कृति के जीवन मूल्य निहित हैं और भैया, हम लड़ाई-झगड़े में तो वैसे भी दिन-रात एक किये पड़े हैं, महाभारत रखें ही नहीं पढ़ें भी तो शायद इस लड़ाई-झगड़े को समाप्त करने का कोई रास्ता दिखायी दे जाये। गीता के बारे में सबसे बड़ा भ्रम बाजार में मिलने वाले गीता सार ने फैला दिया है। जो कहता है कि जो हुआ वह अच्छा हुआ, जो हो रहा है वह भी अच्छा हो रहा है और जो होगा वह भी अच्छा होगा। तुम्हारा क्या गया जो तुम रोते हो? तुम क्या लाए थे जो खो दिया? तुमने जो लिया यहीं से लिया, जो दिया यहीं पर दिया। खाली हाथ आये थे खाली हाथ जाओगे। आप पूरी गीता पढ़ लीजिये। यह शब्द तो छोड़िए, इतना निराशापूर्ण भाव कहीं नहीं मिलेगा। शायद गीतासार के अज्ञात लेखक ने केवल अर्जुन के विषाद को ही गीता की शिक्षा मान लिया। अर्जुन भी तो इसी प्रकार अपना कर्तव्य युद्ध छोड़कर संसार से पलायन करके भिक्षा मांगकर जीवन-यापन की बात कर रहा था, पर इसके जवाब में भगवान ने अपने पहले श्लोक में ही अर्जुन इस प्रकार के विचारों के लिए डांटा और कहा कि हृदय की दुर्बलता को त्याग कर उठ कर खड़ा हो जा। कहा जाता है कि गीता तो बहुत कठिन है। इसे समझना आम आदमी के बस की बात नहीं है। वास्तविकता यह है कि प्राचीन ग्रंथों में गीता की संस्कृत सबसे सरल है। साधारण हिंदी जानने वाला भी दो-तीन बार पढ़कर गीता की संस्कृत समझने लगता है। फिर सभी भाषाओं में गीता के प्रमाणित अनुवाद भी उपलब्ध हैं। हां, यह सही है कि गीता का अर्थ आसानी से समझ में नहीं आता। इसका कारण है कि गीता उच्च आध्यात्मिक ग्रंथ है जो आपको जीवन के अनमोल रत्न प्रदान करती है। कुछ पाने के लिए कुछ खोना पड़ता है। आप साइकिल चलाना सीखना चाहते हो तो 4-5 दिन का प्रशिक्षण पर्याप्त होगा पर यदि स्पेश शटल उड़ाना हो तो पहले 10-15 वर्ष पढ़ाई करना पड़ेगी, 8-10 वर्ष कठोर प्रशिक्षण लेना पड़ेगा, कई परीक्षाएं उत्तीर्ण करना पड़ेंगीं तब जाकर उसे उड़ाने की योग्यता प्राप्त होगी। बिना धैर्य, लगन और मेहनत के कुछ नहीं मिलता फिर गीता जैसे समुद्र के रत्न किनारे पर बैठकर कैसे मिलेंगे? गहरे मे गोता लगाने की हिम्मत हो, धैर्य, लगन, परिश्रम और श्रद्धा हो तो गीता बहुत सरल है।

## आज का इतिहास

**1740 :** मारिया थेरेसा ऑस्ट्रिया, हंगरी और बोहेमिया के शासक बने।
**1774 :** कलकत्ता (अब कोलकाता) भारत की राजधानी बनी।
**1880 :** एम्सटर्डम मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना हुई।
**1577 :** गुरू रामदास ने अमृतसर नगर की स्थापना की।
**1999 :** सुकर्णो पूत्री मेघावती इंडोनेशिया की उप-राष्ट्रपति चुनी गयीं।
**2005 :** सामूहिक दुष्कर्म की शिकार पाकिस्तान की मुख्तारन माई को 'वूमेन ऑफ द इयर' चुना गया।
**2012 :** सायना नेहवाल ने डेनमार्क ओपन सुपर सीरीज खिताब जीता।
**2012 :** बॉलीवुड के रोमांस किंग कहे जाने वाले यश चोपड़ा का निधन हुआ।
**2013 :** कनाडा की संसद ने मलाला युसुफजई को कनाडा की नागरिकता प्रदान की।
**2014 :** प्रसिद्ध पैरालम्पिक धावक आस्कर पिस्टोरियोस को अपनी प्रेमिका रीवा स्टीनकेंप की हत्या के लिये पांच साल की कैद की सजा।
**1568 :** अकबर ने चित्तौड़गढ़ पर आक्रमण किया।
**1855 :** गुजराती साहित्य के कथाकार, कवि, और चरित्र लेखक गोवर्धनराम माधवराम त्रिपाठी का जन्म।
**1904 :** चिली और बोलीविया ने शांति और मित्रता की संधि पर हस्ताक्षर किया।
**1905 :** रूस में 11 दिन तक चली ऐतिहासिक हड़ताल की शुरूआत हुई।
**1920 :** पश्चिम बंगाल के भूतपूर्व मुख्यमंत्री सिद्धार्थ शंकर राय का जन्म।
**1930 :** भारत में उच्च न्यायालय की प्रथम महिला न्यायाधीश लीला सेठ का जन्म।
**1946 :** वियतनाम की डेमोक्रेटिक रिपब्लिकन सरकार ने को वियतनाम महिला दिवस के रूप में घोषित किया।
**1947 :** अमेरिका और पाकिस्तान ने पहली बार राजनयिक संबंध स्थापित किये थे।
**1962 :** भारत और चीन के बीच सीमा विवाद को लेकर युद्ध शुरू हुआ।

# प्रकृति के साथ बढ़ता हमारा जीवन

> ऊर्जा के लिए हम जिन प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर करते हैं, उनमें जीवाश्म ईंधन, कोयला और लकड़ी शामिल हैं। यह दुनिया जानती है कि इन सभी का भंडार सीमित है और अगर हमने ऊर्जा के लिए इनका अंधाधुंध इस्तेमाल जारी रखा तो आने वाले समय में इनके भंडार समाप्त हो जायेंगे। अपनी ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने के लिए जरूरी है कि दुनिया के सभी देश नवीकरणीय ऊर्जा यानी सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा, जैसे अक्षय ऊर्जा के उत्पादन और इस्तेमाल के लिए पहल करें। दरअसल, 'अक्षय ऊर्जा' ऊर्जा के उस स्वरूप को कहते हैं जो भावी पीढियों की ऊर्जा आवश्यकताओं से समझौता किये बिना वर्तमान की जरूरतों को पूरा करती है।

पर्यावरणविदों का कहना है कि हमारी जीवनशैली टिकाऊ होनी चाहिए। सवाल उठता है कि हम कैसे जान सकते हैं कि हमारी जीवनशैली टिकाऊ है या नहीं? अगर हम अपनी जीवनशैली की निरंतरता को बनाये रखने में कामयाब हो जाएं तो तभी हम उसके टिकाऊ होने का दावा कर सकते हैं। दरअसल, आज दुनिया को एक ऐसी जीवनशैली को अपनाने की जरूरत है जो प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग इस तरह से करे, ताकि उनकी उपलब्धता भावी पीढियों के लिए भी बनी रहे। पेयजल के माध्यम से इस बात को आसानी से समझा जा सकता है। अगर हम पेयजल का इस्तेमाल विवेक से करें और उसको कभी भी व्यर्थ न बहने दें तो आज भी दुनिया के कई इलाकों में पेयजल की जो कमी दिखती है, वह आसानी से दूर हो सकती है। ऊर्जा के लिए हम जिन प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर करते हैं, उनमें जीवाश्म ईंधन, कोयला और लकड़ी शामिल हैं। यह दुनिया जानती है कि इन सभी का भंडार सीमित है और अगर हमने ऊर्जा के लिए इनका अंधाधुंध इस्तेमाल जारी रखा तो आने वाले समय में इनके भंडार समाप्त हो जायेंगे। अपनी ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने के लिए जरूरी है कि दुनिया के सभी देश नवीकरणीय ऊर्जा यानी सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा, जैसे अक्षय ऊर्जा के उत्पादन और इस्तेमाल के लिए पहल करें। दरअसल, 'अक्षय ऊर्जा' ऊर्जा के उस स्वरूप को कहते हैं जो भावी पीढियों की ऊर्जा आवश्यकताओं से समझौता किये बिना वर्तमान की जरूरतों को पूरा करती है। अक्षय ऊर्जा स्त्रोतों में अक्सर सभी नवीकरणीय स्त्रोत शामिल होते हैं, जैसे वनस्पति पदार्थ, सौर शक्ति, पवन शक्ति, भू-ऊष्मा शक्ति, तरंग शक्ति और ज्वार द्वारा उत्पन्न शक्ति। ऊर्जा अक्षयता की ओर अग्रसर होने के लिए न केवल ऊर्जा पूर्ति करने के तरीकों को बदलना होगा, बल्कि ऊर्जा के उपयोग के तरीकों को भी बदलना होगा और विभिन्न सेवाओं और वस्तुओं के लिए 'आवश्यक ऊर्जा' की मात्रा को भी घटाना अनिवार्य होगा। उदहारण के लिए भवन निर्माण करते समय इस बात का पूरा ध्यान रखना होगा कि उसमें दिन में रोशनी के लिए बिजली का इस्तेमाल न करना पड़े। यों इसमें आमतौर पर ऊर्जा के प्रभाव को बढ़ाने वाली 'एलईडी' जैसी प्रौद्योगिकियां भी शामिल हैं। वर्तमान में वातानुकूलन के लिए भी हम जो रसायन इस्तेमाल में लाते हैं, उनसे भी प्रदूषण का दायरा बढ़ता है। जहां तक संभव हो, हमें ऐसे सभी कार्यों को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए यथाशीघ्र वैकल्पिक उपाय खोजने होंगे। मोटे तौर पर किसी भी प्राकृतिक संसाधन का उपयोग करते समय हमें यह ध्यान रखना होगा कि उसकी मात्रा सीमित है और उसकी जरूरत कमोबेश दुनिया के सभी लोगों को है। खाद्य पदार्थ इसी श्रेणी में आते हैं। भोजन गरीब हो या अमीर, सभी को चाहिए। खेद की बात यह है कि अन्न को हम लोग बड़ी मात्रा में बर्बाद करते आए हैं, जबकि दुनिया भर में लाखों लोग भुखमरी के शिकार हैं। जरूरत इस बात की है सिर्फ संश्लेषित रसायनों के सहारे खेती की पैदावार बढ़ाने पर जोर न दिया जाए, बल्कि पैदा हुए कृषि उत्पादों के भंडारण, प्रसंस्करण और उसे इस्तेमाल करने के तौर-तरीकों में ऐसे बदलाव किये जाएं, ताकि विभिन्न स्तरों पर होने वाली अन्न की बबार्दी से पूरी तरह से बचा जा सके। हमें यह बात भी समझनी होगी कि संश्लेषित रसायनों के अंधाधुंध इस्तेमाल से भूमि की उर्वरा शक्ति नष्ट हो रही है। दरअसल, आज दुनिया को ऐसी प्रदूषण मुक्त प्रौद्योगिकियों की जरूरत है जो एक ओर हमारी जरूरतों को पूरा करती हों और दूसरी ओर प्राकृतिक संसाधनों का कम से कम इस्तेमाल करती हों। जहां भी संभव हो, इस्तेमाल की गई सामग्री का पुनर्चक्रण करके उसे फिर से उपयोग किया जाना चाहिए। कुल मिलाकर, अगर जल, जमीन और जंगल सहित धरती की प्राकृतिक क्षमताओं में कोई गिरावट नहीं होगी तो उससे हमें एक टिकाऊ जीवनशैली की तरफ तेजी से बढ़ने में मदद मिलेगी। सवाल उठता है कि क्या दुनिया इसके लिए तैयार है? सच्चाई यह है कि पर्यावरण से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर भी दुनिया दो हिस्सों में बंटी हुई है। कुछ देशों के लिए आज पर्यावरण एक अहम मुद्दा है, वहीं कुछ देश अपनी विकास की गति को बनाये रखने में अधिक दिलचस्पी रखते हैं।

■ सुभाष चंद्र लखेड़ा

# एक खबर में सबकी कबर

एक पत्रकार ने नौकरी छोड़कर यूट्यूब चैनल शुरू कर दिया। तब एक यूजर ने पूछा, यदि पहले की तरह किसी ने इसे भी खरीद लिया तो कहाँ जाओगे? पहले दिन उस पत्रकार ने पूरा मन लगाकर काम किया। तब एक यूजर ने फिर से पूछा, आज तुमने कितनी खबरें दिखाईं? पत्रकार ने कहा कि मैंने तो सिर्फ एक खबर ही दिखाई। यूजर चौंककर बोला, क्या सिर्फ एक ही खबर। आम तौर पर भौंकू चैनलों पर काम करने वाले हर भौंकने वाले पत्रकार दस से पंद्रह खबर तो छींक मारकर दिखा देते हैं। अच्छा ये बताओं तुमने कौनसी खबर दिखाई? एक खबर में सबकी कबर। पत्रकार बोला। क्या! लेकिन तुमने यह कैसे किया? आश्चर्यजनक रूप से यूजर ने पूछा। पत्रकार ने कहा, एक यूजर ने कमेंट बॉक्स में लिख डाला कि दम है तो अपनी खबर से मुझे कबर तक पहुँचाओ। मैंने सबसे पहले दो हजार रुपए की नोट ली। उसे ऊपर से नीचे की ओर फेंक दिया। मैंने कहा इसे कहते हैं रुपए का गिरना। वह काफी प्रभावित हुआ। फिर मैंने कहा कि इसे मैं कहीं से भी ढूँढ़ सकता हूँ। मैंने अपने फोन में वाईफाई ऑन कर दो हजार के नोट में छिपे चिप से लिंक किया। गूगल मैप की तर्ज पर मुझे दो हजार रुपए का पता मिल गया। यूजर का होश उड़ता जा रहा था। मैं यहीं तक नहीं रुका। फिर मैंने कहा कि यह नोट गुलाबी है। गुलाबी रंग से प्यार बढ़ता है। इसलिए इस नोट को अपने जेब में संभाले रखना। प्रेम खर्च करने से जीवन में शांति के साथ-साथ बची-खुची खुशी भी चली जायेगी। इतना कहते ही यूजर ने अपना पर्स टटोला। उसमें रखी दो हजार की नोट गायब थी। मैंने उसे ढांढस बंधाते हुए कहा कि इसमें रोने जैसी कोई बात नहीं है। एक बार अपने फोन का मैसेज इनबॉक्स देख लो। उसमें संदेश आया होगा कि फलां केर फंड में दो हजार जमा करने के लिए आपका बहुत बहुत धन्यवाद। आपकी देशभक्ति वेरिफाइड हो चुकी है। यह पढ़कर उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उसने अपने साथ-साथ एक लाख फॉलोवर्स को मेरे यूट्यूब चैनल पर सब्सक्राइब करवाकर मेरा गुणगान कर रहा है। पहले यूजर ने कहा, वाह यह तो बड़े कमाल की बात है। लेकिन मुझे यह समझ नहीं आता कि बीस-पच्चीस ऐसे भी यूजर हैं जो बार-बार तुम्हारी हर प्रेजेंटेशन पर तारीफों के पुल बाँधते नजर आते हैं। वैसे ये हैं कौन? तब पत्रकार ने कहा, ये बड़े-बड़े न्यूज चैनलों के एंकर हैं, जो मेरा मसाला चुराकर अपने चैनलों पर लड़ने-झगड़ने की तड़कदार-भड़कदार रेसिपी बनाते हैं। अंदर की बात यह है कि बेवकूफ बनने वाले भी बेवकूफ बनाने का मसाला यहीं से ले जाते हैं। कुछ लोग मुझसे सवाल-जवबा तलब करते हुए इसी का प्रदर्शन करते हैं।

■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
मो. नं. 73 8657 8657

# कठिन समय, कठोर बातें

पिछले दिनों माननीय सर्वोच्च न्यायालय की एक खंडपीठ और केंद्रीय कानून मंत्री के बीच विचारों का आदान-प्रदान कुछ इस प्रकार हुआ (जैसा कि अखबारों में छपा है।) सर्वोच्च न्यायालयः केंद्र सरकार कालेजियम द्वारा अनुशंसित नामों को मंजूरी न देकर ऊपरी अदालतों में न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया को विफल कर रही है। कानून मंत्री : ऐसा तो बिल्कुल मत कहिये कि सरकार फाइलों पर बैठी है, अगर ऐसा है तो फाइलों को सरकार के पास भेजिये ही मत, खुद ही अपनी नियुक्ति कर लीजिए, चलाइये अपना कार्यक्रम। सर्वोच्च न्यायालयः वे हमें अधिकार दें। हमें कोई कठिनाई नहीं है जब कोई उच्च स्तर का व्यक्ति ऐसा कह रहा है कि हम खुद कर लें, तो हम खुद कर लेंगे, कोई कठिनाई नहीं है। मुझे यह कड़वी बात कहने में संकोच हो रहा है, पर हकीकत यह है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 124(2) और 217(1) की व्याख्या को लेकर सर्वोच्च न्यायालय और कार्यपालिका के बीच गहरे मतभेद हैं। मूल प्रावधानों के तहत, नियुक्ति की शक्ति केवल कार्यपालिका में निहित थी, जिसका वह सर्वोच्च न्यायालय और संबंधित उच्च न्यायालय से परामर्श करके इस्तेमाल करती थी। चालीस वर्षों तक यही प्रथा थी कि राज्य सरकार संबंधित उच्च न्यायालय से परामर्श करेगी और केंद्र सरकार को नामों की सिफारिश भेजेगी। केंद्र सरकार अनुच्छेद 217 में वर्णित प्रक्रिया का पालन करेगी और उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति करेगी। इसी तरह, केंद्र सरकार नामों का प्रस्ताव करेगी और अनुच्छेद 124 में वर्णित प्रक्रिया का पालन करते हुए, सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति करेगी। कार्यपालिका द्वारा कई विशिष्ट न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई; हालांकि कुछ खराब 'सेब' भी अदालतों की पेटी में जगह पा गये। **संविधान पलटा :** दूसरे (1993) और तीसरे न्यायाधीशों के मामले (1998) में न्यायिक व्याख्या द्वारा इस प्रथा को उलट दिया गया था। कालेजियम नामक एक नये तंत्र का आविष्कार किया गया। कालेजियम ने सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के लिए न्यायाधीशों के चयन की शक्ति अपने हाथ में ले ली। अब केंद्र सरकार सिफारिश को स्वीकार या फिर वापस कर सकती है। अगर सिफारिश को दुबारा भेजा जाता है, तो सरकार नियुक्ति करने को बाध्य है। ऐसा भी नहीं कहा जा सकता कि नई प्रक्रिया के तहत नियुक्त किये गये न्यायाधीशों की गुणवत्ता पहले चालीस वर्षों में नियुक्त किये गये न्यायाधीशों की गुणवत्ता से बेहतर रही है। कई प्रतिष्ठित न्यायाधीश नियुक्त किये गये, लेकिन कुछ खराब 'सेब' भी चुने और नियुक्त किये गये। 1993 के बाद से सत्ता में रही हर सरकार ने बदली हुई प्रक्रिया के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार किया है। हालांकि, नियुक्तियों को रोकना जैसे केंद्र सरकार का एक नियमित अभ्यास बन गया है। इसने कालेजियम द्वारा दोहराई गई सिफारिशों को भी रोक दिया है, जैसा कि दो माननीय न्यायाधीशों ने बताया, यह सर्वोच्च न्यायालय द्वारा घोषित कानून के विरुद्ध है। इसका नतीजा यह है कि उच्चतम न्यायालय में सात पद खाली हैं और उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों के कुल स्वीकृत 1108 पदों में से 381 पद खाली हैं (1 जुलाई, 2022 तक)। इससे भी बड़ी त्रासदी यह है कि मेधावी वकीलों ने जज बनने के लिए विचार करने से मना कर दिया या महीनों तक नियुक्ति ठप रहने पर नाम वापस ले लिया। **स्थगित विचार :** न्यायाधीशों की नियुक्ति के मामले में न्यायपालिका और कार्यपालिका को समान दायित्व देने के मकसद से संसद के एक अधिनियम द्वारा राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) का गठन किया गया था। उस कानून में कुछ खामियां थीं, जिन्हें आसानी से दूर किया जा सकता था, लेकिन किसी भी पक्ष ने इस दिशा में प्रयास नहीं किया। 16 अक्तूबर, 2015 को सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान (निन्यानबेवां संशोधन) अधिनियम, 2014 को रद्द कर दिया और इसके साथ ही राष्ट्रीय न्यायिक आयोग अधिनियम भी समाप्त हो गया। (हालांकि उस पर न्यायमूर्ति चेलमेश्वर की असहमति वाला फैसला भी उतना ही महत्त्वपूर्ण था, जितना बहुमत का फैसला)। अपने स्तंभ 1 नवंबर, 2015) में, मैंने उस फैसले की तीखी आलोचना की थी, लेकिन साथ ही एक नया कानून बनाने के लिए एक सामान्य आधार का सुझाव भी दिया था। कार्यपालिका के पक्ष में सबसे मजबूत तर्क यह है कि दुनिया के किसी भी अन्य देश में खुद न्यायाधीश, नये न्यायाधीशों का चयन नहीं करते हैं। संभावित न्यायाधीश के चरित्र और योग्यता का मूल्यांकन करने के लिए कार्यपालिका ही सबसे अच्छी स्थिति में है।

■ पी. चिदंबरम

## धर्म दर्शन

### श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

#### अथ प्रथमोऽध्यायः

ब्रह्माजीके पुत्र महान तेजस्वी नारदजीको अपने आश्रम में आया देखकर मैं उठकर खड़ा हो गया और मैंने भलीभाँति उनकी पूजा आदि की ॥ 11 ॥

अर्घ्य तथा पाद्य आदिसे उनका विधिपूर्वक पूजन करके आदरपूर्वक आसनपर विराजमान उन अमित तेजस्वी नारदके समीप में बैठ गया ॥ 12 ॥

हे राजन! तत्पश्चात ज्ञानके पार पहुंचाने में समर्थ मुनि नारदको मार्गश्रमसे रहित तथा शान्तचित देखकर मैंने उनसे वही प्रश्न पूछा था, समय मुझसे पूछा है।॥ 13 ॥

[ मैंने उनसे पूछा-] हे मुने! इस सारहीन जगत्में प्राणियोंको क्या सुख प्राप्त होता है? विचार करनेपर मुझे तो कभी भी, कहीं भी तथा कुछ भी सुख नहीं दिखायी देता है॥ 14 ॥

मुझे ही देखिये, एक द्वीपमें जन्म लेते ही मेरी माताने मेरा त्याग कर दिया। तभीसे आश्रयहीन रहता हुआ मैं वनमें अपने कर्मके अनुसार बढ़ने लगा ॥ 15 ॥

हे देवर्षे! तत्पश्चात मैंने पुत्रप्राप्तिकी कामना` एक पर्वतपर वर्षोंतक शंकरजीकी उपासना करते हुए कठोर तपस्या की ॥ 16 ॥

तब ज्ञानियोंमें श्रेष्ठ शुकदेव मुझे पुत्ररूपमें प्राप्त हुए। मैंने उन्हें आरम्भसे लेकर सम्यक प्रकारसे वेदोंका सारभूत तत्त्व पढ़ा दिया ॥ 17 ॥

हे साधो! आपके वचनोंसे ज्ञान प्राप्त करके मेरा वह पुत्र मुझ विरहातुरको रोता हुआ छोड़कर लोकलोकान्तरमें कहीं चला गया ?॥ 18 ॥

तब पुत्रविरहसे सन्तप्त मैं महापर्वत सुमेरुको छोड़कर अपनी माताको मनमें याद करते हुए कुरुजांगल प्रदेशमें पहुँचा ॥ 19 ॥

संसार मिथ्या है - ऐसा जानते हुए भी मायापाशमें बँधा हुआ मैं पुत्र-स्नेहके कारण शोकाकुल रहनेसे अत्यन्त दुर्बल शरीरवाला हो गया ॥ 20 ॥

तत्पश्चात जब मैंने यह जाना वासवराजसुता` मेरी कल्याणमयी माताका राजा शन्तनुने वरण कर लिया है, तब मैं सरस्वतीके पवित्र तटपर आश्रम` बनाकर रहने लगा ॥ 21 ॥

इसके बाद महाराज शन्तनुके स्वर्ग प्राप्त कर लेनेपर मेरी माँ विधवा हो गयीं। तब भीष्मने दो पुत्रोंवाली मेरी माताका पालन किया ॥ 22 ॥

बुद्धिमान् गंगापुत्र भीष्मने चित्रांगदको राजा बनाया। किंतु कुछ ही समयमें कामदेवके सदृश कान्तिमान् मेरे भाई चित्रांगद भी मृत्युको प्राप्त हो गये ॥ 23 ॥

पुत्र चित्रांगदके मर जानेपर मेरी माता सत्यवती अत्यन्त दुःखित होकर रोने लगीं और नित्य शोकके समुद्रमें निमग्न रहने लगीं ॥ 24 ॥

- क्रमशः

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

### फेरीवाले का बदलता समय

हम आजकल अपने मुहल्ले व शहर में अगर गौर करें,तो देखें कि पहले जो फेरी वाले पैदल या साइकिल पर अपना सामान बेचा करते थे। वह फेरीवाले अब बाइक या मोपेड पर अपना सामान बेच रहे हैं। इसे आधुनिकता का प्रभाव कहें या आर्थिक मजबूती ,लेकिन कुछ वर्षो में बदलाव तो आया है। पैदल घुमने वाले फेरीवाले दिन भर में जितना चक्कर लगाया करते थे,उसे कई गुना वे बाइक व मोपेड से चक्कर लगा लेते हैं। इस कार्य से उनकी आय में भी बढ़ोत्तरी होती है। साथ ही उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार हो रहा है। आज हम मछली, कपड़ा, बर्त्तन बेचनेवालों को बाइक व मोपेड पर समान बेचने वालों को आसानी से अपने मुहल्लों में देख सकते हैं। यह आधुनिकता का प्रभाव तो है ही । साथ ही आर्थिक सम्पन्नता को भी बतला रहा है। कभी मुहल्लों में यह फेरी वाले पैदल घुमा करते थे और थक कर किसी मकान के ओटे पर सुस्ताने के बाद आगे बढ़ा करते थे। उस समय उनकी स्थिति दयनीय हो जाती थी। अभी पर्व-त्योहार के समय में इन फेरीवालों की दिनभर में अच्छी खासी बिक्री हो जाया करती है। पर्व के मौसम में बाहर से भी आने वाले लोग फेरी करके अपना सामान बेचा करते हैं। यहां के कई ऐसे फेरी वाले हैं जो अपनी बाइक व मोपेड पर लगभग एक छोटी-मोटी दुकान साथ लेकर चलते हैं। यह एक ही मुहल्लों में वर्षो से आने के कारण काफी विश्वसनीय हैं। इनसे ग्राहक, जिनमें महिलाओं की संख्या ज्यादा है, बेझिझक खरीदारी करतीं हैं।

■ रूपेश कुमार , मेदिनीनगर।


# शिक्षा के मंदिर से मां भारती की हत्या का षडयंत्र

विश्व गुरु की गरिमा प्राप्त राष्ट्र को धूल धूसित करने के प्रयासों में विदेशी ताकतों के साथ देश में रह रहे भितरघातियों की एक बडी जमात साथ दे रही है। जिस देश के नालंदा, तक्षशिला जैसे विश्वविद्यालयों ने वसुधैव कुटुम्बकम की परिकल्पना के साथ संसार को सर्वे भवन्तु सुखिनः की आशीष दी थी, उसी की राजधानी के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में राष्ट्र द्रोह की आग एक बार फिर से सुलगाई जा रही है। देश के टुकडे-टुकडे करने की मंशा वालों के साथ अनेक राजनैतिक दल, कथित समाज सेवियों की फौज और स्वयं भू बुध्दिजीविकी का तमगा लगाने वाले हर षडयंत्र में खडे हो जाते हैं। राष्ट्रवाद को सम्प्रदायवाद का नाम देकर देश भक्तों पर कुठाराघात करने का कुचक्र बामपंथियों की कलुषित मानसिकता से निरंतर चलाया जा रहा है जिसमें अनेक रंगे हुए सियारों की भीड़ भी शामिल है। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में पिछले सप्ताह जिस तरह का घटना क्रम देखने को मिला, उससे निकट भविष्य में किसी बड़े काण्ड की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। शिक्षा के मंदिर से मां भारती की हत्या का चल रहा षडयंत्र करने वाले अब भाई से ही भाई का कत्ल करवाने का लक्ष्य साध रहे हैं। उन्होंने धन पिपासुओं को सूचीबध्द कर लिया है, विलासता के चाहत रखने वालों का चिन्हित कर लिया है और स्वार्थ के शीर्ष पर बैठे लोगों को बना लिया है अपना गुलाम। यह सब कुछ देश की स्वाधीनता के बाद से सोची-समझी दूरगामी योजना के तहत ही चल रहा है। जिस तरह से अंग्रेजों ने अपने देश में पढने वाले चन्द भारतवासियों को कठपुतली बनाकर आजादी देने के पहले हमारी धरती पर नियुक्त किया था, उसी तरह से नियुक्त कठपुतलियों ने अपने आकाओं के इशारे पर आगामी 100 वर्षों की घातक योजना के क्रियान्वयन हेतु विष बीजों को रोपित भी कर दिया था। वही बीज अब वृक्ष बनकर बड़े हो चुके हैं। आम आवाम की लाशों पर शीशमहल खडा करने की चाहत रखने वालों ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय परिसर में स्थित इंटरनेशनल स्टडीज 01 तथा 02 के भवनों की दीवारों पर ब्राह्मणों तथा बनियों को देश छोड़ने की धमकी अंकित करके सौहार्द के वातावरण को वैमनुष्यता की दुर्गन्ध से प्रदूषित कर दिया है। लाल चेतावनी में एक संगठित ब्रिगेड के हमलावर होने की बात भी कही गई है। रक्तपात का डर भी दिखाया गया है। पीठ पर छुरा भौंपने की चीनी मानसिकता के साथ क्रूरता की चरमसीमा पर बैठे कट्टरपंथी सोच का समुच्चय तैयार किया जा रहा है। चीन की विस्तारवादी नीतियों को भारत में रोपित करके उसमें संकीर्ण सोच वाले कुछ धार्मिक राष्ट्रों की खाद डाली गई है। इस रोपावनी पर भितरघातियों की जमात निरंतर पानी डाल रही है। पर्दे के पीछे से लिखवाई गई जातिवादी लाल धमकी के जबाब में हिन्दू रक्षा दल ने खुलेआम कम्युनिस्ट को भारत छोड़ने की चेतावनी दी है। आश्चर्य होता है कि अतिसुरक्षित परिसर में खूनी धमकियां निरंतर लिखी जाती रहीं, सुरक्षाकर्मी डियूटी करते रहे, उत्तरदायी अधिकारी किन्हीं कारणों से अपनी नाक के नीचे फैलती दुर्गन्ध से अनजान बने रहे, शिक्षा देने वाले अपने अनुयायियों की गतिविधियों पर पर्दा डालते रहे, कुछ राजनैतिक दल खुलकर देश द्रोहियों के साथ खड़े रहे, इन सहयोगी दलों के कद्दावर नेता कानून विद् बनकर जांच तथा न्याय प्रक्रिया को प्रभावित करने रहे, संविधान में जानबूझ कर की गई कुछ लचीली व्यवस्थाओं का लाभ लेते रहे और कोसते रहे देश के मूल निवासियों की पारदर्शी प्रकृति को। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शान्तिश्री ने घटना की निन्दा और जांच के आदेश जारी करके अपने कर्तव्यों की इति कर ली है। हर बार ऐसा ही होता रहा है। जांच करवाने की घोषणा हुई, दोषियों पर कडी कार्यवाही की बात कही गई, आरोपियों के पक्ष में सफेदपोशों की भीड़ खडी हो गई और देश को द्रोहियों की पहचान सहित उनके साथ हुई कार्यवाही की भनक तक नहीं लगी। अतीत में खुले आम हत्या करने वालों को भी साक्ष्य के अभाव में ससम्मान बरी होते देखा गया है।

■ डा. रवीन्द्र अरजरिया


स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज**, संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **ओम प्रकाश अमरेन्द्र***, **प्रेस कार्यालय :** रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नम्बर :** 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय** : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, **गढ़वा कार्यालय :** मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, **लातेहार कार्यालय** : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, **लोहरदगा कार्यालय :** रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# अंडरराइटर कैसे बनें और क्या कौशल आवश्यक है



अंडरराइटर अपने अनुभव के आधार पर यह निर्णय लेता है कि अनुबंध जोखिम भरा होगा या यह लेने लायक होगा या नहीं। उदाहरण के लिए एक हामीदार जो स्वास्थ्य बीमा कंपनियों के साथ काम करता है, आवेदकों के स्वास्थ्य जोखिमों का विश्लेषण करता है। वित्तीय उद्योग विभिन्न पेशेवरों से भरा हुआ है जो कई अलग-अलग क्षमताओं में सेवा करते हैं। बैंक टेलर, बीमा एजेंट, वित्तीय सलाहकार, पोर्टफोलियो मैनेजर कुछ ऐसे पद हैं जो इस उद्योग को बनाते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि कौन से पेशेवर क्रेडिट और उधार देने के फैसले के पीछे जोखिम का आकलन करते हैं? इन व्यक्तियों को हामीदार या अंडरराइटर कहा जाता है। अंडरराइटर्स मूल्यांकन करते हैं और मूल्यांकन करते हैं कि वित्तीय जोखिम लेने लायक है या नहीं। आप वित्तीय उद्योग के विभिन्न हिस्सों में अंडरराइटर्स पा सकते हैं, जिसमें उधार, बीमा, इक्विटी बाजार और यहां तक कि सुरक्षा व्यापार भी शामिल है। जब भी आप व्यक्तिगत ऋण, स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी, या बंधक के लिए आवेदन करते हैं तो कुछ कंपनियां अपने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश लॉन्च करती हैं, जबकि अन्य आपके आवेदन की समीक्षा करती हैं। यदि आपको यह एक रोमांचक करियर पथ की तरह लगता है, तो आप शैक्षिक आवश्यकताओं और पेशेवर योग्यताओं के बारे में सोच सकते हैं जिनकी आपको आवश्यकता होगी।

**अंडरराइटर की भूमिका क्या होती है? :** अंडरराइटर अपने अनुभव के आधार पर यह निर्णय लेता है कि अनुबंध जोखिम भरा होगा या यह लेने लायक होगा या नहीं। उदाहरण के लिए एक हामीदार जो स्वास्थ्य बीमा कंपनियों के साथ काम करता है, आवेदकों के स्वास्थ्य जोखिमों का विश्लेषण करता है। एक अंडरराइटर के काम में उम्र, वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति और चिकित्सा और पारिवारिक इतिहास सहित आवेदक के विवरण की जांच करना शामिल होता है। इस जानकारी का उपयोग करते हुए और अन्य औपचारिकताओं के बाद वह अंडरराइटिंग सॉफ़्टवेयर में जानकारी दर्ज करता है। सॉफ्टवेयर प्रीमियम की राशि और बीमा प्रदाता कंपनी को पॉलिसी पर लागू होने वाली शर्तों का निर्धारण करता है। एक स्वास्थ्य बीमा कंपनी का हामीदार चिकित्सा जानकारी की समीक्षा करता है, जबकि एक ऋण हामीदार ग्राहक के क्रेडिट इतिहास जैसे कारकों का आकलन करता है। अंडरराइटर का काम जटिल होता है। बीमा हामीदार व्यक्तियों को जोखिम के स्वीकार्य स्तर को निर्धारित करने में सक्षम होना चाहिए । जटिल परिस्थितियों की जांच करते समय एक हामीदार को शोध करने और बहुत सारी जानकारी प्राप्त करने की आवश्यकता हो सकती है। एक हामीदार ऋण और इक्विटी बाजार, गिरवी और बीमा जैसे क्षेत्रों में किसी अन्य पार्टी के जोखिम का आकलन करता है।

**अंडरराइटर बनने के लिए आवश्यकताएं :** यदि आप एक हामीदार बनना चाहते हैं तो कुछ चीजें हैं जिन्हें आपको ध्यान में रखना होगा। आवश्यकताएं अक्सर उप-क्षेत्र और उस क्षेत्राधिकार के आधार पर भिन्न होती हैं जिसमें आप काम करते हैं। अंडरराइटर बनने के लिए आपको स्नातक की डिग्री की आवश्यकता हो सकती है जिसमें अर्थशास्त्र, व्यवसाय, लेखा, वित्त, या गणित में शोध शामिल होता है। अंडरराइटिंग के लिए विश्लेषणात्मक, कंप्यूटर, संचार और गणित कौशल सहित विशेष कौशल की एक श्रृंखला की आवश्यकता होती है।

**टॉप फार्मेसी कॉलेज की लिस्ट :** नए कर्मचारियों को वरिष्ठ हामीदारों से ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण मिलता है और उन्हें अपने करियर में आगे बढ़ने के लिए प्रमुख प्रमाणन कार्यक्रमों को पूरा करना होगा। आप एंट्री-लेवल की नौकरी से लेकर वरिष्ठ पद तक, उच्च वेतन के साथ पाँच से 10 वर्षों के भीतर अपना काम कर सकते हैं।

**शिक्षा :** एक हामीदार बनने के लिए आपको आमतौर पर स्नातक की डिग्री की आवश्यकता होती है। गणित, बिजनेस, अर्थशास्त्र और वित्त के पाठ्यक्रम इस क्षेत्र में फायदेमंद होते हैं क्योंकि वे निश्चित रूप से आपके द्वारा किए जा रहे किसी भी काम में उपयोगी हो सकते हैं। एक अच्छा हामीदार भी विस्तार-उन्मुख होता है और उसके पास गणित, संचार, समस्या-समाधान और निर्णय लेने में उत्कृष्ट कौशल होता है।

एक बार काम पर रखने के बाद आप आमतौर पर वरिष्ठ हामीदारों की देखरेख में काम पर प्रशिक्षण लेते हैं। एक प्रशिक्षु के रूप में आप सामान्य जोखिम कारकों और हामीदारी में उपयोग किए जाने वाले बुनियादी अनुप्रयोगों के बारे में सीखते हैं। जैसे-जैसे आप अधिक अनुभवी होते जाते हैं आप स्वतंत्र रूप से काम करना शुरू कर सकते हैं और अधिक जिम्मेदारी ले सकते हैं।

**कौशल :** शिक्षा ही एकमात्र ऐसी चीज नहीं है जो आपको इस क्षेत्र में आगे बढ़ने में मदद कर सकती है। विशेष कौशल का एक सेट भी है जो आपको अपना करियर बनाने में और आगे बढ़ने में आपकी मदद कर सकता है। यहां कुछ प्रमुख कौशल दिए गए हैं जिनकी आपको आवश्यकता होगी।

- **विश्लेषणात्मक कौशल**
- **संचार कौशल**
- **कंप्यूटर कौशल**
- **गणित कौशल**

अंडरराइटिंग में कॅरियर शुरू करने का सबसे आसान तरीका अच्छी शिक्षा प्राप्त करना है। गणित, लेखा, अर्थशास्त्र और किसी भी अन्य संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री मदद करती है। सुनिश्चित करें कि आपके पास विश्लेषणात्मक और संचार कौशल सहित सही कौशल हैं और प्रमाणित हों। एक बार जब आपके पास वह सब कुछ हो जाए तो प्रवेश स्तर की नौकरियों की तलाश करें जो आपको वह प्रशिक्षण प्रदान कर सकें जो आपको अपने कॅरियर में आगे बढ़ने के लिए चाहिए।

**– जे. पी. शुक्ला**

# बीए करने के बाद आपके पास टॉप कॅरियर विकल्प क्या हो सकते हैं और क्या करें



कला में स्नातक होने के बाद छात्र को सरकारी क्षेत्र में कॅरियर के अपार अवसर मिल सकते हैं। यह बीए के बाद सबसे अच्छे कॅरियर विकल्पों में से एक है जो सुरक्षित क्षेत्रों में से एक है जो आपको कठोर स्थिति में भी स्थिति या पद के साथ स्थायी नौकरी की सुरक्षा प्रदान करता है। कला स्नातक (बीए) में स्नातक की डिग्री प्राप्त करने के बाद हम में से बहुत से लोग यह नहीं जानते हैं कि अपनी मूल डिग्री के संकलन के बाद उन्हें किस कैरियर का अनुसरण करना चाहिए। क्या वे उच्च ऑनलाइन शिक्षा के लिए जाएंगे या प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करेंगे या उन्हें कॉर्पोरेट जगत में कदम रखना चाहिए? तो आईये जानते हैं कि बीए करने बाद आपके लिए करियर विकल्प क्या हो सकते हैं।

**बीए के बाद करियर विकल्प :** कैरियर के अवसरों की एक विस्तृत श्रृंखला ने बीए क्षेत्र में रखा है जो पहले प्रौद्योगिकी में एक सर्वश्रेष्ठ और चयनात्मक करियर रहा है और जो आपके संपूर्ण व्यक्तित्व को विकसित करने के साथ-साथ डिजाइनिंग, पत्रकारिता, मीडिया, सामग्री निर्माण या इससे भी अधिक रचनात्मक कार्य प्रोफाइल जहां कला स्नातक में स्नातक छात्र ने एक स्थान हासिल किया है। कला स्नातक तीन साल की बुनियादी डिग्री होती है जो कला से संबंधित विषयों जैसे उदार कला, सामाजिक विज्ञान, मानविकी, आदि के सामान्य अध्ययन के साथ होती है। बीए की डिग्री में साहित्य, मनोविज्ञान, दर्शन, संचार, अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, इतिहास, भूगोल, संस्कृत, और अन्य कला जैसे विषय शामिल होते हैं। छात्र अपनी रुचि और करियर के लक्ष्यों के अनुसार डिग्री विषय का विकल्प चुन सकते हैं। बीए में अवसर प्रतिस्पर्धी दुनिया में अवसरों की एक श्रृंखला है जिसे आप कला में स्नातक पूरा करने के बाद खोज सकते हैं।

**सरकारी नौकरियां :** कला में स्नातक होने के बाद छात्र को सरकारी क्षेत्र में कॅरियर के अपार अवसर मिल सकते हैं। यह बीए के बाद सबसे अच्छे कॅरियर विकल्पों में से एक है जो सुरक्षित क्षेत्रों में से एक है जो आपको कठोर स्थिति में भी स्थिति या पद के साथ स्थायी नौकरी की सुरक्षा प्रदान करता है। यदि कोई छात्र अपना करियर बनाने या जनता के लिए काम करने का इच्छुक है तो छात्रों के लिए सरकारी क्षेत्र में अवसरों की तलाश करने के लिए यह सबसे अच्छा और सबसे रचनात्मक करियर विकल्प है। छात्र बीए के बाद क्लर्क से लेकर अधिकारी रैंक तक विभिन्न नौकरियों की तैयारी कर सकते हैं जैसे कि -

- यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग)
- एसएससी (कर्मचारी चयन आयोग)
- सीडीएस (सिविल डिफेंस सर्विसेज)
- भारतीय रेलवे (आरआरबी परीक्षा)
- बैंकिंग परीक्षा
- भारतीय आयुध निमार्णी सेवा (आईओएफएस)
- भारतीय संचार वित्त सेवाएं (आईसीएफएस)
- भारतीय डाक सेवा (आईपीओएस)
- भारतीय रेलवे
- रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ)

बीए के बाद इन उपर्युक्त सरकारी परीक्षाओं का मूल वेतन INR 60,000-INR 80,000 प्रति माह है जो स्थिति और विशेष सरकारी परीक्षा पर निर्भर करता है।

**मीडिया, पत्रकारिता और जनसंचार :** पत्रकारिता और जनसंचार लोकप्रिय क्षेत्रों में से एक है जिसने डिजिटल दुनिया के वर्तमान समय में काफी लोकप्रियता हासिल की है। पत्रकारिता एक विशाल क्षेत्र है जिसमें बड़े समाचार चैनलों के साथ सामग्री लिखने, पत्रिकाओं के लिए फीचर या यहां तक कि कैमरे के सामने और कैमरे के पीछे एंकर के साथ काम करना शामिल है। मीडिया उन बहुतायत क्षेत्रों में से एक है जिसमें एक छात्र काम कर सकता है। पत्रकारिता कार्यक्रमों में बीए पूरा करने के बाद छात्र संचार में परास्नातक कर सकते हैं या एक निश्चित मीडिया विशेषज्ञता जैसे लेखन, टीवी पत्रकारिता, पटकथा लेखन, फिल्म निर्माण, कॉर्पोरेट संचार, आदि में पीजी डिप्लोमा के लिए जा सकते हैं।

**डिजिटल मार्केटिंग :** यह सबसे महत्वपूर्ण और सबसे अधिक मांग वाला कोर्स है जिसे आज के युवाओं द्वारा डिजिटल दुनिया में अपना करियर बनाने के लिए चुना जाता है। डिजिटल मार्केटिंग उन छात्रों के लिए सबसे अच्छा विकल्प है जो ई-कॉमर्स पोर्टल पर अपना स्टार्टअप, व्यवसाय या उद्यम, वेबसाइट, उत्पाद खोलना चाहते हैं। ऑनलाइन व्यवसाय तेजी से बढ़ रहे हैं, लगभग अरबों से अधिक लोग माल और सेवाओं के लिए ई-कॉमर्स पोर्टल का उपयोग कर रहे हैं, इसलिए यह उनके डिजिटल-आधारित व्यवसाय को खोलने के लिए एक विशाल और आकर्षक क्षेत्र है। डिजिटल मार्केटिंग में नौकरी के अवसर-

- डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर
- सर्च इंजन ऑप्टिमाइजर
- सोशल मीडिया मार्केटर
- सामग्री विपणक
- ईमेल मार्केटर
- डेटा विश्लेषक

डेटा साइंटिस्ट

एक गलत धारणा है कि साइंस स्ट्रीम का छात्र केवल डेटा साइंटिस्ट बनने के योग्य होता है। कला में स्नातक रखने वाला छात्र अपने संबंधित क्षेत्रों या क्षेत्र में डेटा विज्ञान की दुनिया में कदम रख सकता है। डेटा साइंस संरचित या असंरचित डेटा से अंतर्दृष्टि निकालने के लिए वैज्ञानिक तरीकों के माध्यम से सिस्टम, एल्गोरिदम का उपयोग करके डेटा को छोटा या एकत्र करने का क्षेत्र है। यदि किसी छात्र की कंप्यूटर, सॉफ्टवेयर विकास, तकनीकी क्षेत्र में गहरी रुचि है तो वह इस विकल्प का चुनाव कर सकता है।

# फार्मासिस्ट, म्यूजिक टीचर व लाइनमैन के पदों पर करें आवेदन वेतन 75 हजार से अधिक



केरल पब्लिक सर्विस कमीशन ने म्यूजिक टीचर, फार्मासिस्ट और लाइनमैन के लिए रिक्तियां निकाली हैं। जो भी योग्य अभ्यर्थी KPSC Recruitment 2022, में आवेदन करना चाहते हैं वो इसकी ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं। यहां रिक्तियों की संख्या 60 है। आवेदन करने की आखिरी डेट 14 दिसम्बर है। आवेदन करने से संबंधित सारी डिटेल्स नीचे दी गयी हैं।

केरल पब्लिक सर्विस कमीशन ने म्यूजिक टीचर, फार्मासिस्ट और लाइनमैन के लिए रिक्तियां निकाली हैं। जो भी योग्य अभ्यर्थी KPSC Recruitment 2022 में आवेदन करना चाहते हैं वो इसकी ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं। यहां रिक्तियों की संख्या 60 है। आवेदन करने की आखिरी डेट 14 दिसम्बर है। आवेदन करने से संबंधित सारी डिटेल्स नीचे दी गयी हैं। ऑफिशियल वेबसाइट है keralapsc.gov.in इस वेबसाइट के द्वारा आपको सारी जानकारी प्राप्त हो सकती है।

**रिक्तियों की डिटेल :** कुल रिक्तियां -60, आवेदन की अंतिम डेट - 14 दिसम्बर।

**शैक्षिक योग्यता :** म्यूजिक टीचर, लाइनमैन और फार्मासिस्ट के लिए आवेदन करने की शैक्षिक योग्यता ग्रेजुएशन रखी गयी है। बाकी की जानकारी के लिए ऑफिशियल वेबसाइट keralapsc.gov.in पर विजिट कर सकते हैं। इन लिंक पर क्लिक करके भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**अन्य योग्यताएं :** आवेदन करने वालो उम्मीदवार की आयु न्यूनतम 18 साल अधिकतम 40 साल होनी चाहिए। आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को आयु सीमा में छूट दी जाएगी।

**वेतन :** इन पदों पर चयनित हुए उम्मीदवारों को वेतन के रूप में 26,500 रुपए से लेकर 75, 400 रुपए दिए जायेंगे।

# दिल्ली के प्राइवेट स्कूलों में शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया, क्या है डिटेल्स जानें



दिल्ली के सभी प्राइवेट स्कूलों की नर्सरी एडमिशन की डिटेल्स जारी होते ही अभिभावकों की परेशानी बढ़ गयी है। एडमिशन प्रोसेस क्या होगा, प्वाइंट सिस्टम क्या है जैसे बहुत से सवाल उनके मन में हैं। प्राइवेट स्कूलों में नर्सरी क्लास के एडमिशन 1 दिसंबर से शुरू होंगे। 23 दिसम्बर फॉर्म सबमिट करने की आखिरी डेट है। दिल्ली सरकार ने सोमवार को इस बारे में गाइडलाइन जारी की।

दिल्ली के सभी प्राइवेट स्कूलों की नर्सरी एडमिशन की डिटेल्स जारी होते ही अभिभावकों की परेशानी बढ़ गयी है। एडमिशन प्रोसेस क्या होगा, प्वाइंट सिस्टम क्या है जैसे बहुत से सवाल उनके मन में हैं। प्राइवेट स्कूलों में नर्सरी क्लास के एडमिशन 1 दिसंबर से शुरू होंगे। 23 दिसम्बर फॉर्म सबमिट करने की आखिरी डेट है। दिल्ली सरकार ने सोमवार को इस बारे में गाइडलाइन जारी की। इसके मुताबिक अभिभावक 23 दिसंबर तक नर्सरी, KG और क्लास 1 के लिए अपने मनपसंद स्कूलों के लिए फॉर्म भर सकेंगे। सभी स्कूल एडमिशन प्रोसेस और क्राइटेरिया शिक्षा विभाग की वेबसाइट (edudel.nic.in) और स्कूल की वेबसाइट पर अपलोड करेंगें। स्कूल पहली एडमिशन लिस्ट 20 जनवरी को जारी करेंगे। EWS/DG और PWD के लिए गाइडलाइंस बाद में आएंगी। नामांकन फॉर्म 1 दिसंबर से 23 दिसंबर तक भरे जा सकते हैं।

**अभिभावक किन बातों का रखें ध्यान :** सभी स्कूलों में सामान्य एडमिशन के अलावा आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के बच्चों के लिए ईडब्ल्यूएस और डिसएडवांटेज ग्रुप कोटे के तहत दाखिला दिया जाता है। आप जिस भी वर्ग से हैं, आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग से हैं या डिसएडवांटेज ग्रुप से हैं उसी कैटेगरी में आपको अपने बच्चे के दाखिले के लिए प्रक्रिया शुरू करनी होगी। पैरेंट्स स्कूल की वेबसाइट्स से अपडेट ले सकते हैं। स्कूल एडमिशन की पहली लिस्ट 20 जनवरी को जारी करेंगे।

**कब जारी होगी दूसरी लिस्ट :** सभी स्कूलों को एडमिशन क्राइटेरिया 28 नवंबर तक वेबसाइट पर अपलोड करना होगा। यदि कोई स्कूल 2 दिसंबर तक एडमिशन क्राइटेरिया अपलोड नहीं करता है तो उसका एडमिशन प्रोसेस रोक दिया जायेगा। 6 जनवरी को सभी स्कूल बच्चों की लिस्ट अपनी वेबसाइट पर अपलोड करेंगे और 13 जनवरी को 100 पॉइंट के तहत सभी बच्चों की मार्क्स की लिस्ट जारी की जाएगी। पहली लिस्ट 20 जनवरी को आएगी। यदि लिस्ट को लेकर पैरेन्ट्स में किसी तरह का डाउट या उलझन हो तो स्कूल प्रशासन से संपर्क कर सकते हैं। किसी भी प्रकार के संदेह के लिए अभिभावक 8 - 14 जनवरी तक स्कूल से बात कर सकेंगे। दूसरी लिस्ट 6 फरवरी को जारी होगी। स्कूलों में सीटें खाली रहती हैं तो तीसरी एडमिशन लिस्ट 1 मार्च को निकालेंगे।

**क्या होगी उम्र सीमा :** प्राइवेट स्कूलों में नर्सरी एडमिशन के लिए बच्चे की उम्र 3 से 4 साल तक होनी चाहिए। केजी के लिए उम्र सीमा 4 से 5 साल है इसके साथ ही पहली कक्षा में दाखिले के लिए उम्र सीमा 5 से 6 साल तक है।

**क्या है पॉइंट सिस्टम :** नर्सरी में एडमिशन की यह एक प्रक्रिया के लिए पॉइंट सिस्टम बनाया गया है। इसमें कुल 100 अंक होते हैं। नर्सरी में एडमिशन में के लिए प्रवेश परीक्षा नहीं होती है इसलिए पॉइंट सिस्टम अभिभावक और स्कूल दोनों के लिए ही फायदेमंद है। जैसे अगर स्कूल से बच्चे का घर पास है तो उसके पॉइंट ऐड होंगे। अथवा उसके कोई भाई-बहन उस स्कूल में पढ़ते हैं तो उसके पॉइंट मिलेंगे।

**जरुरी डाक्यूमेंट्स :** एडमिशन के लिए आपके पास आवश्यक डॉक्यूमेंट होने चाहिए। बच्चे का बर्थ सर्टिफिकेट अथवा आधार कार्ड माता-पिता का आधार कार्ड, कोई एड्रेस प्रूफ होना भी जरूरी है।

# फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में कॅरियर कैसे बनाएं?



फॉरेंसिक साइंस की फील्ड में काम करने वाले प्रोफेशनल फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट या फॉरेंसिक साइंस एक्सपर्ट्स कहलाते हैं। फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट्स टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके क्राइम स्पॉट पर मौजूद सबूतों की जाँच करते हैं और अपराधियों को पकड़ने में मदद करते हैं। इसके लिए वे क्राइम सीन, ब्लड सेंपल, डीएनए प्रोफाइलिंग आदि की जांच करते हैं। फॉरेंसिक साइंस का इस्तेमाल आपराधिक मामलों की जांच और कानूनी प्रक्रियाओं के लिए किया जाता है। फॉरेंसिक साइंस में केमिस्ट्री, बायोलॉजी, फिजिक्स, जियोलोजी, साइकोलॉजी, सोशल साइंस, इंजीनियरिंग आदि फील्ड्स शामिल होती हैं। इस फील्ड में काम करने वाले प्रोफेशनल फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट या फॉरेंसिक साइंस एक्सपर्ट्स कहलाते हैं। फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट्स टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके क्राइम स्पॉट पर मौजूद सबूतों की जांच करते हैं और अपराधियों को पकड़ने में मदद करते हैं। इसके लिए वे क्राइम सीन, ब्लड सेंपल, डीएनए प्रोफाइलिंग आदि की जांच करते हैं।

**कोर्स :** फॉरेंसिक साइंस में करियर बनाने के लिए 12th में साइंस होनी जरूरी है। आप फोरेंसिक साइंस एंड क्रिमिनोलॉजी या फॉरेंसिक साइंस एंड लॉ में एक वर्षीय डिप्लोमा कर सकते हैं। आप फॉरेंसिक साइंस 3 साल की बीएससी, 2 साल की एमएससी भी कर सकते हैं। इस फील्ड में स्पेशलाइजेशन और रिसर्च करने के इच्छुक हों तो फॉरेंसिक साइंस में पीएचडी और एमफिल भी कर सकते हैं।

**जरूरी स्किल्स :** एक फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट को जिज्ञासु होना चाहिए और साहसिक कार्यों में दिलचस्पी होनी चाहिए। इस फील्ड में हर कदम पर चुनौती है इसलिए आपको दिमागी तौर पर मजबूत होना जरूर है। इसके साथ ही आपके अंदर मजबूत कम्युनिकेशन स्किल्स होना भी बेहद जरूरी है। एक फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट को कई तरह की टेस्ट रिपोर्ट लिखनी होती हैं इसलिए आपकी राइटिंग स्किल्स भी अच्छी होनी चाहिए।फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट को सबूतों की जाँच करनी होती है इसलिए आपको एकाग्रता और सतर्कता के साथ काम करना आना चाहिए।

**कहां मिलेगी नौकरी :** इस फील्ड में सरकारी और प्राइवेट जॉब्स की भरमार है। फॉरेंसिक साइंस में डिग्री हासिल करने के बाद आपको पुलिस, लीगल सिस्टम, इंवेस्टिगेटिव सर्विस जैसी जगहों पर जॉब मिल सकती है। वहीं, कोई प्राइवेट एजेंसी भी आपको बतौर फॉरेंसिक साइंटिस्ट्स जॉब ऑफर कर सकती है। अगर आप में योग्यता है तो आपको फॉरेंसिक साइंटिस्ट इंटेलि?जेंस ब्यूरो और सीबीआई में भी नौकरी का अवसर प्राप्त हो सकता है। इसके अलावा आप किसी फॉरेंसिक साइंस शिक्षण संस्थान में टीचर के रूप पढ़ा कर अच्छी सैलरी कमा सकते हैं।

**सैलरी :** योग्यता के आधार पर आपको शुरूआत में 20-50 हजार रुपये प्रतिमाह तक सैलरी मिल सकती है। समय के साथ अनुभव होने पर आप 6 से 8 लाख रुपये तक महीना कमा सकते हैं।

# आज का राशिफल

**मेष राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यापार में लाभ मिलेगा और आय में वृद्धि के योग रहेंगे। रुका हुआ धन भी मिल सकता है। नए कार्यों में शीघ्रता से बचें।

**वृष राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में छोटी-छोटी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, काम की अधिकता रहेगी।

**मिथुन राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आकस्मिक धनलाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। सभी कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कर्क राशि** : आज का दिन कारोबार अच्छा चलेगा। कार्यभार की अधिकता से परिश्रम अधिक करना पड़ेगा और भागदौड़ भी रहेगी, लेकिन कार्यों में सफलता मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

**सिंह राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में स्थितियां चुनौतीपूर्ण रह सकती हैं। नौकरी-व्यवस्था में उन्नति या वेतन वृद्धि का मामला टल सकता है।

**कन्या राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यापार-धंधे में धन लाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। सहकर्मियों का अच्छा सहयोग मिलेगा।

**तुला राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा, लेकिन जिम्मेदारियां काम में रुकावट बन सकती हैं। काम की अधिकता से दिनभर भागदौड़ रहेगी।

**वृश्चिक राशि** : आज का दिन कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम रहेगा, जिससे कार्यों में सफलता मिलेगी। व्यापार-धंधे में लाभ रहेगा, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**धनु राशि** : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगी। कारोबार में धनलाभ के योग रहेंगे। नौकरीपेशा लोगों को स्थान परिवर्तन के साथ पदोन्नति का लाभ मिल सकता है, जिससे आय में वृद्धि होगी।

**मकर राशि** : आज का दिन आपके जीवन में खुशियां लेकर आएगा। कारोबार में अच्छे लाभ की संभावना है। परिश्रम की अधिकता रहेगी, लेकिन कार्य आसानी से निपटेंगे।

**कुंभ राशि** : आज का दिन सहकर्मियों के साथ-साथ दोस्तों-परिजनों का भी भरपूर सहयोग मिलेगा। धैर्य और सूझबूझ से निर्णय लेने से सभी कार्य सफल होंगे। काम की अधिकता रहेगी।

**मीन राशि** : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा। आकस्मिक धनलाभ की संभावना है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। मित्रों और परिजनों का भरपूर सहयोग मिलेगा।





## न्यूज गैलरी

### जाफना से चेन्नई की उड़ान अगले सप्ताह शुरू करेगा श्रीलंका

**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका उत्तरी जाफना प्रायद्वीप से चेन्नई के लिए उड़ान सेवा अगले सप्ताह से फिर शुरू करने जा रहा है। सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस कदम से नकदी संकट से जूझ रहे पड़ोसी देश के पर्यटन क्षेत्र को मदद मिलने की उम्मीद है। पर्यटन श्रीलंका की विदेशी मुद्रा आय का प्रमुख स्रोत है। वर्ष 2020 में कोविड-19 महामारी की शुरुआत के बाद से ही श्रीलंका का पर्यटन क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ है। यह श्रीलंका के ताजा आर्थिक संकट की एक बड़ी वजह है। श्रीलंका के केंद्रीय बैंक के अनुसार, नवम्बर में देश की विदेशी पर्यटकों से आय 10.75 करोड़ डॉलर पर पहुंच गयी। चालू कैलेंडर साल के पहले 11 माह में श्रीलंका की विदेशी पर्यटकों से कमाई 112.94 करोड़ डॉलर रही है। श्रीलंका के विमानन मंत्री निमल सिरिपाला डि सिल्वा ने सोमवार को संसद को बताया कि पलाली से भारत के लिए उड़ान संभवत: 12 दिसम्बर तक शुरू हो जाएगी। मंत्री ने कहा कि जाफना से चेन्नई के बीच उड़ान का परिचालन शुरू होगा। उन्होंने कहा कि हवाई पट्टी में कुछ सुधार की जरूरत है। मौजूदा हवाई पट्टी सिर्फ 75 सीटों की उड़ानों के लिए उपयुक्त है।

### इंडोनेशिया में शादी से पहले सेक्स बैन करने की तैयारी

**जकार्ता (एजेंसी)।** आपराधिक कानूनों या दंडों में किये गये सबसे विवादास्पद संशोधनों में शादी से बाहर यौन संबंध से संबंधित कानून है, जो अपराधी को एक वर्ष तक की जेल की सजा दे सकता है। नये कानून में अविवाहित जोड़ों को शादी से पहले लिव इन में रहना, राष्ट्रपति और राष्ट्रीय प्रतीकों जैसे राष्ट्रीय ध्वज या राष्ट्रगान का 'अपमान करना' दंडनीय अपराध बनाया गया है। इंडोनेशिया के हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स के डिप्टी स्पीकर सुफामी दास्कू अहमद और कानूनों में संशोधन करने वाले संसदीय आयोग के प्रमुख बंबांग वोरिएंटो ने समाचार एजेंसी रॉयटर्स से कहा कि नये कानूनों को मान्यता देने के लिए संसद का एक विशेष सत्र आयोजित किया जायेगा। देश के औपनिवेशिक युग के कानूनों को संशोधित करने का काम दशकों से चल रहा है और हाल के वर्षों में इसके खिलाफ बड़े पैमाने पर सार्वजनिक विरोध प्रदर्शन हुए हैं, लेकिन इस साल सार्वजनिक स्तर पर इस मुद्दे पर एक बड़ी चुप्पी है। संसद ने सितंबर 2019 की शुरुआत में नए कानून को मान्यता देने की योजना बनाई थी, लेकिन देशव्यापी विरोध और नागरिक स्वतंत्रता के लिए खतरों के कारण इसकी मंजूरी में देरी हुई।

### विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यूरोप को सुनायी खरी-खरी, कहा-

# रूसी तेल पर हमें लेक्चर न दें

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने जर्मन समकक्ष एनालेना बेयरबॉक के साथ बैठक के बाद रूस से भारत के तेल आयात का मजबूती से बचाव किया और कहा कि जैसे यूरोप अपनी ऊर्जा जरूरतों की प्राथमिकताओं के अनुरूप विकल्प नहीं बना सकता है और उसी तरह भारत से कुछ और करने को नहीं कह सकता। जयशंकर ने कहा कि यूरोपीय संघ ने रूस से भारत से छह गुना अधिक तेल का आयात किया है। इसके अलावा कोयले का आयात भी भारत की तुलना में 50 फीसदी ज्यादा है। जयशंकर और जर्मन विदेश मंत्री के बीच पाकिस्तान का मुद्दा भी उठा। जिस पर जयशंकर ने दो टूक शब्दों में कहा कि बिना आतंकवाद का हल निकले पाकिस्तान से बातचीत नहीं हो सकती है। सोमवार को भारत और जर्मनी ने ऊर्जा, कारोबार, जलवायु परिवर्तन सहित द्विपक्षीय सहयोग को प्रगाढ़ करने एवं यूक्रेन संकट सहित वैश्विक मुद्दों पर सोमवार को विस्तृत चर्चा की तथा समग्र प्रवासन व आवाजाही साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किये। रूस से कच्चे तेल के आयात का बचाव करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि पिछने नौ महीने में यूरोपीय देशों ने इसकी जितनी खरीद की है, उसका छठा हिस्सा ही भारत ने खरीदा है।



दोनों देशों ने हिंद प्रशांत, यूक्रेन संकट, अफगानिस्तान में स्थिति, पाकिस्तान से जुड़े मुद्दे, सीरिया की स्थिति सहित क्षेत्रीय और वैश्विक विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। जयशंकर ने जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक के साथ द्विपक्षीय सहयोग के विविध आयामों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक के बाद जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक के साथ संयुक्त प्रेस संबोधन में जयशंकर ने कहा कि भारत और रूस के कारोबार को बढ़ाने के बारे में चर्चा यूक्रेन संघर्ष से काफी पहले शुरू हुई थी। जयशंकर ने रूस से कच्चे तेल के आयात पर कहा कि यह बाजार से जुड़े कारकों से प्रेरित हैं। उन्होंने कहा कि फरवरी से नवम्बर तक यूरोपीय संघ ने रूस से अधिक मात्रा में जीवाश्म ईंधन का आयात किया है। उन्होंने कहा कि मैं समझता हूं कि संघर्ष की स्थिति (यूक्रेन में) है। मैं यह भी समझता हूं कि यूरोप का एक विचार है और यूरोप अपने विकल्प चुनेगा और यह यूरोप का अधिकार है। लेकिन यूरोप अपनी पसंद के अनुसार ऊर्जा जरूरतों को लेकर विकल्प चुने और फिर भारत को कुछ और करने के लिये कहे । उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया से यूरोप द्वारा तेल खरीदने से भी दबाव पड़ा है। उनसे पूछा गया था कि भारत क्यों रूस से कच्चा तेल खरीद रहा है।

#### पाक से बातचीत की शर्त

**बेयरबॉक** दो दिवसीय यात्रा पर सोमवार को भारत पहुंची है। उनकी यात्रा ऐसे समय में हुई है जब चार दिन पहले ही भारत ने जी-20 समूह की औपचारिक अध्यक्षता ग्रहण की है। जयशंकर ने कहा कि हमने अफगानिस्तान की स्थिति और पाकिस्तान के बारे में चर्चा की जिसमें सीमा पार आतंकवाद से जुड़ा विषय भी शामिल था। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ तब तक बातचीत नहीं हो सकती, जब तक कि वह सीमापार से आतंकवाद को जारी रखता है। जयशंकर ने जर्मनी की अपनी समकक्ष एनालेना बेयरबॉक की मौजूदगी में यह टिप्पणी की और कहा कि बर्लिन इस बात को समझता है।

## कोलंबिया में बारिश और भूस्खलन से भारी तबाही, 33 लोगों की मौत



**बोगोटा (एजेंसी)।** कोलंबिया के रिसाराल्डा प्रांत में बारिश की वजह से हुए लैंडस्लाइड में एक बस और अन्य वाहन दब गये, जिसमें कम से कम 33 लोगों की मौत हो चुकी है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने सोमवार को घटना पर शोक जताते हुए कहा कि सरकार पीड़ित परिवारों के साथ इस मुश्किल समय में साथ खड़ी है। कोलंबिया के गृहमंत्री अलफोंसो प्रादा ने बताया कि इस घटना से हम सभी बेहद दुखी हैं, हमें अब तक तीन नाबालिगों समेत 33 शव मिल चुके हैं। इसके अलावा नौ लोगों को जिंदा बचा लिया गया है, जिनमें से चार की हालत गंभीर है। कोलंबिया की राजधानी बोगोटा से करीब 230 किमी दूर कॉफी उत्पादन के लिए मशहूर कोलंबिया के एक पहाड़ी इलाके में पुएब्लो रिको और सांता सेसिलिया के गांवों के बीच यात्रा करते समय रविवार को लैंडस्लाइड में बस समेत कई वाहन दब गये थे।

### उत्तरी अफगानिस्तान में धमाका, छह की मौत

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** उत्तरी अफगानिस्तान में मंगलवार सुबह लोगों के काम पर जाने के दौरान, सरकारी कर्मचारियों से भरी एक बस के पास सड़क किनारे बम विस्फोट हुआ। विस्फोट में छह लोगों की मौत हो गयी। तालिबान के एक सदस्य ने यह जानकारी दी। बल्ख प्रांत में पुलिस प्रमुख के तालिबान द्वारा नियुक्त प्रवक्ता मोहम्मद आसिफ वजीरी ने कहा कि प्रांतीय राजधानी मजार-ए शरीफ में हुए बम विस्फोट में सात लोग घायल हो गये। बम को सड़क के किनारे एक छकड़ा गाड़ी के अंदर लगाया गया था।

### भारत-मध्य एशिया की बैठक

## राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डोभाल ने की आतंकवादी फंडिंग रोकने की वकालत



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने मंगलवार को क्षेत्र के देशों द्वारा आतंकवाद के वित्तपोषण को रोकने को अधिक प्राथमिकता दिये जाने की जोरदार वकालत करते हुए कहा कि वित्तीय संसाधन आतंकवाद का आधार हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की भारत-मध्य एशिया बैठक की शुरुआत के मौके पर अपने संबोधन में डोभाल ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों को आतंकवादी कृत्यों में शामिल संस्थाओं या लोगों को किसी भी प्रकार की सहायता प्रदान करने से बचना चाहिए और आतंकवाद-रोधी समझौतों में निहित दायित्वों को पूरा करना चाहिए। डोभाल ने मध्य-एशिया को भारत का विस्तारित पड़ोसी करार देते हुए कहा कि भारत इस क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार इस बैठक में हिस्सा ले रहे हैं, जबकि बैठक में तुर्कमेनिस्तान का प्रतिनिधित्व भारत में उसके राजदूत कर रहे हैं। डोभाल ने कहा कि अफगानिस्तान एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, जिसे लेकर सब चिंतित हैं। अफगानिस्तान में तात्कालिक प्राथमिकताओं के संबंध में भारत के लक्ष्य इस मंच पर मौजूद कई देशों के समान हैं। उन्होंने कहा कि मध्य-एशियाई देशों के साथ संपर्क भारत की एक प्रमुख प्राथमिकता बनी हुई है और भारत इस क्षेत्र में सहयोग, निवेश और संपर्क कायम रखने को तैयार है। चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरए) परियोजना के संदर्भ में डोभाल ने कहा कि संपर्क का विस्तार करते समय, यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि सभी देशों की संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता के मद्देनजर संपर्क कायम करने के कदम पारदर्शी हों व परामर्श तथा भागीदारी से उठाये जायें।

### बीएसएफ ने मार गिराया पाक ड्रोन दो किलो से ज्यादा हेरोइन व बरामद

**नयी दिल्ली/तरनतारन (एजेंसी)।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पाकिस्तान की ड्रग्स भेजने की नापाक कोशिश को एक बार फिर विफल कर दिया है। बीएसएफ ने पंजाब के तरनतारन की भारत-पाकिस्तान सीमा के पास एक ड्रोन को मार गिराया है। वहीं, इसमें लायी गयी दो किलोग्राम से ज्यादा हेरोइन भी बरामद की गयी है। बीएसएफ की तरफ से ये जानकारी दी गयी है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि मंगलवार तड़के जवानों ने पंजाब के तरनतारन जिले में कालिया गांव के पास पाकिस्तान से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करनेवाले एक ड्रोन की भनभनाहट सुनी। निर्धारित अभ्यास के अनुसार, सैनिकों ने संदिग्ध उड़ती हुई वस्तु को गोली मारकर रोकने की कोशिश की। पूरे क्षेत्र को जवानों ने तुरंत घेर लिया और पुलिस और संबंधित सहयोगी एजेंसियों को सूचित किया गया।

## विश्व के 51 प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों ने वित्त मंत्री को पत्र लिख सामाजिक सुरक्षा पेंशन व महिलाओं को मातृत्व लाभ देने की मांग की

– आरएनएम

**नयी दिल्ली।** विश्व के 51 प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों ने वित्त मंत्री को खुला पत्र लिखकर सामाजिक सुरक्षा पेंशन और महिलाओं को मातृत्व का उचित लाभ दिये जाने के लिए बजट में राशि आवंटित करने की मांग की है। अर्थशास्त्रियों ने कहा कि वो इससे पहले 20 दिसम्बर 2017 और 21 दिसम्बर 2018 को भी इस संबंध में पत्र लिख चुके हैं। पत्र में कहा गया है कि वृद्धों को राष्ट्रीय पेंशन योजना के तहत सिर्फ 200 रुपये प्रति माह मिलता है। ये राशि साल 2006 से बढ़ाई नहीं गयी है लेकिन अब इसे बढ़ाकर 500 रुपये या उससे अधिक करना चाहिए।

यूक्रेन युद्ध के बाद यह क्षरण और तेज हो गया है। अंतरराष्ट्रीय थिंक टैंक, आइ-आइडिया (इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फार डेमोक्रेसी एंड इलेक्टोरल असिस्टेंस) की ताजा रिपोर्ट में यह बात कही गयी है। संस्था के महासचिव केविन कैसस-जमोरा के मुताबिक, लोकतंत्र के लिए अब अप्रत्याशित मुश्किलें देख रहे हैं। राजनीतिक और आर्थिक संकटों ने इन मुश्किलों को और गहरा दिया है। महामारी और यूक्रेन युद्ध के कारण पैदा हुए आर्थिक संकट ने इन मुश्किलों को जन्म दिया। आई-आइडिया ने उन देशों की सूची जारी की है जहां लोकतांत्रिक व्यवस्था सबसे ज्यादा नुकसान में है। इन देशों को पीछे की ओर खिसक रहे देश कहा गया है। पिछले साल इनकी संख्या छह थी और पहली बार अमेरिका को इनमें शामिल किया गया था। इस बार यह संख्या बढ़कर सात हो गयी है और अल सल्वाडोर को भी इस सूची में जोड़ गया है। अन्य देशों है- ब्राजील, हंगरी, भारत, मारीशस व पोलैंड। कैसस-जमोरा ने कहा कि अमेरिका की स्थिति खासतौर पर चिंताजनक है। उन्होंने कहा, ह्यहम अमेरिका में जो देख रहे हैं, उसे लेकर तो मैं खासतौर पर चिंतित हूं। रिपोर्ट कहती है कि इन देशों में राजनीतिक ध्रुवीकरण, संस्थागत अकर्मण्यता और नागरिक आजादी को खतरे बढ़ रहे हैं। अमेरिका के बारे में कैसस-जमोरा ने कहा कि अब तक यह स्पष्ट है कि नई सरकार चुने जाने से जो बुखार चढ़ा हुआ था, वह उतरा नहीं है। ध्रुवीकरण का स्तर बहुत ज्यादा है और बिना किसी सबूत के चुनावों की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया जा रहा है। यौन और प्रजनन अधिकारों में अमेरिका के कदम पीछे की ओर जा रहे हैं, जो अद्वितीय है। ज्यादातर देश, बल्कि लगभग सारे ही देश यौन और प्रजनन अधिकारों के मामले में आगे की ओर बढ़ रहे हैं। आइ-आइडिया के मुताबिक, जिन 173 देशों का अध्ययन किया गया है उनमें से 104 में लोकतंत्र है और 52 में उसका क्षरण हो रहा है। 27 देश एकाधिकारवादी व्यवस्था की ओर बढ़ रहे हैं, जबकि 13 लोकतंत्र की ओर।

रिपोर्ट कहती है कि जिन देशों में लोकतंत्र नहीं हैं उनमें से लगभग आधे और ज्यादा दमनकारी हो गये हैं। रिपोर्ट में अफगानिस्तान, बेलारूस, कंबोडिया, कोमोरोस और निकारागुआ का नाम लेकर कहा गया है कि यहां स्थिति में बड़ी गिरावट आयी है। रिपोर्ट के मुताबिक, एशिया में 54 फीसद लोग लोकतंत्र में रहते हैं और तानाशाही व्यवस्थाएं मजबूत हो रही हैं। अफ्रीका की यह कहते हुए तारीफ की गयी है कि मुश्किल परिस्थितियों और अस्थिरता के खतरों के बावजूद वहां मुकाबला किया जा रहा है। अरब क्रांति के एक दशक गुजर जाने के बावजूद मध्य-पूर्व दुनिया का सबसे ज्यादा एकाधिकारवादी क्षेत्र बना हुआ है, जहां सिर्फ तीन देशों में लोकतंत्र है- इराक, इजराइल व लेबनान। यूरोप के कुल देशों में से लगभग आधे यानी 17 ऐसे हैं, जहां पिछले पांच साल में लोकतांत्रिक मूल्यों में गिरावट आयी है। इस बात को लेकर चिंता जतायी गयी है कि जिन देशों में लोकतांत्रिक मूल्यों का स्तर बेहतर था, वहां भी अब परेशान करने वाली बातें दिखने लगी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अस्थिरता और व्यग्रता के दौर में लोकतंत्रों के लिए संतुलन बनाना मुश्किल होता जा रहा है। लोकलुभावन बातें करनेवाले मजबूत हो रहे हैं और लोकतांत्रिक विकास या तो रुक गया है या फिर पीछे की ओर जा रहा है। पिछले पांच साल में सभी मानकों पर विकास पूरी तरह रुक गया है और स्थिति वैसी ही हो गई है जैसी 1990 के दशक में थी। आइ-आइडिया एक अंतर-सरकारी संस्था है। इसके 34 सदस्य देश हैं जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के अध्ययन में मदद करते हैं। पिछले चार साल से यह संस्था ग्लोबल स्टेट आफ डेमोक्रेसी रिपोर्ट जारी कर रही है। इस रिपोर्ट को तैयार करने के लिए 1975 से अब तक के चलन और बदलावों का अध्ययन किया जाता है। इसके लिए 116 मानक हैं जिन पर हर देश को परखा जाता है। इन मानकों में लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व, मूलभूत अधिकार, लोगों की भागीदारी और आजादी जैसी बातें शामिल हैं।

# बौखलाए पुतिन ने यूक्रेन में मचायी भयानक तबाही

**कीव/मॉस्को (एजेंसी)।** यूरोप में रूस और यूक्रेन की तबाही जारी है। एक-दूसरे पर हमले करने के लिए अब ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। यूक्रेन ने सोमवार को रूस पर दक्षिण-पूर्व में घरों पर मिसाइल हमले करने का आरोप लगाया। वहीं, मॉस्को का कहना है कि यूक्रेनी ड्रोन ने रूस के भीतर सैकड़ों किमी घुसकर दो एयरबेस को निशाना बनाया। यूक्रेन में पिछले कई दिनों से नए मिसाइल हमले का अनुमान लगाया जा रहा था और सोमवार को यह खतरा हकीकत में बदल गया। रूसी हमले यूक्रेन के लिए अब ज्यादा विनाशकारी साबित हो रहे हैं। मिसाइलों ने कई इलाकों को भयानक ठंडे अंधेरे में डुबो दिया है जहां तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस से नीचे है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि रूसी हमलों में कम से कम चार लोग मारे गए हैं। उन्होंने दावा किया कि करीब 70 मिसाइलों में से ज्यादातर को मार गिराया गया है।

- यूक्रेन के कई इलाकों पर किये मिसाइल हमले, बर्फीले अंधेरे में डूबे लोग
- जेलेंस्की का दावा - चार की मौत, कई मिसाइलों को किया नाकाम
- रूस ने यूक्रेन पर लगाया भीतर घुसकर ड्रोन हमले करने का आरोप

### रूस ने लगाये ड्रोन हमलों के आरोप



**रूस** के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेनी ड्रोन ने दक्षिण-मध्य रूस में रियाजान और सेराटोव में दो एयर बेस पर हमला किया। इसमें तीन कर्मियों की मौत और चार घायल हो गए। जब ड्रोन को शूट किया गया तो उसके मलबे ने दो विमानों को क्षतिग्रस्त कर दिया। यूक्रेन ने सीधे तौर पर इन हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली है। लेकिन अगर ये हमले यूक्रेन ने किए हैं तो ये 24 फरवरी को युद्ध की शुरुआत के बाद से यह रूसी गढ़ के भीतर सबसे गहरा यूक्रेनी हमला है। हमले में एंगेल्स एयरबेस को भी टारगेट किया गया, जो मॉस्को से करीब 730 किमी दूर सेराटोव शहर के पास स्थित है। इसे रूस के रणनीतिक परमाणु बलों से बॉम्बर प्लेन का घर माना जाता है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने ड्रोन हमलों को 'आतंकवाद' करार दिया है। रूस और यूक्रेन फरवरी से जंग लड़ रहे हैं और अब यह लड़ाई अपनी पहली सर्दियों में प्रवेश कर रही है। रूस कड़ाके की ठंड का इस्तेमाल हथियार के तौर पर यूक्रेन के खिलाफ करना चाहता है। यही वजह से कि वह अब यक्रेनी बिजली सप्लाई को बाधित करने की मंशा से हमले कर रहा है।




## न्यूज गैलरी

### खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 10 दिसम्बर तक

रांची। झारखंड जिम्नास्टिक इस चयन ट्रायल में झारखंड में जन्म लिये खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं, साथ ही साथ आधार कार्ड पर उनका पता झारखंड का ही होना चाहिए। मंगलवार की बैठक में इस तरह की बात कही गयी। खिलाड़ियों के द्वारा चयन ट्रायल में अपने आधार कार्ड की मूल प्रति, (छाया प्रति सहित) तथा सरकारी संस्थानों से निर्गत जन्म प्रमाण पत्र, यथा- मैट्रिक का मूल प्रमाण पत्र, अथवा नगर निगम द्वारा निर्गत जन्म प्रमाणपत्र (छाया प्रति सहित) प्रस्तुत करने पर ही भाग ले सकेंगे। रजिस्ट्रेशन के लिए 10 दिसम्बर तक रिपोर्ट झारखंड जिम्नास्टिक संघ के कार्यकारी सचिव राजीव रंजन मो ना० +917004150442 प्रशासनिक सचिव दीपक गुप्ता 6205523640 से सम्पर्क किया जा सकता है।

### अनुसूचित जाति समन्वय समिति ने बाबा अंबेडकर का 66वां परिनिर्वाण दिवस मनाया



रांची। मंगलवार को अनुसूचित जाति समन्वय समिति ने भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के 66वां परिनिर्वाण दिवस अंबेडकर चौक डोरंडा में उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र रजक एवं संचालन राम लगन राम ने किया। मौके पर उपस्थित लोगों ने बाबासाहेब के विचारों एवं उनके द्वारा किया गया संघर्ष तथा कार्यों पर विचार रखा। उपेंद्र कुमार रजक, राम लगन राम, विजय राम, विकास रवि, राजेश रोशन, रंधिर रजक ने कहा कि बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने अपना पूरा जीवन सामाजिक समरसता एवं समाज में राजनीतिक आर्थिक और लोकतंत्र के स्थापना के लिए लगा दिया अपने देश के लिए पवित्र संविधान बाबासाहेब की अनमोल देन है लेकिन आज आजादी के 73 वर्ष बाद भी बाबासाहेब के विचारों एवं संविधान को पूर्णता लागू नहीं किया गया। आज भी संविधान को तार-तार किया जा रहा है, जिन शोषित वंचित को संविधान में विशेष अधिकारों प्रावधान दिया गया था वह आज भी अधूरा है। श्रद्धांजलि सभा में अक्षय राम, नीरज पासवान, अधिवक्ता भोला रजक, योगेंद्र प्रसाद, मोहन राम, श्याम नंदन प्रसाद, रणधीर रजक,संतोष रवि, संतोष रजक, नारायण नायक, संजय रविदास, इंद्रदेव राम, मधु राम, विजय राम, किशोर नायक, राजेश राम, शंकर करमाली, अधिवक्ता राजेंद्र राम आदि मौजूद थे।

### डॉ. भीमराव आम्बेडकर को सीएम ने श्रद्धांजलि अर्पित की

रांची । समाज को संविधान रूपी ग्रंथ देने वाले महान संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव आम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने उन्हें याद कर नमन किया और श्रद्धांजलि अर्पित की।

### झारखंड में बेरोजगारी दर 14.3 प्रतिशत, देश में छठा स्थान : सीएमआइई

रांची। देश में बेरोजगारी दर को लेकर सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी (सीएमआइई) ने बड़ा दावा किया है . सीएमआइई के आंकड़ों के मुताबिक देश में बेरोजगारी दर नवंबर में बढ़ कर 8.00 प्रतिशत पहुंच गयी है. अक्टूबर में यह आंकड़ा 7.77 प्रतिशत था. आर्थिक शोध संस्थान सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनामी (सीएमआईई) के मुताबिक शहरी क्षेत्र में बेरोजगारी बढ़ी है. अक्टूबर में शहरी क्षेत्र में जहां बेरोजगारी दर अक्टूबर में 7.21 से बढ़ कर 8.96 प्रतिशत हो गयी है, जबकि ग्रामीण इलाकों में सुधार हुआ है. यहां अक्टूबर में बेरोजगारी दर 8.04 प्रतिशत से घट कर 7.55 प्रतिशत पहुंच गयी है. देश में सबसे अधिक हरियाणा में (30.06 प्रतिशत), दूसरे स्थान पर राजस्थान में (24.05 प्रतिशत), तीसरे स्थान पर जम्मू कश्मीर में (23.09 प्रतिशत), चौथे स्थान पर बिहार में (17.03 प्रतिशत), पांचवें स्थान पर त्रिपुरा में (14.05 प्रतिशत) जबकि छठे स्थान पर झारखंड में (14.03 प्रतिशत) बेरोजगारी है।

## बीएयू में डॉ. अम्बेडकर का 67 वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया

# जीवन में बाबासाहेब जैसे समान अनुशासन प्रिय का होना जरुरी : डॉ. ओंकार




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में मंगलवार को डॉ. अम्बेडकर का 67 वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। मौके पर मौजूद सभी लोगों ने कुलपति के नेतृत्व में बाबासाहेब के आदम चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रध्दा सुमन अर्पित किये। समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने हमें पहले और अंततः भारतीय होने की सीख दी। उन्होंने भारतीय समाज के सामने अपनी बातों को स्पष्ट तरीके से रखा, अपनी विचारों पर अडिग रहें, जीवन-भर संघर्ष किया और पुरे देश को भारतीय संविधान की अनुपम भेंट दी। वे भारतीय समाज के एक ऐसे महामानव थे, जिन्होंने जीवनभर अनुशासन कभी नहीं तोड़ा। अनुशासन को जीवन में सर्वोपरि माना और जीवनपर्यंत अनुशासन प्रिय रहें। आज के बच्चों एवं छात्रों को डॉ. अम्बेडकर के विचारों से प्रेरणा लेने और जीवन में सफल होने के लिए उनके समान अनुशासन प्रिय होना जरुरी है। कुलपति ने कहा कि भारतीय संविधान के मुल चरित्र को नहीं बदला जा सकता। हमें छोटी-छोटी बातों पर उद्वेलित होने से बचना चाहिए। दुसरों का आदर और सम्मान करना चाहिए। जीवन में भारतीय संविधान के प्रति पुरी तरह आस्था ही डॉ. भीमराव अम्बेडकर को हमारी सच्ची श्रध्दांजलि होगी। विशिष्ट अतिथि डीन एग्रीकल्चर डॉ. एसके पाल ने डॉ भीमराव अम्बेडकर द्वारा भारतीय महिलाओं के अधिकारों एवं सुरक्षा के लिए कठिन संघर्ष पर चर्चा की। भारतीय संस्थानों की सेवा और शिक्षण संस्थानों में अधिकाधिक महिलाओं की भागीदारी को इसका प्रतिफल कहा। डीन वेटनरी डॉ. सुशील प्रसाद ने बाबासाहेब जैसी महान विभूति का भारत देश में पैदा होना बड़े सौभाग्य का विषय बताया। डीन फॉरेस्ट्री डॉ एमएस मल्लिक ने भारत में समता मूलक समाज की स्थापना को आगे बढ़ाने में योगदान की चर्चा की।

### खुशहाल भारत के निर्माण में बाबा साहेब की अहम भूमिका

कुल सचिव डॉ. नरेंद्र कुदादा ने खुशहाल भारत के निर्माण में बाबा साहेब के आदर्शो एवं मार्गदर्शन के अनुसरण पर बल दिया। उन्हों ने कहा कि खुशहाल भारत बनाने में बाबा साहब की अहम भूमिका रही है। डायरेक्टर एक्सटेंशन डॉ. जगरनाथ उराँव ने महानतम व्यक्तित्व का स्वामी बताया, जिन्होंने जीवनभर भारतीय समाज के उत्थान के लिए संघर्ष किया। रांची विश्वविद्यालय के छात्र प्रतिनिधि द्वारिका दास ने बाबा साहेब के विचारों को आगे बढ़ाने से भारतीय समाज के उत्थान एवं गतिशील होने की बात कही। उन्होंने डॉ. अम्बेडकर को पुरे भारतीय समाज का मसीहा बताया। डॉ. अभिषेक कुमार ने डॉ. अम्बेडकर के बौद्धिक ईमानदारी पर प्रकाश डाला। मौके पर विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा डॉ. अम्बेडकर की जीवनी पर भाषण प्रस्तुत किया गया। मनीष कुमार कुशवाहा ने डॉ. अम्बेडकर को दलित समाज का महानम व्यक्तित्व बताया। साना आयसा ने भारतीय समाज के उत्थान में योगदान को याद करने का दिवस तथा साल्वी ऐशर्वया ने असाधारण व्यक्तित्व का महान विभूति बताया। स्वागत भाषण में कार्यक्रम संयोजक डॉ सोहन राम ने डॉ. अम्बेडकर के योगदान की चर्चा की। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने देश में न्यायपालिका, कार्यपालिका एवं विधायिका को संविधान समर्पित कर भारत के प्रजातंत्र को मजबुती दी।

### तीन वर्ष में 24,50,924 परिवारों को आजीविका से जोड़ा गया

**रांची।** वर्ष 2012 से 2019 तक झारखंड के 4,46,551 ग्रामीण परिवारों को आजीविका से जोड़ा गया. जबकि दिसंबर 2019 के बाद से अबतक 24,50,924 ग्रामीण परिवारों को सरकार आजीविका से जोड़ने में सफल रही है. इन तीन वर्षों में सखी मंडल के जरिए ये ग्रामीण परिवार लाभान्वित हुए हैं. सरकार का स्थानीय संसाधनों के आधार पर विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए ग्रामीण महिलाओं की आजीविका संवर्धन के लिए प्रयास जारी है,. सरकार को उम्मीद है कि राज्य को गरीबी के कुचक्र से बाहर निकालने में सखी मंडल की महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगी. सखी मंडल की महिलाओं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त कर राज्य व ग्रामीण इलाकों में खुशहाली एवं समृद्धि लायी जा सकेगी।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग,**
**पथ प्रमण्डल, डालटनगंज**
(E-mail: eercdmedini-jhr@nic.in)

**शुद्धि-पत्र**

एतद द्वारा सूचित करना है कि इस कार्यालय द्वारा दिनांक –01-12.2022 को विभिन्न समाचार पत्रो के माध्यम से ई–निविदा पत्रांक सं0–**08/RCD/DALTONGANJ/2022-23/1017** आमंत्रित की गई है, जिसका **PR No. 284042 Road(22-23)#D** है, जिसमें क्रमांक–2 में अंकित **Estimated Cost 7,73,41,000.00** के स्थान पर **7,81,28,626.00** एवं क्रमांक–3 **Bid Security Cost 7,73,500.00** के स्थान पर **7,81,300.00** पढ़ा/समझा जाय।

निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, डाल्टेनगंज।

PR.NO.284338 Road(22-23):D

## मारवाड़ी सम्मेलन में भावी प्रकल्पों एवं संकल्पों पर विस्तृत चर्चा की गई

# प्रांतीय अध्यक्ष बसंत मित्तल ने पूर्व अध्यक्षों को किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल ने अपने पदाधिकारियों के साथ अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष विनय कुमार सरावगी एवं निवर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल के आवास में पहुंचकर उन्हें पुष्पगुच्छ, संकल्प स्मारिका एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा आशीर्वाद लेते हुए समाज के व्यापक हित में द्रुत गति से काम करने का संकल्प दोहराया। श्री सरावगी एवं श्री अग्रवाल ने विश्वास जताया कि आपके 2 वर्षों के कार्यकाल में आपके कुशल नेतृत्व में प्रांतीय सम्मेलन को नई दिशा देने में समर्थ होंगे। उन्होंने कहा कि संगठन, समाज सुधार, समाज विकास, राष्ट्रीय एकता, समरसता एवं जन सेवा के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट कार्य करेंगे। प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल ने आग्रह किया है कि आरोग्य भवन में एक बड़ा भूखंड उपलब्ध होने से मारवाड़ी सम्मेलन का भवन, मारवाड़ी युवा मंच एवं मारवाड़ी महिला सम्मेलन का कार्यालय तथा बालिकाओं के लिए छात्रावास, पुस्तकालय, चिकित्सालय तथा अन्य जन सेवा के कार्य हो सके। प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल ने कहा कि आपके मार्गदर्शन और सहयोग से हम सभी भावी प्रकल्पों एवं संकल्प में 150 शाखाओं के साथ संगठन विस्तार करते हुए सदस्यता संख्या दस हजार तक करने, सुदृढ़ सशक्त एवं प्रभावशाली समाजिक पंचायत का गठन करना, झारखंड के जनजातीय क्षेत्रों में खेलकूद को प्रोत्साहन देने हेतु जिले मे ऐसे प्रतिभाओं की तलाश करके उन्हें सहयोग प्रदान करना, सभी जिलों एवं अनुमंडलो में स्थित मुक्तिधाम का आधुनिकरण एवं निर्माण कराना, सामाजिक नियमों का अनुपालन करने एवं आदर्श प्रस्तुत करने वालों को सम्मानित किया जाना, राजनीतिक में आने के लिए समाज के युवाओं को प्रोत्साहन देना, आदि शामिल है।



### प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में डॉ. बाबा भीमराव अम्बेदकर की पुण्यतिथि मनायी गयी

**रांची।** मंगलवार को झारखंड़ प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में भारत के संविधान निमार्ता महामना बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेदकर की पुण्यतिथि प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, रांची में मनाई गयी। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यापर्ण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वक्ताओं ने अपने सम्बोधन में कहा कि डा. भीमराव अम्बेदकर अपने जीवन पर्यन्त संघर्ष से भारत की आत्मा कहे जाने वाले दलितों एवं पिछड़ी जाति को हजारों वर्षों के सामाजिक शोषण से मुक्त कराया तथा उन्होंने भारत के संविधान में जो बातें उल्लेखित की है उनसे हम भारतीय खुली हवा में सांसे ले रहें हैं, संविधान निमार्ता ने हमें ऐसा अधिकार दिया है कि हम भारतीय अपनी भावना निःसंकोच एक दूसरे से व्यक्त कर सकने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि आज जरूरत इस बात की है कि हमें भी उनके बताये हुए मार्गो का अनुपालन करें तभी हम अपने संविधान एवं अपने देश तथा अपने अधिकारों की रक्षा कर सकेंगे। ड़ा अम्बेदकर ने देश से छूआ-छूत, उँच-नीच को जड़ से समाप्त करने का प्रण ले रखा था।

## श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर हनुमान चालीसा पाठ संपन्न

# श्री हनुमान जी महाराज की जयकारों से श्याम मंदिर गूंज रहा था

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जय हनुमान ज्ञान गुण सागर जय कपीस तिहुं लोक उजागर राम दूत अतुलित बल धामा अंजनि पुत्र पवनसुत नामा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को श्री हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ में श्री हनुमान जी महाराज की जयकारों से गूंज रहा था। श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर आज संध्या 27 वां श्री सुंदर कांड श्री हनुमान चालीसा पाठ समारोह का आयोजन भव्य रुप से भक्ति व उल्लास के साथ संपन्न हुआ। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री श्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर प्रत्येक मंगलवार को श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ होता है ।इसी श्रंखला में आज मंडल के वरिष्ठ सदस्य श्री रतन शर्मा ने परिवार संघ श्री हनुमान जी महाराज की अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा गुड़ चना केला फल का प्रसाद अर्पित कर सुगंधित इत्र चढ़ाकर अपनी मनोकामना का निवेदन किया। मंडल के उप मंत्री श्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान संपन्न करवाया। प्रसिद्ध पाठ वाचक श्री मनीष सारस्वत श्री ओम शर्मा व अन्य ने साज बाज के साथ श्री गणेश स्तुति करके श्री हनुमान चालीसा का पाठ प्रारंभ करके उपस्थित सैकड़ों भक्त जनों से श्री सुंदरकांड पाठ का संगीतमय पाठ करवाया। श्री सुंदरकांड हनुमान चालीसा का पाठ किया गया महाबली बजरंगबली की महाआरती तथा प्रसाद वितरण समारोह का समापन हुआ। इस अवसर पर सुरेश सरावगी विश्वनाथ नारसरिया श्रवण ढानढनिया गौरव अग्रवाल मोनू अनिल नारनौल राजकुमार पप्पू रतन शर्मा कमल लोहिया संजय सराफ अरुण शर्मा अरविंद सोमानी रौनक पोद्दार अन्य ने व्यवस्था व प्रसाद वितरण में सहयोग किया।



### शनिवार को श्री श्याम भंडारा

हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार 10 दिसंबर को 40 वा श्री श्याम भंडारा संध्या 5:00 बजे से होगा। श्री मोहनलाल खुटेटा परिवार के साथ भंडारे की सेवा निवेदित करेंगे। उपरोक्त सभी जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू में दी।

**कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।**
(समाज कल्याण शाखा)
Email ID - dswopalamau@gmail.com

**GeM Portal से दिव्यांग यंत्र/उपकरण क्रय हेतु अति अल्पकालीन निविदा से संबंधित सूचना**

वित्तीय वर्ष 2022–23 अन्तर्गत पलामू जिला के दिव्यांगजनों को दिव्यांग यंत्र/उपकरण मुहैया कराने हेतु जिला समाज कल्याण कार्यालय, पलामू के पत्रांक 1467/दिनांक 28.11.2022 के द्वारा दिव्यांग यंत्र/उपकरण का क्रय GeM Portal से कराने हेतु निविदा आमंत्रित करते हुए निविदा खोलने हेतु जिला स्तरीय निविदा निस्तारण समिति की बैठक दिनांक 09.12.2022 को अपराह्न 03:00 बजे से निर्धारित की गयी थी, परन्तु अपरिहार्य कारणों से जिला स्तरीय निविदा निस्तारण समिति की उक्त बैठक अब दिनांक 15.12.2022 को दोपहर 12:00 बजे से आहूत की जायेगी।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
पलामू।

PR 284364 Social Welfare,Women and Child Development(22-23)D

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**विज्ञापन**

**गवाहों को झारखण्ड विटनेस प्रोटेक्शन स्कीम 2019 के तहत राज्य सरकार करायेगी विशेष सुरक्षा मुहैया।**

माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा वर्श 2018 में देश के सभी राज्यों को 2019 के अन्त तक समस्त न्यायालयों में गवाहों के बयान दर्ज कराने के लिये परिसर बनाने व गवाहों को सुरक्षा मुहैया कराने को दिशा–निर्देश जारी किया गया था तथा विटनेस प्रोटेक्शन एक्ट को प्रभावी बनाने को कहा गया था जिसके अनुसरण में राज्य सरकार द्वारा झारखण्ड विटनेस प्रोटेक्शन स्कीम 2019 को पूरे राज्य में लागू कर दिया गया है, जिसका प्रचार–प्रसार हेतु माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड, रांची द्वारा डब्ल्यू0पी0 (पी0आई0एल0) नं0–2543/2022 (Court on its motion Vs The State of Jharkhand) की सुनवाई के दौरान निर्देश दिया गया है।

**साक्षी सुरक्षा योजना (विटनेस प्रोटेक्शन स्कीम) का उद्देश्य**

इस योजना को लागू करने का उद्देश्य है कि गवाह व शिकायतकर्ता बिना किसी धमकी अथवा प्रतिहिंसा से निडर होकर विधि प्रवर्तन संस्थाओं तथा जांच अधिकारियों के साथ न्यायिक प्रक्रिया में सहयोग कर सकें। साथ ही आपराधिक मामलों की जांच, अभियोजन और विचारण केवल इस कारण से पक्षपात पूर्ण न हो जाये कि संबंधित केस के शिकायतकर्ता/गवाह को हिंसक व अन्य आपराधिक प्रत्यारोपण के जरिये गवाही करने से रोका गया हो। यदि किसी केस में शिकायतकर्ताओं/गवाहों को दूसरे पक्ष के द्वारा डराया व धमकाया जाता है, तो झारखण्ड विटनेस प्रोटेक्शन स्कीम 2019 के तहत उनकी सुरक्षा का दायित्व राज्य सरकार तथा योजना में उल्लेखित अधिकारियों की है।

**योजना की विशेषताएँ:–**

1. यदि साक्षियों को धमकी दी जाती है अथवा किसी भी प्रकार की असुरक्षा की भावना पैदा कर उन्हें डरा, धमका कर झूठी गवाही देने पर विवश किया जा रहा है, तो ऐसे मामले में उन्हें सुरक्षा प्रदान की जायेगी।
2. यदि साक्षी/शिकायतकर्ता/गवाह को किसी भी प्रकार से डराया धमकाया जा रहा हैं, तो योजना के तहत उन्हें सुरक्षा में न्यायालय तक लाया जायेगा।
3. यदि यह संभव नहीं है, तो साक्ष्य/गवाही रिकॉर्ड करने के लिये आधुनिक संचार के साधनों का उपयोग किया जायेगा।
4. योजना के तहत हर केस में साक्षी के संरक्षण की जरूरतों को उनसे जुड़ी असुरक्षा तथा धमकी की आशंका के आधार पर देखा जाता है।
5. इस योजना के तहत साक्षी के परिवार जिसमें माता/पिता/अभिभावक/पति–पत्नी/लिव–इन– पार्टनर्स/भाई–बहन/बच्चों को भी जरूरत पड़ने पर सुरक्षा कवर प्रदान किया जाता है।
6. इस योजना के तहत साक्षी को किसी सुरक्षित मकान में अस्थायी आवास देने की भी व्यवस्था की गयी है।
7. संभावित खतरे को देखते हुये साक्षी को नई पहचान प्रदान करने की भी व्यवस्था है, जिसका प्रभाव उसकी सम्पत्ति पर मालिकाना हक इत्यादि पर नहीं पड़ेगा।
8. इस योजना के तहत साक्षी को दूर किसी अज्ञात स्थान पर भेज दिये जाने की भी व्यवस्था है, जो आशंकित खतरे के मद्देनजर किया जाता है।
9. इस योजना के तहत साक्षियों को सुरक्षा प्रदान किये जाने से संबंधित कई प्रकार के उपाय किये जाते हैं, जिनमें:–
   - साक्षियों को अभियुक्तों के सम्मुख जांच व विचारण के दौरान नहीं आने दिये जाना।
   - उनके ईमेल एवं फोन कॉल की मॉनिटरिंग करना तथा आवश्यकता पड़ने पर विशिष्ट नम्बर की व्यवस्था करना।
   - उनके निवास स्थान पर CCTV, सिक्योरिटी डिवाईस, अलार्म, फेंसिंग इत्यादि लगाना।
   - उनके पहचान को छुपाना या बदलाव करना।
   - नियमित रूप से उनके निवास स्थान पर पेट्रोलिंग करना इत्यादि शामिल हैं।

**साक्षी सुरक्षा योजना के तहत आवेदन कैसे करें ?**

झारखण्ड विटनेस प्रोटेक्शन स्कीम के तहत आवेदन सक्षम पदाधिकारी के कार्यालय में निर्धारित प्रपत्र में दायर किया जा सकता है।

**योजना के तहत झूठी शिकायत करने वाले गवाह के विरूद्ध शास्ति का भी प्रावधान है।**

पुलिस अधीक्षक
गढ़वा

PR 284322 Police (22-23)_D

## पेज एक के शेष

**रारज्य की जनता को बिजली...**

कहा कि पिछले कुछ हफ्तों से बिजली कटने की शिकायतें मिल रही हैं। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड राज्य में ऊर्जा क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण इकाई है। इसके जरिये ही पूरे राज्य में बिजली आपूर्ति की जाती है। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड उपभोक्ताओं को सुचारू बिजली उपलब्ध कराने निमित्त बेहतर कार्य योजना बनाकर व्यवस्था दुरुस्त करे।

**राज्य सरकार अपनी गारंटी पर जेबीवीएनएल को 750 करोड़ रुपये ऋण करायेगी उपलब्ध :** बैठक में यह निर्णय लिया गया कि बिजली जेनरेटिंग कंपनियों का बकाया भुगतान हेतु झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड को राज्य सरकार अपनी गारंटी पर पावर फाइनेंस कारपोरेशन से 750 करोड़ रुपये उपलब्ध करायेगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड को ऋण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर ली जाये ताकि बिजली जेनरेटिंग कंपनियों का बकाया भुगतान किया जा सके।

**शत-प्रतिशत बिजली बिल वसूली सुनिश्चित करें :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि बिजली बिल वसूली में किसी प्रकार की कोताही न बरती जाये। बिजली बिल कलेक्शन के लिए आधुनिक उपकरणों का उपयोग सुनिश्चित करें। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड अब बिजली बिल वसूली नगर विकास विभाग में कार्यरत एजेंसियों द्वारा नगर विकास विभाग के हाउस टैक्स कलेक्शन प्रणाली के आधार पर करेगी, इस निमित्त जल्द ही कार्य योजना तैयार की जायेगी। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड पूरे राज्य के शहरी क्षेत्रों में बिजली बिल वसूली करने के लिए नगर विकास विभाग के मॉडल एवं शर्तों के आधार पर कार्य सुनिश्चित करेगी ताकि ऊर्जा राजस्व में कोई नुकसान राज्य सरकार को न हो।

**व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने का निर्देश :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड को राज्य सरकार द्वारा वार्षिक विकास योजना मद में 200 करोड़ रुपये उपलब्ध कराये जाने पर अपनी सहमति दी। एडीपी मद से प्राप्त 200 करोड़ रुपये राशि का खर्च झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड द्वारा राज्य में ट्रांसफॉर्मर, पोल, तार इत्यादि व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए किया जायेगा।

**पेशकार 30 हजार घूस लेते...**

हुसैन ने अपनी गरीबी का हवाला देकर पैसे देने में असमर्थता जताई लेकिन पेशकार अशोक रिश्वत लेने के बाद ही काम करने को तैयार थे। वादी घूस नहीं देना चाहते थे और इसकी शिकायत एसीबी कार्यालय में करने पर उसका सत्यापन किया गया। मंगलवार की पूर्वाह्न करीब 11:45 बजे जैसे ही वादी ने घूस के 30 हजार पेशकार को दिये एसीबी की टीम ने उन्हें रंगे हाथ धर दबोचा।

**सड़क निर्माण कार्य में...**

जेसीबी में आग लगा दिया। साथ ही बिना आदेश का कार्य नहीं करने की चेतावनी भी दी। सड़क निर्माण कार्य 21 नवम्बर 2022 को शुरू किया गया था। संवेदक उमाशंकर सिंह व चंदू यादव ने घटना की सूचना पुलिस को दी। माओवादी के इस घटना से क्षेत्र में चल रहे विकास कार्य के संवेदको में बेचैनी बढ़ा दी है, सभी दहशत में हैं। इधर, घटना को लेकर थाना प्रभारी परमानंद मेहरा ने बताया कि गारो गांव में दो जेसीबी को आग लगाने की सूचना मिला है। घटनास्थल पर जाने के बाद ही घटना के बारे में कुछ कहा जा सकता है।

**2019 के बाद पांच गुना...**

संक्रमण काल के प्रथम चरण से ही प्रयास शुरू कर दिये थे। इस दौरान सरकार ने सखी मंडल की महिलाओं के उत्पाद को बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पलाश ब्रांड को लांच किया, जो अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है। ग्रामीण उत्पाद को वृहत बाजार उपलब्ध कराया गया। कोरोना संक्रमण काल यानि वर्ष 2020-21 में 16,71,724 ग्रामीण परिवारों को सखी मंडल से जोड़कर आजीविका प्रदान किया गया। वर्ष 2019-20 में 1,35,049, 2021-22 में 5,01,409 एवं वर्ष 2022-23 में अबतक 1,42,742 परिवारों को आजीविका से जोड़ा का चुका है।

**अभिनव सोच का मिला प्रतिफल :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सिर्फ सखी मंडल की महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु ही प्रयास नहीं किया, बल्कि फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान जैसी महत्वाकांक्षी योजना भी शुरू की ताकि फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान के जरिये दारू-हड़िया बिक्री एवं निर्माण कार्यों में महिलाओं की भागीदारी घटे और इससे जुड़ी ग्रामीण महिलाओं को इच्छानुसार वैकल्पिक सशक्त आजीविका का अवसर उपलब्ध कराया जा सके। इस अनूठी पहल का प्रतिफल है कि विगत तीन वर्ष में अबतक 24,801 महिलाएं फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान से जुड़कर आज सम्मानजनक आजीविका के जरिये अच्छी आमदनी कर रही हैं। सरकार इस कुप्रथा को समाप्त करने एवं ग्रामीण गरीब परिवारों को सखी मंडल, ग्राम संगठन एवं संकुल संगठन से जोड़कर उनकी वित्तीय जरूरतों को पूरा करते हुए सशक्त आजीविका से जोड़ने हेतु कृतसंकल्पित है।

**युवा पीढ़ी शौकिया देखा-देखी में...**

होने का खतरा 216 प्रतिशत तक होता है। जिनको सिगरेट पीने का नशा हो गया है, लत लग गयी है, उनको 56 तरह की बीमारी होने का खतरा होता है। इनमें से लगभग 50 रोग पुरुषों को तथा 24 रोग महिलाओं को शिकार बना सकते हैं। इनमें 22 बीमारियां मौत का कारण बन सकती हैं। बीमारियों में 10 ह्रदय रोग, 14 सांस संबंधी रोग, 14 कैंसर, पांच पेट संबंधित रोग और 13 डायबिटीज व मोतियाबिंद जैसी अन्य बीमारियां शामिल हैं। शोध के अनुसार जिन लोगों ने बीमारी होने से पहले धूम्रपान छोड़ा, उन्हें अगले 10 साल बाद रोगों का खतरा उतना ही था जितना नॉर्मल लोगों को होता है।

## न्यूज गैलरी

### दृष्टिबाधित आसिफ को बिना सहारे के 25 किमी दौड़ पूरी करने की उम्मीद

**कोलकाता (एजेंसी)।** दृष्टिबाधित मोहम्मद आसिफ इकबाल को उम्मीद है कि वह 18 दिसम्बर को होने वाली टाटा स्टील 25 किमी दौड़ को बिना किसी शारीरिक सहायता के पूरी करने में सफल रहेंगे। यह 46 वर्षीय धावक पिछले पांच वर्षों में कोलकाता में विभिन्न दौड़ में भाग ले चुका है और उन्हें लगता है कि अब बिना किसी शारीरिक मदद के 25 किमी दौड़ में भाग लेने का समय आ गया है। दौड़ के दौरान हालांकि उनके दो दोस्त भी उनके साथ रहेंगे। उनके पास एक वायरलेस स्पीकर होगा जो उनके कमर से बंधा होगा। इससे आसिफ को अपने साथियों की वास्तविक स्थिति का पता चल सकेगा। आसिफ ने कहा कि जब मैं 16 साल का था तब तक मेरी आंखों की रोशनी 50 प्रतिशत ही थी इसके बाद पूरी रोशनी चली गई। लेकिन इससे मुझे अपने लक्ष्य हासिल करने में बाधा नहीं आई। मैं पिछले पांच वर्षों से कोलकाता में विभिन्न दौड़ में हिस्सा ले रहा हूं। उन्होंने कहा कि मैं आंखों पर पट्टी बांधकर और बिना किसी शारीरिक मदद के दौड़ लगाऊंगा। मेरे साथी धावक ऑडियो के जरिए आसपास की स्थिति की जानकारी देंगे। इससे मुझे उनका अनुसरण करने और लक्ष्य तक पहुंचने में मदद मिलेगी। उनका लक्ष्य चार घंटे के अंदर 25 किलोमीटर दौड़ पूरी करना है।

### इंग्लैंड के दो खिलाड़ी आईसीसी के प्लेयर ऑफ मंथ के उम्मीदवारों की सूची में शामिल

**दुबई (एजेंसी)।** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर और आदिल राशिद को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने नवम्बर 2022 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ के उम्मीदवारों की सूची में शामिल किया है। आईसीसी द्वारा मंगलवार को जारी नवम्बर 22 के उम्दा खिलाड़ियों की सूची में बटलर और आदिल के अलावा पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीद शाह अफरीदी का नाम भी शामिल है। हाल ही में सम्पन्न टी-20 विश्व कप में जोस बटलर की शानदार कप्तानी की बदौलत इंग्लैंड को विजेता बनने का गौरव हासिल हुआ था, वहीं आदिल राशिद असरदार गेंदबाजी के लिये प्लेयर ऑफ द मंथ के उम्मीदवारों की सूची में शामिल हुए। विश्वकप जीतने से चूकने के बावजूद पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी ने अपनी खतरनाक स्विंग से बल्लेबाजों को खासा परेशान किया। आईसीसी महिला खिलाड़ी ऑफ द मंथ श्रेणी में, तीन सलामी बल्लेबाजों ने द्विपक्षीय क्रिकेट में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद नवंबर पुरस्कार के लिए अपना दावा पेश किया।

### हारिस राउफ की चोट के बाद पाकिस्तान टीम से जुड़ेंगे दो खिलाड़ी

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) दाएं पैर की जांघ में ग्रेड दो की चोट के कारण तेज गेंदबाज हारिस राउफ के मंगलवार को इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला से बाहर होने के बाद तेज गेंदबाजों मोहम्मद अब्बास और हसन अली को बाकी बचे दो टेस्ट के लिए पाकिस्तान की टीम से जोड़ने की तैयारी कर रहा है। इंग्लैंड के खिलाफ रावलपिंडी में पहले टेस्ट के दौरान इस प्रारूप में पदार्पण करने वाले 29 साल के राउफ ने पहले दिन सपाट पिच पर 13 ओवर गेंदबाजी की और वह काफी महंगे साबित हुए। बाद में क्षेत्ररक्षण करते हुए वह चोटिल हो गए। राउफ ने इसके बाद मैच में दोबारा गेंदबाजी नहीं की। इंग्लैंड ने सोमवार को पहला टेस्ट 74 रन से जीता। पाकिस्तान टीम में अब सिर्फ तीन तेज गेंदबाज बचे हैं जिसमें से मोहम्मद वसीम जूनियर को टेस्ट पदार्पण का इंतजार है जबकि मोहम्मद अली ने भी पहले टेस्ट के दौरान पदार्पण किया।

# रणजी ट्रॉफी में महिला अंपायरों को शामिल करने की तैयारी

## बीसीसीआई का एक और बड़ा कदम : पहली बार किसी रणजी सत्र में महिला करेंगी अंपायरिंग

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) महिला क्रिकेटरों के लिए बड़ा कदम उठाने जा रही है। वेतन समानता के बाद बोर्ड अब रणजी ट्रॉफी 2022-23 सत्र में महिला अंपायरों को शामिल करने की तैयारी में है। यह एक ऐतिहासिक क्षण है, क्योंकि यह पहली बार होगा जब किसी रणजी सत्र में महिला अंपायरिंग करेंगी। इससे पहले बीसीसीआई ने महिला क्रिकेटरों को पुरुषों के समान मैच फीस और आईपीएल शुरू करने की घोषणा की थी। वृंदा राठी, जननी नारायणन और गायत्री वेंगोपालन रणजी ट्रॉफी 2022-23 सीजन में अंपायरिंग करने के लिए तैयार हैं। जब तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन (टीएनसीए) ने अंपायर की भूमिका के लिए आवेदन आमंत्रित किए तो नारायणन ने सॉफ्टवेयर इंजीनियर की नौकरी छोड़ दी। न्यूजीलैंड के अंपायर कैथी क्रॉस के साथ मौका मिलने से पहले राठी मुंबई मेडेंस के लिए स्कोरर थी, जिसने उन्हें अंपायर बनने के लिए प्रेरित



किया। गायत्री क्रिकेटर नहीं बन सकीं, लेकिन बीसीसीआई के अंपायर की परीक्षा पास करने के बाद सेंटर स्क्वायर पर खेल को करीब से देखा। अब तीनों अंपायर रणजी सत्र में पदार्पण करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बीसीसीआई के अधिकारी ने एक मीडिया हाउस से बातचीत में कहा, 'आगे बढ़ते हुए महिलाओं को रणजी ट्रॉफी खेल में अंपायरिंग करने का मौका मिलेगा। यह तो केवल एक शुरुआत है। बीसीसीआई ने उन्हें पुरुषों के खेल में भी मौका देने का फैसला किया है। बीसीसीआई इसे लेकर जल्द ही आधिकारिक घोषणा करेगा। गौर हो कि इससे पहले बीसीसीआई द्वारा पांच टीमों के साथ महिला आईपीएल के पहले सत्र के आयोजन की योजना पर जानकारी सामने आई थी जो मार्च 2023 में होने की उम्मीद है। महिला आईपीएल के शुरूआती सत्र में 22 मैच खेले जाएंगे। एक फ्रेंचाइजी में अधिकतम 18 खिलाड़ियों में से छह विदेशी खिलाड़ी होंगे जबकि एकादश में अधिकतम पांच विदेशी खिलाड़ी खेल सकेंगे। वहीं, रिपोर्ट्स के मुताबिक बोर्ड ने महिला आईपीएल के लिए 400 करोड़ रुपए आधार मूल्य चिह्नित किया है।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में तैयारियों को परखेगी हरमन ब्रिगेड



**कोलकाता (एजेंसी)।** आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2023 से पहले कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय टीम नौ दिसम्बर से आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टी-20 श्रृखंला में अपनी तैयारियों को परखेगी। वीमेन इन ब्लू की निगाहें आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप पर टिकी हैं, लेकिन पहले ऑस्ट्रेलिया का सामना करना होगा, जिसने भारत को 2020 के विश्व कप के फाइनल में हराया था। दोनों टीमें चैंपियनशिप और टी-20 सीरीज की प्रबल दावेदार हैं। पांच मैचों की टी-20 सीरीज नौ दिसंबर से शुरू हो रही है और यह दोनों टीमों के लिए एकदम सही तैयारी होगी, क्योंकि वे अगले साल की शुरूआत में होनेवाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप के लिए लय हासिल करने की कोशिश करेंगी। एशिया कप 2022 के दौरान स्टार स्पोर्ट्स के शो फॉलो द ब्लूज पर हरमनप्रीत ने कहा, मेरे लिए, सभी खिलाड़ियों को एक साथ रखना बहुत महत्वपूर्ण है। मेरा मानना है कि सभी को अपने विचार साझा करने चाहिए और समान महत्व के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए। मुझे पता है कि कुछ खिलाड़ी टीम के लिए अच्छा कर सकते हैं, लेकिन आपको अभी भी अपने अन्य खिलाड़ियों की जरूरत है जो टीम के साथ हैं जिनके साथ भी समान व्यवहार करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कभी-कभी, कुछ खिलाड़ियों को ज्यादा तवज्जो की जरूरत होती है। इसलिए, एक कप्तान के रूप में यह मेरी जिम्मेदारी है कि मैं बाहर जाऊं और उनसे बात करूं कि वे कैसा महसूस कर रहे हैं और एक क्रिकेटर के रूप में वे कैसे सुधार कर सकते हैं।

### आईपीएल की टीमों से है बीबीएल को खतरा

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई बिग बैश लीग (बीबीएल) का 12वां संस्करण 13 दिसम्बर से शुरू होने जा रहा है और इस लीग का पहला मैच सिडनी थंडर और मेलबर्न स्टार्स के बीच खेला जाना है। वहीं, बीबीएल के नए सीजन के शुरूआत से पहले मैक्सवेल की इस लीग को लेकर एक बड़ी प्रतिक्रिया सामने आई है, उनका मानना है कि इस लीग को भी इंडियन प्रीमियर लीग की फ्रेंचाइजी टेकओवर कर लेगी। मैक्सवेल ने एक पॉडकास्ट में बातचीत करते हुए कहा कि मैं चाहता हूं कि बीबीएल में स्थानीय ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों को ज्यादा से ज्यादा मौके मिलना चाहिए, जिससे उन्हें एक्सपोजर मिल सके। हम देख रहे हैं कि दुनियाभर की लगभग सभी टी-20 लीग्स को आईपीएल फ्रेंचाइजी एक-एक करके टेक ओवर कर रही हैं। इसीलिए हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे स्थानीय प्लेयर्स को बीबीएल में ज्यादा मौके मिलें और इस खिलाड़ियों की अच्छी तरह से देखभाल की जानी चाहिए।

# दूसरा वनडे आज, श्रृंखला में बने रहने के लिए बड़े खिलाड़ियों से काफी उम्मीदें

**मीरपुर (एजेंसी)।** भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे एकदिवसीय में बुधवार को यहां मैदान में उतरेगी तो इस करो या मरो के मैच में उसे बड़े खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। बांग्लादेश ने लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रृंखला के पहले मैच में आखिरी विकेट के लिए 50 से अधिक रनों की अटूट साझेदारी कर शानदार जीत दर्ज की। भारतीय गेंदबाज पुछल्ले बल्लेबाजों को आउट करने में विफल रहे, लेकिन टीम को उनसे ज्यादा निराश शीर्ष क्रम के दिग्गज बल्लेबाजों ने किया। भारतीय टीम ने पिछली बार 2015 में बांग्लादेश में द्विपक्षीय श्रृंखला खेली थी जब महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में टीम तीन मैचों की श्रृंखला 1-2 से हार गई थी और एकमात्र जीत तीसरे



मैच में मिली थी। स्पिनर शाकिब अल हसन और मेहदी हसन मिराज एक बार फिर भारतीय बल्लेबाजों पर 11 से 40 ओवर के बीच शिकंजा कसे रखते हैं तो शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में इतिहास खुद को दोहरा सकता है। इस दौरान लोकेश राहुल को छोड़कर सभी भारतीय बल्लेबाजों ने संघर्ष किया। राहुल ने 70 गेंदों पर 73 रन की पारी खेली। वनडे विश्व कप में अभी भी 10 महीने बाकी हैं लेकिन यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि भारतीय टीम का दृष्टिकोण क्या होगा।

भारतीय टीम पिछले कुछ समय से बेखौफ होकर बल्लेबाजी करने की बात कर रही है, लेकिन इस योजना को कम मैचों मे ही आजमाया गया है। मीरपुर की पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी नहीं थी, लेकिन यह इतनी बुरी भी नहीं थी कि इसमें सिर्फ 186 रन बनाये जाये। इस श्रृंखला के लिए शुभमन गिल और संजू सैमसन जैसे युवाओं को आराम देने का तत्कालीन चयन समिति का निर्णय चौंकाने वाला रहा है। चयनकर्ताओं के पूर्व अध्यक्ष चेतन शर्मा द्वारा दिया गया तर्क यह था कि न्यूजीलैंड दौरे के बाद इन खिलाड़ियों को विश्राम दिया गया है। भारतीय शीर्ष क्रम के खिलाड़ियों के साथ मुख्य समस्या यह है कि वह शुरूआत में बहुत ज्यादा डॉट गेंद खेल रहे हैं। बांग्लादेश के खिलाफ मैच में भारतीय टीम ने 42 ओवर की बल्लेबाजी में लगभग 25 ओवर डॉट गेंद खेली। बाकी के आठ ओवर को भी जोड़ दे तो टीम ने लगभग 200 गेंदों पर एक भी रन नहीं बनाया।

### युवराज सिंह ने रोहित की कप्तानी की समीक्षा की

**मुंबई (एजेंसी)।** रोहित शर्मा ने इस साल की शुरूआत में सभी प्रारूपों में भारत के कप्तान के रूप में पदभार संभाला था, लेकिन वह कुछ वर्षों से सफेद गेंद वाली टीमों का नेतृत्व कर रहे हैं, समय-समय पर पूर्व कप्तान विराट कोहली के लिए खड़े रहे हैं। मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल में कई खिताब जीतने के बाद रोहित की कप्तानी की साख हमेशा ऊंची थी। बांग्लादेश के खिलाफ भारत श्रृंखला का पहला मैच बल्ले से खराब प्रदर्शन के बाद हार गया और जैसा कि नियम है, कई प्रशंसकों और पंडितों ने हार के लिए रोहित की कप्तानी की भी आलोचना की। हालांकि, पूर्व धमाकेदार ऑलराउंडर युवराज सिंह ने रोहित शर्मा की कप्तानी पर अपना रिव्यू दिया है और उन्हें 10 में से 10 अंक दिए हैं। दरअसल एक स्पोर्ट्स वेबसाइट ने सोशल मीडिया पर लोगों से रोहित शर्मा की कप्तानी को रेट करने के लिए कहा गया था। इस पर युवराज सिंह ने रिप्लाई करते हुए 10 में से 10 लिखा।

# ब्राजील से मिली हार के बाद दक्षिण कोरिया में बवाल, कोच को देना पड़ गया इस्तीफा



**ब्राजिलिया (एजेंसी)।** फीफा वर्ल्डकप 2022 के प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में दक्षिण कोरिया की टीम ब्राजील से हार गई है। दक्षिण कोरिया की हार के बाद टीम में बवाल मचा हुआ है। वहीं, टीम के कोच ने इस्तीफा दे दिया है। साउथ कोरिया के मैनेजर पाउलो बेंटो ने रिजाइन कर दिया है। दरअसल, फुटबॉल के कोच को मैनेजर कहा जाता है। हार की जिम्मेदारी लेते हुए साउथ कोरिया के मैनेजर ने पद छोड़ दिया है। फीफा वर्ल्डकप के प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में ब्राजील ने साउथ कोरिया को 4-1 से हराया है। मैच के 7वें मिनट में विनि जूनियर ने गोल दागकर ब्राजील को आगे कर दिया। इसके बाद 13वें मिनट में जूनियर नेमार ने गोल करके ब्राजील के लिए दूसरा गोल किया। इसके बाद रिचर्लिसन और लुकास ने भी टीम के लिए गोल किए। इस हार के बाद पुर्तगाल के रहनेवाले 53 साल के पाउलो बेंटो ने मैनेजर पद से इस्तीफा दे दिया है।

**कौन हैं पाउलो बेंटो :** मूल रूप से पुर्तगाल के रहनेवाले पाउलो बेंटो 2018 से साउथ कोरिया की टीम से जुड़े थे। हालांकि, पाउलो ने पद छोड़ने का कारण ब्राजील से मिली हार को नहीं बताया है। उनका कहना है कि उन्होंने कतर आने से पहले ही पद छोड़ने के बारे में दक्षिण कोरिया फुटबॉल फेडरेशन को जानकारी दे दी थी। पाउलो ने कहा कि अब वे अपने भविष्य के बारे में सोचना चाहते हैं। मैनेजर ने कहा कि वे चार महीने पहले ही दक्षिण कोरिया का साथ छोड़ने का मन बना चुके थे।

**36 मिनट में ब्राजील ने दागे चार गोल :** ब्राजील की टीम अब पूरे रंग में दिख रही है। ब्राजील के खिलाड़ियों ने मैच के दौरान सिर्फ 36 मिनट में ही चार गोल दाग दिये। ऐसा ही कुछ 1954 में ब्राजील के महान खिलाड़ी पेले के जमाने में हुआ था। यही कारण है कि ब्राजील की टीम ने जब साउथ कोरिया को हराया तो उन्होंने यह जीत महान फुटबॉलर पेले को समर्पित किया। वर्ल्डकप के नॉकआउट टूर्नामेंट 2014 के सेमीफाइनल के बाद ऐसा पहली बार हुआ जब पहले ही हाफ में चार गोल दागे गये थे। तब भी मुकाबले में ब्राजील की टीम थी, लेकिन वह गोल जर्मनी ने ब्राजील के खिलाफ किया था।

## फुल टाइम तक स्कोर था 1-1 , जीत के हीरो रहे क्रोएशिया के गोलकीपर डोमिनिक

# पेनॉल्टी शूटआउट में जीता क्रोएशिया जापान को हरा क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

**अल वकराह (एजेंसी)।** फीफा वर्ल्ड कप 2022 में प्री-क्वार्टर फाइनल का रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। पेनॉल्टी शूटआउट में क्रोएशिया ने जापान को 3-1 से हराया। फुल टाइम तक स्कोर 1-1 था। इसके बाद 30 मिनट के एक्स्ट्रा टाइम मिलने के बावजूद भी स्कोर लाइन में कोई चेंज नहीं आया। फुल टाइम के बाद पेनॉल्टी शूटआउट में क्रोएशिया जीता। जापान की ओर से डेजेन माइडा ने हाफ टाइम के ठीक पहले 43वें मिनट में गोल दाग। वहीं, क्रोएशिया के तरफ से 55वें मिनट में इवान पेरिसिच ने गोल किया। इसी के साथ जापान को प्री क्वार्टर फाइनल में हराने के बाद क्रोएशिया ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। जापान ने पहली पेनॉल्टी ली, लेकिन उन्होंने चांस मिस कर दिया, दूसरी में भी ऐसा ही हुआ। क्रोएशिया ने पहली और दूसरी



पेनाल्टी में स्कोर किया। जापान ने तीसरी पेनाल्टी में स्कोर किया। स्कोर 2-1 हो चुका था। इसके बाद तीसरी पेनॉल्टी में क्रोएशिया स्कोर नहीं कर सका। तीन पेनाल्टी के बाद स्कोर 2-1 था। चौथी पेनाल्टी जापान चूक गया और स्कोर 2-1 ही रहा। जीतने के लिए क्रोएशिया को इस पेनॉल्टी में स्कोर करना था। क्रोएशिया के मारियो पेसालिच ने शॉट लिया और स्कोर किया। इस तरह क्रोएशिया जीत गया।

**फुल टाइम तक क्रोएशिया का दबदबा :** फुल टाइम यानी 90 मिनट तक क्रोएशिया ने जापान पर दबाव बनाये रखा, लेकिन जापान ने भी हार नहीं मानी और क्रोएशिया को कड़ी चुनौती दी। क्रोएशिया ने टारगेट की तरफ 12 शॉट लिये वहीं, जापान ने 10 शॉट मारे। इसके साथ ही बॉल पजेशन में भी क्रोएशिया आगे रहा, उसने 57 फीसदी समय बॉल अपने पास रखी। वहीं, जापान ने 43 फीसदी समय बॉल को अपने पास रखा। क्रोएशिया ने जापान को सात कॉर्नर लेने के चांस दिये, लेकिन जापान ने क्रोएशिया को चार ही कॉर्नर लेने दिये।

**जापान ने पहले हाफ में लीड बनायी :** जापान ने पहले हाफ में गोल दागा। यह गोल जापान के डेजेन माइडा ने हाफ टाइम के ठीक पहले 43वें मिनट में दागा। जापान ने माइडा के गोल की वजह से 1-0 की लीड बना ली थी। जापान को मिले शॉर्ट कॉर्नर पर टीम के डोन ने योशिदा को पास दिया। योशिदा के हेडर पर बॉल माइडा के पास पहुंची और उन्होंने गोल दाग दिया। क्रोएशिया ने दूसरे हाफ में स्कोर बराबर किया। टीम के लिए 55वें मिनट में मिडफील्डर इवान पेरिसिच ने गोल किया। क्रोएशिया के डिफेंडर डंजेन लोवरेन ने गोल की तरफ क्रॉस दिया, इसके बाद पेरिसिच ने हैडर के जरिये बॉल को बॉक्स में पहुंचा दिया।

# खराब फॉर्म में चल रहे धवन की निगाह स्वीप शॉट में महारत हासिल करने पर

**मीरपुर (एजेंसी)।** पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे अनुभवी भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन अगले साल स्वदेश में होनेवाले वनडे विश्व कप की तैयारियों के तहत स्वीप शॉट और रिवर्स हिट पर काम कर रहे हैं। धवन पिछले नौ मैचों में केवल एक अर्धशतक बना पाए हैं और विश्व कप से पहले इस 37 वर्षीय बल्लेबाज का टीम में स्थान खतरे में लगता है। बांग्लादेश श्रृंखला के लिए टीम में शामिल नहीं किए गए शुभमन गिल को विश्वकप में कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज करने के लिए प्रबल दावेदार माना जा रहा है। भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने बांग्लादेश के खिलाफ बुधवार को होने वाले दूसरे वनडे से पहले धवन के साथ विशेष अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। धवन ने भारत के लिए करो या मरो जैसा बने इस मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि अधिक अभ्यास करना अच्छा होता है। इन परिस्थितियों में इन शॉट (स्वीप शॉट और रिवर्स हिट) को खेलने से मदद मिलती है। यहां तक की विश्व कप भी भारत में होगा जहां स्पिनर अपना प्रभाव छोड़ेंगे, वहां भी ये शॉट मददगार होंगे। मुझे इस तरह के शॉट खेलने में मजा आता है। इन परिस्थितियों में अभ्यास करना अच्छा रहा। धवन के रन बनाने के लिए जूझने के कारण भारत को हाल मे पावर प्ले में नुकसान हुआ है। बांग्लादेश के खिलाफ पहले वनडे में धवन ने 17 गेंदों पर सात रन बनाए और भारतीय टीम 41.2 ओवर में 186 रन पर आउट हो गई। धवन ने कहा कि यह पहला अवसर नहीं है जबकि हमने



श्रृंखला का पहला मैच गंवाया। यह सामान्य बात है। हम जानते हैं कि इन परिस्थितियों में वापसी कैसे करनी है। हम वापसी करने को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त हैं। बांग्लादेश का स्कोर एक समय नौ विकेट पर 136 रन था, लेकिन मेहंदी हसन और मुस्तफिजुर रहमान ने आखिरी विकेट के लिए 51 रन की अटूट साझेदारी करके अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। धवन ने कहा कि ऐसा अक्सर नहीं होता है लेकिन उन्होंने बहुत अच्छी बल्लेबाजी की। इसमें कोई शक नहीं कि बांग्लादेश ने अच्छी क्रिकेट खेली। उन्होंने कहा कि हमने समीक्षा की है कि हमें किन क्षेत्रों में सुधार करने की जरूरत है। निश्चित तौर पर आगामी मैचों में हम अधिक प्रभाव छोड़ेंगे। हम बेहद सकारात्मक हैं और अगला मैच खेलने के लिए उत्सुक हैं। धवन ने स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर के बारे में कहा कि जब से उसने वापसी की है वह वास्तव में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। यहां तक कि न्यूजीलैंड में भी उसने एक शानदार पारी खेली थी और अच्छी गेंदबाजी की थी। वह बहुत अच्छा ऑलराउंडर है। प्रभाव छोड़ने वाला एक स्पिनर और निचले क्रम में बल्लेबाजी करनेवाला उपयोगी बल्लेबाज। वह जितने अधिक मैच खेलेगा उतना उसके खेल में निखार आयेगा।